

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 मैं अपनी टीम के लिए स्ट्राइक रेट बनाए रखने की कोशिश कर रहा ... | प्रीति जिंटा का दिल टूट गया, 0 पर आउट हुए लियाम लिविंगस्टोन तो ... 11


वर्ष : 15 | अंक : 31 | नई दिल्ली, शनिवार, 11 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री ने बसवेश्वर की जयंती पर उन्हें दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कवि और समाज सुधारक बसवेश्वर की जयंती पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वह न्यायपूर्ण और समृद्ध समाज के उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। बसवेश्वर लैंगिक और जातिगत भेदभाव के खिलाफ थे। उन्हें लिंगायतवाद के उदय का मुख्य प्रेरक शक्ति माना जाता है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं बसव जयंती के विशेष अवसर पर जगद्गुरु बसवेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनके आदर्श लाखों लोगों के जीवन को रोशन करते हैं। हम न्यायपूर्ण और समृद्ध समाज के उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं भी दीं। एक पोस्ट में उन्होंने कहा, देश के समस्त परिवारजनों को अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं। परोपकार के लिए प्रेरित करने वाला यह पावन अवसर आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नया उत्साह लेकर आए, यही कामना है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, देश के समस्त परिवारजनों को भगवान परशुराम जयंती की असीम शुभकामनाएं। उनके आशीर्वाद से आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा का संचार हो।

### मुठभेड़ में अबतक 03 नक्सली ढेर, 1200 जवानों ने इलाके को घेरा

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीडिया के जंगल में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबल जवानों ने अबतक 03 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। इन नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। मौके पर कई बड़े नक्सली मौजूद हैं, जिन्हें सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षाबलों को पीडिया के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसमें हार्डकोर नक्सली कमांडर लिंगा, पापाराव सहित बड़े कैडर्स के नक्सलियों की इस कमेटी में डीकेएसजेड, डीव्हीसीएम एवं एसीएम कैडर के बड़े नक्सली लीडरों के शामिल होने की जानकारी थी। इस जानकारी पर तीन जिलों दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के सुरक्षा बल संयुक्त अभियान पर निकले और शुक्रवार सुबह पीडिया के जंगल में मुठभेड़ के बीच अब तक तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया है।

### उपेंद्र कुशवाहा ने काराकाट से दाखिल किया नामांकन

पटना। रोहतास जिले में एक जून को होने वाले मतदान को लेकर नामांकन के चौथे दिन काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने अपने नामजदगी का पर्चा दाखिल कर दिया। कुशवाहा ने नामांकन से पूर्व महायोगी पायलट बाबा धाम और मां ताराचंडी के दरबार में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद जिला मुख्यालय सासाराम में स्थापित विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद मांगा। वहीं, उपेंद्र कुशवाहा के नामांकन के दौरान भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद सह गोपाल नारायण सिंह, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया और अन्य मौजूद रहे। जिला समाहरणालय पहुंचते ही उपेंद्र कुशवाहा अपने प्रस्तावकों के साथ सीधे निर्वाचन हेल्प डेस्क पर पहुंचे। जहां बारी-बारी से सभी काउंटरों पर उनके फॉर्म आदि की जांच कर प्रस्तावकों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कक्ष में भेजा गया।

**आबकारी नीति घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली के सीएम को बड़ी राहत**

# केजरीवाल को एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत

## कोर्ट का शर्त : समर्पण कर दो जून को जेल में लौटना होगा

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय के नौ समन के बाद केजरीवाल की 21 मार्च को गिरफ्तारी हुई थी। करीब 50 दिन बाद उन्हें राहत मिली है। उन्हें यह राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तें लगाई हैं, जिनका उन्हें पालन करना होगा। केजरीवाल को समर्पण कर दो जून को जेल में लौटना होगा। उन्हें 50 हजार रुपये का मुचलका भरना होगा। आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी भूमिका पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकेंगे।

उन्हें अपने इस बयान का पालन करना होगा कि वे किसी भी आधिकारिक फाइल पर तब तक दस्तखत नहीं करेंगे, जब तक कि मामला उपराज्यपाल से मंजूरी हासिल करने जितना जरूरी न हो। मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय में नहीं जाएंगे। वे किसी भी गवाह से बात नहीं कर सकेंगे और मामले से जुड़े आधिकारिक दस्तावेजों को नहीं देख सकेंगे।



**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां :** केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत को उनके खिलाफ मामले से जुड़े गुण-दोष पर दी गई राय न माना जाए। केजरीवाल के खिलाफ गंभीर आरोप हैं, लेकिन वे अब तक दोषी करार नहीं दिए गए हैं। उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, न ही वे समाज के लिए खतरा हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समग्र और उदार दृष्टिकोण उचित है। केजरीवाल डेढ़ साल तक बाहर थे। उन्हें (ईडी द्वारा) पहले या बाद में गिरफ्तार किया जा सकता था, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

**केजरीवाल के बाहर आने पर चढ़ेगा सियासी पारा :** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद आम आदमी पार्टी समेत इंडिया गठबंधन में सियासी हलचल बढ़ गई है। माना जा रहा है कि गठबंधन के चुनावी कैंपेन को धार मिलेगी। इस दिशा में रणनीति तैयार करने का काम भी शुरू हो गया है। इसमें अभी तक के अभियान में बड़ा बदलाव होगा। जेल से रिहाई को आप की बड़ी जीत बताते हुए आप अपने प्रचार अभियान को आगे बढ़ाएगी। शुक्रवार शाम तिहाड़ जेल के सामने इसका नजारा भी दिखाई पड़ा। बड़ी संख्या में कार्यकताओं के पहुंचने से अंतरिम जमानत पर रिहाई को आप ने शक्ति प्रदर्शन में तब्दील कर दिया। वहीं, पार्टी कार्यालय ने लेकर मुख्यमंत्री आवास तक जश्न मनाया गया। दरअसल, 21 मार्च को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद से आप का चुनावी अभियान धीमा पड़ा था। इस बीच आप का सारा ध्यान केजरीवाल की रिहाई और ईडी को कटघरे में खड़ा करने पर रहा। पार्टी के सभी नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस से चुनाव का उठाने की कोशिश की। वहीं, मुख्यमंत्री की गैर-मौजूदगी में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मैदान में उतरना पड़ा और दिल्ली से लेकर गुजरात तक उन्होंने रोड शो किया। लेकिन पहली बार राजनीति में उतरी सुनीता केजरीवाल की मौजूदगी के बावजूद भी अभियान ज्यादा आक्रामक नहीं हो सका। दिल्ली समेत दूसरे राज्यों में वह भावानात्मक तौर से अपने अभियान को आगे बढ़ती रहीं।

**अभियान को धार मिलने की आप समर्थकों को उम्मीद :** अब अरविंद केजरीवाल के बाहर निकलने से अभियान को धार मिलने की आप समर्थकों को उम्मीद है। आक्रामक शैली के लिए मशहूर केजरीवाल के हाथ में अभियान होने से माना जा रहा है कि चुनाव अब जोर पकड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट से लगाई गई बंदिशों के बीच वह अपने अभियान को आगे बढ़ाएंगे। साथ में जरूरत के हिसाब से रणनीति भी बदलेगी। पार्टी रणनीतिकारों का मानना है कि चुनाव में अब समय कम है। ऐसे में बड़ी रैलियां कम होंगी। इसकी जगह लोगों से सीधा कनेक्ट होने के लिए रोड शो पर ज्यादा जोर रहेगा। केजरीवाल जहां भी होंगे, ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सीधा पहुंचने की कोशिश करेंगे। पहले दिल्ली व हरियाणा में, जहां चुनाव 25 मई को है, उसके बाद पंजाब में, जहां वोटिंग एक जून को होनी है।

**पीएम मोदी ने चुनावी सभा को किया संबोधित, विपक्ष पर बोला हमला**

# एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता : मोदी

प्रातः किरण

मुंबई/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नंदुरबार में कहा कि मैं वंचितों के अधिकारों का चौकीदार हूं। जब तक मोदी जिंदा है, तब तक एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने यह भी कहा कि कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोशिश की जा रही है। भाजपा नेता मोदी शुक्रवार को नंदुरबार में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार हिना गावित के समर्थन के लिए आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे।

पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत देवमोगरा माता, आदिवासी क्रांतिकारियों, जननायक की भूमि को नमन करते हुए की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कभी आदिवासियों की चिंता नहीं की। उन्होंने कहा है कि विपक्ष संविधान पर छुरा घोंप रहा है। कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस कर्नाटक मॉडल को पूरे देश में लागू करने की कोशिश कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेसी युवराज के गुरु अमेरिका में रहते हैं। उन्होंने भारतीय लोगों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी की है।



द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना कांग्रेस को स्वीकार नहीं। कांग्रेस पार्टी का एजेंडा खतरनाक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि इसका खुलासा राहुल गांधी के गुरु ने किया है।

पीएम मोदी ने कहा कि बारामती चुनाव के बाद महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार मुश्किल में हैं। पवार पिछले 40-50 साल से राजनीति में हैं। वे बारामती चुनाव के बाद वे चिंतित हैं। इसलिए उन्होंने एक बयान दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे लगता है कि शरद पवार को कई लोगों से विचार करने के बाद ही ऐसा बयान देना चाहिए था। यदि वे 4 जून के बाद सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन में जीवित रहना चाहते हैं तो उन्हें छोटी पार्टियों को कांग्रेस में विलय करना होगा। इस बयान का मतलब है कि नकली शिवसेना और नकली एनसीपी कांग्रेस में विलय का फैसला करेंगे।

**हिंदू आस्था को खत्म करने की साजिश:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि नकली राकांपा और शिवसेना ने चार जून के लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद कांग्रेस में विलय करने का मन बना लिया है लेकिन उन्हें इसके बजाय अजित पवार और एकनाथ शिंदे के साथ मिल जाना चाहिए। उत्तर महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि वह इतने हताश और निराश हो गए हैं कि उनको लगता है कि अगर चार जून के बाद राजनीतिक जीवन में टिके रहना है तो छोटे-छोटे राजनीतिक दलों को कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि हिंदू आस्था को खत्म करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे के गुरु ने अमेरिका से कहा है कि राम मंदिर और रामनवमी का त्योहार भारत की अवधारणा के खिलाफ है। मोदी ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण का लाभ प्रदान करना संविधान में निहित मूल्यों और सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने कहा, जब तक मोदी जीवित है, मैं दलितों, आदिवासियों, ओबीसी का आरक्षण धर्म के आधार पर मुसलमानों को नहीं देने दूंगा।

# किसी में दम नहीं कि आरक्षण को खत्म कर दे : राजनाथ

प्रातः किरण

दुमका/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी में दम नहीं है कि वो आरक्षण खत्म कर दे। राजनाथ सिंह शुक्रवार को दुमका के यज्ञ मैदान में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ ने पीएम नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी का सपना भारत की गरीबी मिटाने का है। उन्होंने कहा कि शायद ही कोई व्यक्ति यहां मौजूद होगा जिसे पांच किलो अनाज नहीं मिलता है। साथ ही कहा कि मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से पांचवें स्थान तक ले कर गई है। राजनाथ



सिंह ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्रियों ने जेल की हवा खाई है। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विपक्ष भाजपा के ऊपर आरक्षण खत्म करने का झूठा आरोप लगाता है लेकिन मैं कहता हूं कि आरक्षण कभी खत्म नहीं होने देंगे।

रक्षा मंत्री ने हुंकार भरते हुए कहा कि किसी के माई के लाल में दम नहीं की आरक्षण को खत्म कर दे। उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आपका आरक्षण कोई खत्म नहीं कर सकता है। राजनाथ ने कहा कि झारखंड की जनता गरीब जरूर हो सकती है लेकिन उसके साथ स्वाभिमानी भी है। उन्होंने कहा कि किसी राज्य के मुख्यमंत्री 24 घंटे तक गायब हो गए थे। मैं भी यूपी का मुख्यमंत्री रहा लेकिन ऐसा कभी नहीं किया।

साथ ही कहा कि हेमंत सोरेन ने सीएम रहते राज्य की जनता के स्वाभिमान से खेलने का काम किया है। इसका सबक सिखाना है। स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने का बदला सीता सोरेन के पक्ष में वोट कर जीताना है। वोट की चोट से झामुमो सरकार को सबक सिखाना है।

# 15 अगस्त को बेरोजगारी से आजादी दिलाने की होगी शुरूआत : तेजस्वी

प्रातः किरण

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव केन्द्र सरकार पर लगातार हमलावर बने हुए है। शुक्रवार को तेजस्वी यादव का दावा है कि अगर तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनते हैं तो वो संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण खत्म हो जाएगा। तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा है कि ठेठ बिहारी किसी से डरते नहीं है। हम लोग एकदम खांटी बिहारी है किसी भी गीदड़ भभकी से डरे वाला नहीं है। एक बिहारी गुजराती से डरता है भला। कहा है कि, राजनीति और चुनाव में धर्म की बात नहीं, कर्म की बात होनी चाहिए। प्रधानमंत्री जी ने 10 सालों में बिहार के लिए क्या कर्म किया है वो बताएं? उनके बिहार में



40 में 39 सांसद हैं, बताएँ बिहार के लिए कौन सा काम किया? वहीं तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो वो जनता के भलाई के लिए हर एक काम को करेंगे। उनकी सराकर बनती है तो इसी 15 अगस्त को बेरोजगारी से आजादी दिलाने की शुरूआत होगी। सब काम जनता के लिए होंगे। । गैस सिलेंडर का दाम 500 कर देंगे, अग्निवीर योजना को समाप्त करने के साथ ही आने वाले अगस्त माह में रक्षाबंधन के पावन पर्व से गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देगी। वहीं, नेता प्रतिपक्ष ने एक बार फिर चिराग पासवान को नसीहत दी है। तेजस्वी ने कहा है कि चिराग पासवान को कुछ भी बोलने से पहले अपने पापा के भाषण को सुनना चाहिए कि उनके क्या विचार थे और वह कितने बड़े जननेता थे। रामविलास जी गरीबों के नेता थे और हमारे आदरणीय थे। उन्होंने हमेशा सच को सच ही कहा है। तो चिराग को उनके पुराने भाषण को सुनकर कुछ सीखना चाहिए। तेजस्वी ने कहा कि मोदी के रहते आरक्षण मजबूत हुआ है, यह बातें चिराग पासवान कहते हैं, जो खुद एक संपन्न दलित हैं। उनको इसके बारे में कुछ सोचना चाहिए। मोदी जी ने चिराग पासवान के साथ जो भी किया, वह उन्हें भी याद रखना चाहिए। मोदी सरकार ने चिराग पासवान के पिता जी की मूर्ति को फेंकवाया और उनके घर को खाली करवाया। उनकी पार्टी का जो सिंबल बंगला था, उसको छीनने का काम किया है। इतना ही नहीं, घर में चाचा-भतीजे में लड़ाई भी लगवाई। इसके बाद भी चिराग पासवान मोदी जी के हनुमान बने हुए हैं, तो उनके बारे में क्या कहा जा सकता है? इसके आगे तेजस्वी ने कहा कि कोई भी स्वाभिमानी व्यक्ति होता तो मोदी जी के साथ नहीं रहता। लेकिन पता नहीं चिराग पासवान को क्या हो गया है ? हालांकि चिराग पासवान जी स्वतंत्र हैं। वह किसी के साथ भी रह सकते हैं। लेकिन मेरा तो यही मानना है कि अभी आरक्षण के बारे में चिराग पासवान को पूरी जानकारी नहीं है।

# यौन उत्पीड़न मामला : बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को पांच महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न, पीछा करने, महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने और आपराधिक धमकी देने के आरोप तय किए। अदालत ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं। अदालत ने सह-अभियुक्त विनोद तोमर के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 के तहत आपराधिक धमकी के अपराध के लिए भी आरोप तय किए हैं। विनोद तोमर डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने आदेश पारित किया है। अदालत ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख सिंह पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354ए (यौन उत्पीड़न), 354 (शील भंग करना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत अपराध में आरोप तय किए है। हालांकि, छठे पहलवान द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में बृजभूषण शरण सिंह को आरोपमुक्त कर दिया। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। उनकी शिकायतों के आधार पर पुलिस ने सांसद के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की थी। 15 जून 2023 को पुलिस ने सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (शील भंग करना), 354ए (यौन टिप्पणी), 354डी (पीछा करना) और 506(1) (आपराधिक धमकी) के तहत अपराध के लिए आरोप पत्र दायर किया था। शिकायतकताओं ने पहले सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच सही रास्ते पर है। बृजभूषण सिंह पर एक नाबालिग पहलवान ने भी आरोप लगाए थे। हालांकि, बाद में उसने अपनी शिकायत वापस ले ली और दिल्ली पुलिस ने उस मामले में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो अधिनियम) के तहत क्लोजर रिपोर्ट दायर की।

# झारखंड में केवल भाजपा ही घुसपैठ पर रोक लगा सकती है : शाह

प्रातः किरण

खूंटी/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो नीत गठबंधन भूमि, खनन और मनरेगा घोटालों में शामिल रहा है लेकिन भाजपा गरीबों का पैसा नहीं लूटने देगा। श्री शाह शुक्रवार को खूंटी के कचहरी मैदान में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि घुसपैठ के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदल गई है। आदिवासी युवतियों को प्रेम जाल में फंसा कर उनकी जमीन पर कब्जा जमाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही घुसपैठ पर रोक लगा सकती है। श्री शाह ने कहा- मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस अपने शासनकाल में एक भी आदिवासी को राष्ट्रपति क्यों नहीं बना पाई। उन्होंने



कहा कि भाजपा ने आदिवासियों को सम्मान देने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमर शहीद बिरसा मुंडा को पूरे देश में सम्मान दिलाने का काम किया।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के बूढ़ा पहाड़ को माओवाद की समस्या से मुक्त कराया। कांग्रेस ने 70 साल तक राम मंदिर बनाने में अवरोध पैदा किए, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी ने पांच साल में राम मंदिर का निर्माण करा दिया। कहा कि राहुल गांधी राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं आए, क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक का डर था। उन्होंने पिछले 5 साल के दौरान खूंटी में किए गए विकास कार्यों की चर्चा करते हुए अर्जुन मुंडा को एक बार फिर से जीत दिलाने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खूंटी में नल जल के माध्यम से लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाएगा। सभा को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष करिया मुंडा समेत अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में मास्टर माइंड सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

पटना/एजेंसी। बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण टीआरई-3.0 के पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराधी इकाई ने मामले के मास्टरमाइंड सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध इकाई ने यह गिरफ्तारी मध्य प्रदेश के उज्जैन जिला से किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मास्टरमाइंड डॉक्टर शिवकुमार उर्फ शिव उर्फ बिट्टू सहित बल्ली उर्फ संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, तेज प्रकाश और सौम्या कुमारी भी शामिल है।

इस मामले में आर्थिक अपराधी इकाई का कहना है कि इस पूरे मामले में घटना का मास्टरमाइंड डॉक्टर शिवकुमार उर्फ शिव उर्फ बिट्टू के गिरोह के द्वारा प्रश्न पत्र लिखकर कांड को अंजाम दिया गया है। ईओयू का कहना है कि डॉ शिव पूर्व में भी 2017 में नीट यूजी के परीक्षा पत्र लीक कांड का अभियुक्त रहा है। इस मामले में पत्रकार नगर थाना में कांड संख्या 224/17 के तहत 7 मई 2017 को उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में उसके साथ उसका सहयोगी शुभम मंडल उर्फ शिवम मंडल भी था। शुभम मंडल उर्फ शिवम मंडल खगौल थाना क्षेत्र के अफसर कॉलोनी निवासी सुशील मंडल का पुत्र है। यह दोनों मिलकर कई महत्वपूर्ण सरकारी संस्थाओं की प्रतियोगिता परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक/फजीवाड़ा के कांडों को अंजाम देते थे।

**चुनाव** | **लोगों में उत्सव सा माहौल, साधु संत मंत्रोच्चार से करेंगे स्वागत : नितिन**

# प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर तैयारी जोरों पर, कई स्थानों पर की जाएगी पुष्पवर्षा

प्रातः किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 12 मई को पटना में होने वाले रोड शो को लेकर भाजपा जुटी हुई है। यह रोड शो डाक बंगला के श्रीराम चौक से शुरू होगा। बिहार के मंत्री नितिन नवीन ने आज यहां विश्वास जताया कि पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो मोदी शो बनेगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस शो को उत्सवी बनाने में भाजपा के साथ पटना के लोग भी जुटे हुए हैं।

मीडिया सेंटर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री श्री नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह रोड शो डाक बंगला के श्रीराम चौक से शुरू होगा और एच बी वर्मा रोड, एक्जीविशन रोड, चौराहा से उमा सिनेमा होते हुए कदमकुआँ, शहीद सम्मेलन, ठाकुरबाड़ी रोड और फिर उद्योग भवन पहुंचेगा जहां यह कार्यक्रम समाप्त होगा। उन्होंने बताया



कि इस दौरान लोकगीत, भारतीय संस्कृति के गीत और राष्ट्र गीत बजेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा के अलावा करीब 30 स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्रधानमंत्री का अभिवादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह रोड शो नहीं विकास का हुंकार है। सुशासन का जयजयकार है। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री का यह रोड शो होगा। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी लोग 4.30 बजे तक निश्चित स्थान ले लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोगों की इच्छा अपने प्रधानसेवक के स्वागत करने की है। मंत्री श्री नवीन ने आगे कहा कि यह शंखनाद होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर उत्सवी माहौल है। उन्होंने कहा कि साधु संत भी राममन्दिर निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री के अभिवादन की इच्छा व्यक्त की है। साधु संत भी मंत्रोच्चार से प्रधानमन्त्री का स्वागत करेंगे।

उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर पुष्पवर्षा की जाएगी तो कई स्थानों पर आरती की जाएगी। गंगा आरती भी इस दौरान दिखेगा। उन्होंने कहा कि लोगों का मानना है कि पिछला दस साल में कई कार्य किये गए है, जिसे लेकर सभी लोग उत्साहित हैं। प्रेस वार्ता को विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री का शो में विकास का विश्वास और पटना के समावेश दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि इसको लेकर पटना में उत्साह है। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, उपाध्यक्ष संजय खंडेलिया, प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा तथा सुनील सेवक उपस्थित रहे।

**भाजपा महिला मोर्चा ने किया नमो मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को लेकर शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा की ओर से मौयालोंक कॉम्प्लेक्स में नमो मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों पर मेहंदी से मोदी संग बिहार लिखवाया। कई महिलाओं ने एक हाथ में मोदी संग बिहार तो दूसरे हाथ में कमल का फूल बनवाया।

महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर उत्साह चरम पर है। हर कोई अपने यशस्वी प्रधानमंत्री को नजदीक से देखना चाहता है। भाजपा महिला मोर्चा की महिला कार्यकर्ताओं ने बताया कि नमो मेहंदी कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों के बीच संदेश दिया जा रहा है कि बिहार मोदी के रंग में रंगा हुआ है। लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत होगी। सभी 40 सीटों पर एनडीए की जीत होगी।

# मोदी फिर से प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे : राहुल

प्रातः किरण

कन्नौज/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि नरेन्द्र मोदी फिर से देश के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे और लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सबसे बड़ी हार होगी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां एक चुनावी रैली में इसके साथ ही कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस का उत्तर प्रदेश में तूफान आ रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कन्नौज में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा ह्यह्ययह लिखित में ले लें कि नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री



नहीं बनेंगे। अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस के घटक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने भी कन्नौज में चुनावी रैली को संबोधित किया। कन्नौज संसदीय सीट के लिए लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा।

# केदारनाथ और गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के खुले कपाट, चारधाम यात्रा के शुभारंभ पर पीएम मोदी ने बधाई

**रूड़की, एजेंसी।** केदारनाथ और गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट आज शुक्रवार को विधि -विधान के साथ खोल दिए गए हैं। कपाटोद्घाटन के मौके पर तीनों धामों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। केदारनाथ और गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ ही आज से चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बधाई दी। भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ धाम के कपाट वेद मंत्रोच्चार के बीच शुभ लग्न पर सुबह सात बजे खुले। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित कई गणमान्य लोगों ने दर्शन किये। साथ ही हजारों श्रद्धालु कपाटोद्घाटन साक्षी बने। इस दौरान हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। शुक्रवार को सुबह 6 बजे से ही मंदिर में कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू की गई। सुबह 6.30 बजे केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, धाम के लिए नियुक्त मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग परंपराओं का निर्वहन करते हुए मंदिर में पहुंचे। रावल भीमाशंकर लिंग ने कहा कि भगवान केदारनाथ छह



माह अपने धाम में विराजमान हो गए हैं। अब, बाबा के भक्त छह माह तक अपने आराध्य के दर्शन और पूजा-अर्चना धाम में ही करेंगे। उन्होंने भगवान केदारनाथ से देवभूमि उत्तराखंड और समस्त भारतवर्ष की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत ठीक 7 बजे शुभ लग्न में भगवान केदारनाथ धाम के कपाट खोले गए। इस मौके पर पूरा केदारनाथ क्षेत्र बाबा के जयकारों से गूंज उठा। मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग ने बाबा केदार को समाधि रूप से जागृत किया और पूजा-अर्चना करते हुए अन्य परंपरा का निर्वहन किया। इसके बाद बाबा केदार के दर्शनों के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा -देवभूमि उत्तराखंड के पवित्र चार धाम यात्रा के शुभारंभ की बहुत-बहुत बधाई। बाबा केदारनाथ धाम समेत चारों धामों की यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए एक ऐसी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा है, जिससे उनकी आस्था और भक्ति को नई स्फूर्ति मिलती है। इस यात्रा पर निकले सभी भक्तों और श्रद्धालुओं को मेरी ढेरों शुभकामनाएं। जय बाबा भोलेनाथ! सुबह सात बजे केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद 10-29 पर यमुनोत्री धाम के कपाट खुले। चारधामों में प्रथम यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। शीतकालीन पड़ाव खरसाली से ढोल-दमाऊ की थाप और होम गार्ड के बैंड धुन के साथ सुबह सवा छह बजे मां यमुना की डोली धाम के लिए रवाना हुई। धाम पहुंचते ही मां यमुना की विशेष पूजा अर्चना के बाद विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में 10-29 बजे धाम के कपाट खोले गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने यमुना मां के दर्शन कर सुख-समृद्धि के लिए मनौतियां मांगी।धाम के लिए रवाना हुई। जानकीचट्टी से पांच किमी का पैदल मार्ग तय कर डोली यात्रा करीब 10 बजे यमुनोत्री धाम पहुंची। शुक्रवार तड़के ही यमुनोत्री धाम के कपाट उद्घाटन के लिए यमुना के शीतकालीन पड़ाव खरसाली खुशीमठ स्थित यमुना मंदिर में पूजा अभिषेक शुरू हो गया था। मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में सवा छह बजे मंदिर से मां यमुना की डोली बाहर लाई गई। जो अपने भाई शनि महाराज की डोली के साथ श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ यहां मां यमुना की विशेष पूजा अर्चना संपन्न की गई। बाद में विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में ठीक 10-29 बजे यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस अवसर पर धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने गर्म जल कुंडों में स्नान कर मां यमुना के दर्शन किए।

## संक्षिप्त समाचार

### प्राधिकरण की टीम चार्टन लॉज क्षेत्र में पहुंची, निरीक्षण कर निर्माण कार्य रोके

**नैनीताल, एजेंसी।** मल्लीताल चार्टन लॉज क्षेत्र में अवैध निर्माण कार्यों की सूचना के बाद बृहस्पतिवार की सायं प्राधिकरण की टीम सचिव विजयनाथ शुक्ल के नेतृत्व में क्षेत्र में पहुंची। जहां उन्होंने अवैध निर्माण कार्य को रोक दिया। साथ ही उन्होंने अतिक्रमण करने वालों को फटकार लगाई। वहीं ऊर्जा निगम को अवैध निर्माण करने वालों का कनेक्शन काटने के निर्देश दिए। जल्द ही सुपरवाइजरों की जिम्मेदारी तय करते हुए क्षेत्रवार अवैध निर्माणों की सूची तैयार की जाएगी। प्राधिकरण सचिव विजय नाथ शुक्ल ने बताया कि मरम्मत की आड़ में लोग अवैध निर्माण कर रहे हैं। जबकि पूर्व में ही मरम्मत की अनुमति स्थगित कर एक अनुमति निरस्त कर दी गई थी। शिकायत मिलने के बाद बृहस्पतिवार की सायं को क्षेत्र में निरीक्षण किया गया है। जहां अवैध निर्माण होता पाया गया है। जिसके चलते इकबाल अहमद को निर्माण कार्य स्वंय तोड़ने के निर्देश दिए। वहीं भुवन जोशी के पास भूमि के न तो कोई दस्तावेज मिले और न ही निर्माण कार्य की प्राधिकरण से अनुमति। उन्होंने बताया कि उक्त निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है। सुपरवाइजरों को क्षेत्रवार सूची बनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। प्राधिकरण सचिव विजयनाथ शुक्ल ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर जाकर अवैध निर्माण कार्य को रोक दिया गया है।

### अनियमितताएं पाए जाने पर चार निजी अस्पतालों पर कार्रवाई

**काशीपुर, एजेंसी।** अनियमितताएं पाए जाने पर काशीपुर के चार निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। शासन ने ईएसआई चिकित्सा सुविधा को निलंबित कर अस्पतालों को अपना पक्ष रखने के लिए एक महीने का समय दिया है। दरअसल काशीपुर समेत प्रदेश के कई निजी अस्पतालों में अभी तक आयुष्मान योजना के तहत होने वाले इलाज में विभिन्न अनियमितताएं पाई जा चुकी है। जांच में खामियां पाए जाने पर कई निजी अस्पतालों को योजना से बाहर कर दिया था। साथ ही उनसे रिकवरी भी की गई थी। बाद में फिर उन्हें योजना में शामिल कर लिया गया। बुधवार को कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवाएं उत्तराखंड की निदेशक दीप्ति सिंह ने आदेश जारी कर कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुबंधित चिकित्सा संस्थानों द्वारा यूटीआई पोर्टल पर जमा किए गए देयकों की समीक्षा की गई थी। जिसमें अनुबंधित चिकित्सा संस्थानों से प्राप्त चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों में भर्ती के मामलों में आने वाले उपचार का व्यय सामान्य से कहीं अधिक पाया गया है। इस पर काशीपुर के बाजपुर रोड स्थित आयुष्मान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आस्था मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल सितारगंज, प्रयास हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर सितारगंज, नीलकंठ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल हल्द्वानी को ईएसआई के तहत चिकित्सा सुविधा से निलंबित किया गया है।

### शिक्षा अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर की जांच, छात्रा के बयान किए दर्ज

**काशीपुर, एजेंसी।** जीजीआईसी में प्रवेश नहीं होने से क्षुब्ध छात्रा के जहरीला पदार्थ खाने के मामले में जांच शुरू हो गई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने शिक्षिकाओं को तलब करने के बाद अस्पताल जाकर पीड़ित छात्रा के बयान दर्ज किए। इस दौरान छात्रा का प्रवेश कराने और किसी भी छात्र-छात्राओं को प्रवेश से वंचित नहीं रखने के निर्देश दिए गए। बुधवार को ग्राम पैगा निवासी एक छात्रा ने जीजीआईसी महुआखेड़ा गंज में 9वीं में प्रवेश नहीं होने पर क्षुब्ध होकर पॉलिश खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। अमर उजाला में समाचार प्रकाशित होने पर शिक्षा विभाग में खलबली मच गई। बृहस्पतिवार सुबह साढ़े 9 बजे ही प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, प्रभारी बीईओ धीरेंद्र कुमार साहू और राइंका जोशी मझरा के रवेंद्र कुमार के साथ जीजीआईसी महुआखेड़ा गंज पहुंच गए। उन्होंने प्रधानाचार्य दीप्ति मधुकर, शिक्षिका नीलम शर्मा, क्लास टीचर अंजू गौतम से मामले की जानकारी ली। इसके बाद अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर छात्रा का हाल जाना और उसके और पिता के बयान दर्ज किए। देर शाम तक शिक्षा अधिकारियों ने काशीपुर बीआरसी में घटना की रिपोर्ट तैयार कराई।

## आस्था और उत्साह...अफसर हेलीकॉप्टर से पहुंचे केदारनाथ, भक्त बाबा के सहारे चढ़ते गए धाम





**हरिद्वार, एजेंसी।** केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले ही शासन-प्रशासन के बेहतर सुरक्षा इंतजामों की पोल खुल गई है। स्थिति यह थी कि सारे अधिकारी तो हेलीकॉप्टर से धाम पहुंच गए, लेकिन पैदल यात्रियों की सुध लेने वाला कोई नहीं था। डीजीसीए की टीम ने जिस तरह से हेलीपैड का हवा हवाई निरीक्षण किया वह भी सवालों के घेरे में है। केदारघाटी के गुप्तकाशी, मैखंडा, फाटा सहित आठ स्थानों से हेलिकॉप्टर सेवाओं का संचालन होना है, लेकिन हाईवे से लगे हेलीपैड पर यात्री व्यवस्थाओं का कोई इंतजाम नहीं है। स्थिति यह रही कि डीजीसीए की टीम के निरीक्षण के साथ शासन-प्रशासन और अन्य महकमों के आला अधिकारी भी हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंच गए, लेकिन पैदल मार्ग से धाम जाने वाले बाबा के भक्तों को क्या-क्या दिक्कतें हो रही रही हैं इसे सुनने व देखने वाला पूरे पैदल मार्ग पर कोई सक्षम अधिकारी नहीं मिला। केदारनाथ यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवा हमेशा ही सवालों के घेरे में रही है। बताया जा रहा है कि अब तक केदारनाथ यात्रा के लिए 40 हजार से अधिक यात्री हेली टिकट करवा चुके हैं, लेकिन यात्रा शुरू होने के एक दिन पहले गुप्तकाशी से सोनप्रयाग के बीच हाईवे से लगे हेलीपैड पर यात्री इंतजाम एक भी नहीं दिखे। हेलीकॉप्टर टिकट को लेकर दिल्ली से पहुंचे सुनील सोलंकी, झारखंड के नवदीप ने बताया कि हेलीकॉप्टर सेवा कब से शुरू होगी इसके बार में उन्हें कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। नोडल अधिकारी राहुल चौबे से संपर्क करने के बाद उनसे बातचीत नहीं हो पाई। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर छोटी लिनचौली से बड़ी लिनचौली के बीच तीन हिमखंड पसरे हैं। यहां पर रास्ते की बर्फ साफ कर दी गई है।

## रुद्रपुर के जय लोहनी ने जीता कांस्य

**रुद्रपुर, एजेंसी।** आबूधाबी (यूएई) में आयोजित यूथ एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप में देश का परचम लहराते हुए हल्द्वानी के युवराज सिंह खाती ने रजत पदक व रुद्रपुर के जय लोहनी ने कांस्य पदक हासिल किया। जुड़्जित्सु एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर के महासचिव व मुख्य प्रशिक्षक ऋषि पाल भारती ने बताया कि ओलिंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) की ओर से अधिकृत जुड़्जित्सु इंटरनेशनल फेडरेशन (जेजेआईएफ) व जुड़्जित्सु एशियन यूनियन (जेजेएयू) के नेतृत्व में चार से नौ मई तक आबूधाबी (यूएई) में यूथ एशियन जूड़्जित्सु चैंपियनशिप आयोजित हुई। इसमें एशिया से 24 देशों के 683 खिलाड़ियों ने भाग लिया। देश की ओर से 27 खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में भारतीय जू ड़्जित्सु टीम ने चार पदक (दो रजत व दो कांस्य पदक) जीते। इसमें हल्द्वानी के युवराज सिंह खाती अंडर 18 आयुवर्ग के (48 किग्रा) की जुड़्जित्सु फाइटिंग में रजत



पदक, रुद्रपुर शहर के जय लोहनी ने अंडर 18 आयुवर्ग के (48 किग्रा) की जुड़्जित्सु फाइटिंग में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी तरह राजस्थान की श्वेता यादव ने अंडर 21 आयु वर्ग की (70 किग्रा ) की जूड़्जित्सु फाइटिंग में कांस्य पदक, असम की लैंग कुंग एडम ने अंडर 21 आयु वर्ग की (48 किग्रा) की जुड़्जित्सु फाइटिंग में कांस्य पदक जीते। हल्द्वानी की रिद्धिमा नेगी और देहरादून के अश्मित मुंगरा ने टॉप फॉर में अपना स्थान प्राप्त किया। कोच की भूमिका में अमित अरोरा, एमआर शाहिद, शेट्टी बालकृष्ण शामिल रहे। इस उपलब्धि पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विनय कुमार जोशी, महासचिव अमित अरोड़ा, इंडियन जु-जित्सु टीम कोच एमआर शाहिद, उत्तराखंड की अध्यक्ष रसिका सिद्दीकी, ऊधमसिंह नगर डीएसओ जानकी कार्की, जिला जु-जित्सु संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, किशोर सिंह आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## ट गेस्ट हाउस के लिए बनाए जा रहे मार्ग का निर्माण रुकवाया

**ऋषिकेश, एजेंसी।** कोठारी मोहल्ला के क्षेत्रवासियों ने देहरादून एयरपोर्ट बाउंड्री के बाहर से बनाए जा रहे स्टेट गेस्ट हाउस के मार्ग का काम बृहस्पतिवार को रुकवा दिया। इससे पहले बुधवार को भी बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया था। हालांकि, क्षेत्रीय विधायक मौके पहुंचे और लोगों को आश्वासन दिया कि उनका रास्ता इससे बंद नहीं होगा। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन बंद कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि 2006-07 में एयरपोर्ट विस्तारीकरण के कारण उनके पांच रास्ते बंद किया जा चुके हैं। एयरपोर्ट के अंदर स्थित स्टेट गेस्ट हाउस तक मार्ग निर्माण के लिए ग्रामीणों के कच्चे मार्ग को पक्का कर नया मार्ग बनाया जा रहा है। आशंका है कि मार्ग बनाए जाने के बाद पूर्व की तरह इस मार्ग को भी बंद किया जा सकता है। आशंकित ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को मौके पर जाकर प्रदर्शन किया और मार्ग का निर्माण रुकवा दिया। निवर्तमान सभासद राजेश भट्ट ने कहा कि महिलाएं और ग्रामीण मार्ग निर्माण का विरोध नहीं कर रहे हैं। पूर्व में कोठारी मोहल्ले, बागी, सैनिक मोहल्ले और बिचली जौलीग्रांट के गांव के रास्ते बंद किए जा चुके हैं इसलिए स्थानीय लोगों को आशंका है कि इस मार्ग को भी वीआईपी मार्ग बताकर बंद कर दिया जाएगा। भाजपा नेता संपूर्ण सिंह रावत ने कहा कि 2006-07 से लेकर अब तक कोठारी मोहल्ले, बागी आदि के लिए एक भी रास्ता नहीं बन पाया। पुष्कर सिंह, जयप्रकाश, सुभाष भट्ट, विशाल भट्ट, विक्रम, सपना, प्रीति, कुंवारा देवी, ममता, मधु, संगीता, सीता, सपना, विमला, पुष्पा, विनीता, शांति, जयंती आदि मौजूद रहे।

## बैरक में चल रही थी शराब पार्टी...नशे में थे सिपाही, लोगों से धक्का-मुक्की; अब तीन सस्पेंड

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** जसपुर कोतवाली के पतरामपुर चौकी की बैरक में बाहरी लोगों को बुलाकर शराब पार्टी करने के बाद शराब के नशे में लोगों से उलझना और धक्का मुक्की करने के मामले में एसएसपी ने कड़ा संज्ञान लिया है। एसएसपी ने शराब के नशे में पाए गए एक सिपाही सचिन कुमार को सस्पेंड किया है। जबकि उसके साथ शराब पीने के बाद मौके से भागे दूसरे सिपाही सुभाष चौधरी और हंगामे में बीच बचाव नहीं करने पर निगरानी मुंशी अनिल को सस्पेंड किया गया है। इसके अलावा तीन दिन से चौकी नहीं जा रहे चौकी इंचार्ज संदीप शर्मा को सस्पेंड किया गया है। एसएसपी ने बताया कि सचिन का मेडिकल कराया गया और वह शराब के नशे में पाया गया था। एसएसपी ने बताया कि सचिन ने चार बाहरी लोगों के साथ बाजपुर कोतवाली में सम्मन तामिल की ड्यूटी में तैनात सुभाष को शराब पार्टी में बुलाया था। चौकी इंचार्ज तीन दिन से रुद्रपुर में चल रही ट्रेनिंग में था और ट्रेनिंग के बाद वापस चौकी जाने के बजाय रुद्रपुर में रुक रहा था। इसके लिए उसने सीओ, एएसपी और एसएसपी से अनुमति नहीं ली थी। बताया कि एक गांव में दो पक्षों में विवाद के बाद एक पक्ष के व्यक्ति को कांस्टेबल अनिल और सचिन चौकी ले कर आए थे। जब संभ्रांत लोग चौकी आए तो उनके साथ सचिन ने बदसलूकी की थी। सुभाष ने उसका साथ दिया। अनिल ने मौके पर बीच बचाव नहीं किया। बताया कि अगर पब्लिक के लोग प्रार्थना पत्र देते हैं तो एफआईआर करेंगे।

## जय केदारनाथः बाबा के सहारे चढ़ी भक्तों ने चढ़ाई, कपाट खुलते ही मिट गई थकान..फिर जयकारों से गूंजा धाम

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** श्रद्धालुओं के लिए आज केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए गए हैं। कपाटोद्घाटन के पावन क्षण के हजारों श्रद्धालु साक्षी बने। इस दौरान श्रद्धालुओं के उत्साह और आस्था की जो तस्वीरें सामने आई वह यकीनन उल्लास और उमंग से भर देने वाली थीं। बाबा के सहारे श्रद्धालुओं ने चढ़ाई चढ़ी और कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की सारी थकान मिट गई। फिर बाबा केदार की जयकारों से धाम गूंज उठा। केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी। आज विधि-विधान से सुबह सात बजे केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुल गए हैं। इस दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। हजारों श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ पहुंची है। वहीं यमुनोत्री के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। केदारनाथ धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर सीएम धामी अपनी पत्नी संग मौजूद रहे और बाबा केदार का आशीर्वाद लिया। केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह मुहूर्त में श्रद्धालुओं के लिए खोले गए, लेकिन इससे पहले ही शासन-प्रशासन के



बेहतर सुरक्षा इंतजामों के दावों की पोल खुल गई। स्थिति यह थी कि सारे अधिकारी तो हेलीकॉप्टर से धाम पहुंच गए थे और पैदल यात्री की सुध लेने वाला कोई नहीं था। डीजीसीए की टीम ने जिस तरह से हेलीपैड का हवा हवाई निरीक्षण किया वह भी सवालों के घेरे में है। केदारघाटी के गुप्तकाशी, मैखंडा, फाटा सहित आठ स्थानों से हेलिकॉप्टर सेवाओं का संचालन होना है, लेकिन हाईवे से लगे हेलीपैड पर यात्री व्यवस्थाओं का कोई इंतजाम नहीं है। डीजीसीए की टीम के निरीक्षण के साथ शासन-प्रशासन और अन्य महकमों के आला अधिकारी भी हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंच गए।

## नलकूप खराब...टैंकरों से प्यास बुझा रहे शहरवासी, गर्मी में पानी की मांग बढ़ी

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी में बृहस्पतिवार को जल संस्थान का कॉल टैक्स का नलकूप खराब हो गया। वहीं सिंचाई विभाग के तीन नलकूप बीते चार दिनों से खराब चल रहे हैं। लोगों को गर्मी में डिमांड अधिक होने के चलते पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया। बढ़ती गर्मी के कारण नलकूपों के खराब होने का सिलसिला जारी है। बृहस्पतिवार को जल संस्थान का कॉल टैक्स का नलकूप खराब हो गया। वहीं सिंचाई विभाग के तीन नलकूप बीते चार दिनों से खराब चल रहे हैं। विभाग की ओर से खराब हो रहे नलकूपों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जल संस्थान की ओर से टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति कराई गई लेकिन गर्मी में डिमांड अधिक होने के चलते पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया। जल संस्थान के नलकूपों के बाद अब सिंचाई विभाग के नलकूपों के खराब रहने से लामाचौड़, गौलापार और पदमपुर निगल्टिया में पानी का संकट शुरू हो गया है। वहीं ग्रामीण इलाकों में टैंकर भी पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिसके चलते पेयजल समस्या बनी हुई है। नलकूप खंड के एई उमेश कुमार ने बताया कि खराब नलकूपों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नलकूपों को ठीक कर इनसे पानी बांटने की व्यवस्था करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जल संस्थान की ओर से संकटग्रस्त इलाकों में टैंकर भेजकर पानी बांटा जा रहा है। बृहस्पतिवार को जल संस्थान ने 10 टैंकरों से गौला गेट, दमुवाढूंगा, हिम्मतपुर,



बजूनिया हल्दू, कुसुमखेड़ा और बच्चीनगर में पानी बांटकर आपूर्ति कराई जबकि जयपुर पाडली, गौलापार, पदमपुर निगल्टिया समेत कई ग्रामीण इलाकों में लोगों को निजी टैंकर मंगवाना पड़ रहा है। घोड़ाखाल मार्ग पर चल रहे डामरीकरण के कार्य के दौरान पाइप लाइन टूट गई। जिससे दो दिन से ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीण एक किमी दूर पानी लाने को मजबूर हैं। लोनिवि के जेई कमल पाठक ने बताया कि पेयजल लाइन टूटने का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। ठेकेदार और साइट इंजीनियर से बातकर पेयजल लाइन सही करा दी जाएगी। कालाढूंगी क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था से नाराज विधायक बंशीधर भगत ने बृहस्पतिवार को पेयजल निगम और जल संस्थान के अधिकारियों की बैठक ली। नगर पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में विधायक ने पानी व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने स्पष्टीकरण मांगा। जल निगम के जेई देवेंद्र आर्या ने बताया कि पेयजल लाइनों को जोड़ने का कार्य चल रहा है, जिस कारण थोड़ी दिक्कत हो रही है। उन्होंने 15 दिन को मोहलत मांगी।

## विवि परिसर में यूसर्क बनाएगा प्लांट टिश्यू कल्चर लैब

**ऋषिकेश, एजेंसी।** श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर यूसर्क अब प्लांट टिश्यू कल्चर लैब बनाएगा। इसका कार्य शीघ्र पूरा कर संचालन शुरू कर दिया जाएगा। यह जानकारी मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभाग में आयोजित छात्रों के साथ विज्ञान संवाद कार्यक्रम में दी गई। बृहस्पतिवार को उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (यूसर्क) की निदेशक प्रो. अनीता रावत और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओपी नौटियाल ने छात्रों से विज्ञान संवाद किया। यूसर्क निदेशक ने छात्र-छात्राओं को उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र की ओर से संचालित कार्यक्रम और अनुसंधान के बारे में जानकारी दी। कहा कि समय के साथ शिक्षा एवं अनुसंधान कार्यों में हर दिन नए आयाम जुड़ रहे हैं। छात्रों को सीखने की प्रवृत्ति जागृत करनी होगी। उन्होंने बताया कि यूसर्क की ओर से प्लांट टिश्यू कल्चर लैब बनने जा रही है। डॉ. ओपी नौटियाल ने कहा कि विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान समाज में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं। ये विभिन्न विषयों में शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से नई ज्ञान की खोज और विकास को प्रोत्साहित करती हैं।

# सत्यमेय जयते, अब तानाशाही का होगा अंत-आप

## अरविंद केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं-एक सोच है, अब इस सोच को और तेजी के साथ आगे लेकर बढ़ेंगे- भगवंत मान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सीएम अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के लिए आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद किया है। आप इसे सत्य की जीत बताते हुए कहा कि अब तानाशाही का अंत होगा। सीएम केजरीवाल लोकसभा चुनाव में प्रचार कर पाएंगे। कोर्ट के निर्णय पर सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने खुशी व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा कि हनुमान जी की जय। यह लोकतंत्र की जीत है। लाखों-करोड़ों लोगों की दुआओं और आशीर्वाद का फल है। सभी को कोटि कोटि धन्यवाद। वहीं, पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कोर्ट का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई को और शिद्दत के साथ लड़ेंगे। अरविंद केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं, एक सोच है और अब इस सोच को और तेजी के साथ आगे लेकर बढ़ेंगे। जबकि आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सत्यमेव जयते बताया। उधर, सांसद संजय सिंह ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। आज सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आया है। लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अरविंद केजरीवाल को अंतरिम राहत देना एक बहुत ही स्वागत योग्य फैसला है। हम सब लोग इसका स्वागत करते हैं। अब पूरे देश में एक सकारात्मक वातावरण बनेगा। देश के प्रधानमंत्री और भाजपा के अन्याय, अत्याचार और तानाशाही का अंत होगा। अब देश केजरीवाल का कमाल देखेगा। उन्होंने एक्स पर कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नही। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत है। तानाशाही का अंत होगा। अब देश केजरीवाल का कमाल देखेगा।

हम मिलकर लडेंगे और लोकतंत्र-संविधान को बचाकर देश को और मजबूत करेंगे- गोपाल राय

आप दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का महापर्व होता है। इस लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह से तीन-तीन बार के प्रचंड बहुमत से चुने हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को केंद्र की मोदी सरकार ने चुनाव प्रचार करने से वंचित किया था, आज सुप्रीम कोर्ट ने इस देश और लोकतंत्र से मोहब्बत करने वाले लोगों के दिलों में एक उम्मीद की किरण जगाई है। हम दिल्ली के सभी लोगों, देश के संविधान प्रेमियों और पूरी आम आदमी पार्टी की तरफ से सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने इस तानाशाही के अंधकार युग में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देकर एक उजाले की रोशनी जलाई है। आज दिल्ली ही नही, बल्कि पूरा देश इस फैसले से खुश है। देश इस बात से प्रफुल्लित है कि इन विपरीत परिस्थितियों में भी जिन स्वतंत्रता सेनानियों की कुबार्नी के दम हमें भारत का संविधान मिला और लोकतंत्र के अलग-अलग स्तंभ बने, वो आज भी इस तानाशाही के युग में अपनी भूमिका को बनाए हुए है। इसके लिए तहे दिल से बहुत-बहुत शुक्रिया करते हैं। यह सत्य की जीत हुई है। क्योंकि जिस तरह से बिना किसी सबूत और एफआईआर के अचानक मुख्यमंत्री अरिवंद केजरीवाल को उठाकर जेल में डाला गया, आज सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत मिलने से एक बात साबित हुई है कि आज सत्य की जीत हुई है और लोगों में एक उम्मीद की किरण बंधी है। गोपाल राय ने कहा कि सभी दिल्ली और देशवासियों को हमारा यही संदेश है कि जिस तरह से हमने लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से मिलकर पूरे देश में अपने वोट की ताकत से देश से तानाशाही को खत्म करके लोकतंत्र और संविधान को बचाने का अभियान चलाया है, वो अरविंद केजरीवाल के बाहर आने से और मजबूत होगा। पूरे देशवासी मिलकर इस लडाई को लड़ेंगे और लोकतंत्र व संविधान को बचाकर इस देश को और मजबूत करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सत्य के साथ-साथ लोकतंत्र और संविधान की भी विजय हुई है- आतिशी इस दौरान आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सिर्फ सीएम अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत नहीं मिली है, बल्कि सत्य की विजय हुई है। इस फैसले से लोकतंत्र और संविधान की विजय हुई है। हमारे देश के इतिहास में जब-जब संविधान और लोकतंत्र खतरे में आया है, तब-तब देश का सुप्रीम कोर्ट सामने आया है। लोकतंत्र की रक्षा करने में सुप्रीम कोर्ट ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। आज भी सुप्रीम कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव प्रचार में आने के लिए जो अंतरिम जमानत दी है, इस फैसले से लोकतंत्र की रक्षा होगी। क्योंकि लोकतंत्र हमारे देश का सबसे बड़ा सिद्धांत है। लोकतंत्र में फ्री एंड फेयर चुनाव हमारे संविधान की नींव है। देश मे हर व्यक्ति के पास चुनने का बराबरी का अधिकार है। आतिशी ने कहा कि आज इस देश में तानाशाही की सरकार है। एक ऐसी सरकार जो देश में विपक्ष को खत्म करने की साजिश कर रही है। यह सरकार देश से लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है। लेकिन इस बार इस तानाशाही का अंत होगा और 2024 के लोकसभा चुनाव में ही होगा। मैं एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करना चाहती हूं। मैं देश के लोगों से अपील करना चाहती हूं कि इस देश को अपने लोकतंत्र को और अपने संविधान को बचाने के लिए यह आखरी मौका है। इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि हम सबको मिलकर अपने वोट की ताकत से ऐसी तानाशाही को खत्म करना है। वहीं, आतिशी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, आज सत्य की विजय हुई है, संविधान की विजय हुई है। भाजपा ने इस देश में लोकतंत्र को खत्म करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## हत्या के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार



नई दिल्ली। पूर्वी जिले के हर्ष विहार इलाके में हुए एक व्यक्ति की बीती रात में हुई हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपितों को उप्र और हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार यह वारदात सात मई की रात में हुई थी, जिसमें पीड़ित को गंभीर हालत में जीटीबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जब पुलिस टीम अस्पताल पहुंची तो वहां बबलू सिंह नाम का व्यक्ति मिला। उनसे पुलिस को बताया कि अपने पड़ोसी जगतपाल को घायल अवस्था में घर के बाहर पड़ा हुआ देखा तो तुरंत उसे अस्पताल में लेकर आ गया था। लेकिन उसका पड़ोसी किस वजह से घायल हुआ, इसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं थी। पता चला कि घायल जगतपाल मंडोली के मिलन गार्डन स्थित गली नंबर 2 में रहता था। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि उसे गंभीर चोट आई है। उसकी छाती के बाएं हिस्से पर वार किया गया था। बाद में जगतपाल की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मौके पर क्राइम टीम और एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया और वहां से जरूरी सबूत इकट्ठा किए गए थे। डीसीपी डॉक्टर जॉय टीर्की के निर्देश पर एसएचओ ज्ञानेश्वर सिंह, हेड कांस्टेबल अनुज शशांक की टीम पुलिस टीम ने इस मामले में छानबीन करते हुए सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपित को गिरफ्तार करने में कामयाब हुई। इनकी पहचान रोहित उर्फ रायता, मेजर और सूरज के रूप में हुई। सूरज को हरियाणा के सोनीपत से और बाकी दो को उप्र से पकड़ा गया। इनसे चाकू, मोबाइल और वारदात के दौरान पहना गया कपड़ा बरामद कर लिया गया। पुलिस इस मामले में पूछताछ कर हत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## केजरीवाल को लेने घर से रवाना हुईं पत्नी सुनीता, तिहाड़ जेल पहुंचा रिलीज ऑर्डर

- हाईकोर्ट से भी खारिज हुई थी याचिका अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी के समय को गलत बताते हुए इसे चुनौती दी थी।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली शराब घोटाला केस में गिरफ्तार हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने ईडी द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इसी याचिका की सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा था कि वह चुनाव प्रचार को देखते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने पर विचार कर सकता है। उसी जमानत पर आज सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। सुनीता केजरीवाल तिहाड़ जेल के लिए रवाना हो गई हैं। तिहाड़ पहुंचा रिलीज ऑर्डर दिल्ली के मुख्यमंत्री की रिहाई के आदेश की कॉपी तिहाड़ जेल पहुंच चुकी है। इस आदेश के पहुंचने के बाद ही केजरीवाल की रिहाई की कार्रवाई जेल में शुरू होगी। 1 जून तक मिली अंतरिम जमानत सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए उनको 1 जून तक अंतरिम जमानत


### उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाए आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम: 1.** सहायक मंडल अभियंता जींद के आधीन दिल्ली भटिंडा अनुभाग लेवल क्रॉसिंग संख्या पर 87 और 88 एल.एच.एस के जल जमाव को रोकने के लिए मार्गो को कवर हेतु कार्य। (निविदा संख्या 02-W-IV-24-25)<br>**2.** सहायक मंडल अभियंता रोहतक के आधीन दिल्ली भटिंडा अनुभाग लेवल क्रॉसिंग संख्या पर 83 और 84 एल.एच.एस के जल जमाव को रोकने के लिए मार्गो को कवर हेतु कार्य निर्माण हेतु कार्य। (निविदा संख्या 16-W-IV-24-25)<br>3. सहायक मंडल अभियंता जाखल के आधीन एल.एच.एस. संख्या 203, 216, 226, 228, 233, 235, 145, 147,149,153,161,170 और 200 के बचे कार्य और सोक वेल, एप्रोच की सतह, बढ़ती एप्रोच दीवारें और वॉटर प्रूफिंग प्रदान करने हेतु कार्य। (निविदा संख्या 17-W-IV-24-25)<br>**4.** सहायक मंडल अभियंता जींद के आधीन एल.एच.एस. संख्या 93,106, 118 और 123 पर सोक वेल प्रदान करके एप्रोच की सतह, एप्रोच दीवारों को ऊपर उठाना और वॉटर प्रूफिंग और एल.एच.एस..142 की एप्रोच दीवार के निर्माण का संतुलन कार्य और एलएचएस की वॉटर प्रूफिंग द्वारा विभिन्न एल.एच.एस. में सुधार हेतु कार्य। (निविदा संख्या 18-W-IV-24-25)<br>**5.** सहायक मंडल अभियंता जाखल के आधीन अनुभाग में डिजाइन मोड के लिए यार्ड में सुधार और ट्रैक (अनुदैर्ध्य और पार्श्व) का पूर्व और बाद का सर्वेक्षण हेतु कार्य। (निविदा संख्या 20-W-IV-24-25)<br>**6.** सहायक मंडल अभियंता रोहतक के आधीन एल.एच.एस. संख्या 93,106, 118 और 12 एल.एच.एस. संख्या 23,26 और 82 पर सोक वेल, एप्रोच की सतह, एप्रोच दीवारों को ऊपर उठाने और वॉटर प्रूफिंग प्रदान करके विभिन्न एल.एच.एस. में सुधार हेतु कार्य। (निविदा संख्या 22-W-IV-24-25)<br>**7.** सहायक मंडल अभियंता रोहतक के आधीन रोहतक-पानीपत अनुभाग लेवल क्रॉसिंग संख्या पर 10,15,17 और 22 एल.एच.एस के जल जमाव को रोकने के लिए मार्गो को कवर हेतु कार्य। (निविदा संख्या 23-W-IV-24-25)<br>**8.** सहायक मंडल अभियंता रोहतक के आधीन एप्रोच की सरफेसिंग, एप्रोच की दीवारों को ऊपर उठाने और वॉटर प्रूफिंग प्रदान करके विभिन्न एलएचएस में सुधार हेतु कार्य। (निविदा संख्या 24-W-IV-24-25) | |
| 2. | अनुमानित लागत | (1) Rs. 17028723.10 (2) Rs. 18108767.46 (3) Rs. 27278284.70 (4) Rs. 17611483.31 (5) Rs. 17899279.71 (6) Rs. 8805160.45 (7) Rs. 35787352.95 (8) Rs. 9208768.77 |
| 3. | धरोहर राशि | (1) Rs. 235200.00 (2) Rs. 240600.00 (3) Rs. 286400.00 (4) Rs. 238100.00 (5) Rs. 239500.00 (6) Rs. 176100.00 (7) Rs. 328900.00 (8) Rs. 184200.00 |
| 4. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय कार्य 17.05.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 31.05.2024 को 15:00 बजे. |
| 5. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्रसंख्या:128-डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 02,16,17,18,20,22,23&24-डब्लू-4-24-25
दिनांक: 08.05.2024 1420/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एंटी नारकोटिक सेल ने दो इंटरस्टेट ड्रग्स पेडलर को किया गिरफ्तार, छापेमारी में 78 किलो गांजा बरामद



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पूर्वी दिल्ली की एंटी नारकोटिक सेल ने दो अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान गाजियाबाद निवासी प्रदीप गुप्ता और प्रदीप मिश्रा के रूप में हुई। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। वहीं, आरोपी के खिलाफ गाजीपुर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। एडिशनल डीसीपी अवनीश कुमार ने बताया कि सक्रिय ड्रग्स तस्करों की गिरफ्तारी के लिए एंटी नारकोटिक्स सेल की एक टीम का गठन किया गया था। टीम में इंस्पेक्टर अरुण कुमार, एसआई राहुल, एसआई अरुण, एएसआई विशेष पाल, एएसआई देवेंद्र, हेड कांस्टेबल प्रदीप शर्मा, हेड कांस्टेबल विवेक, हेड कांस्टेबल अरुण कुमार, हेड कांस्टेबल देवेंद्र, हेड कांस्टेबल लखन, हेड कांस्टेबल देवेश कुमार, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार और कांस्टेबल कौशल को शामिल किया गया। इस बीच एसीपी यशवंत की देखरेख में काम कर ही गठन टीम को सूचना मिली थी कि इलाके में गांजे की सप्लाई करने वाला एक तस्कर गाजीपुर पेपर मार्केट में आने वाला है। इस सूचना के बाद पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास मौजूद प्लास्टिक बैग से 24 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं, पूछताछ में प्रदीप ने बताया कि वह गाजियाबाद का रहने वाला है और वहां से भी गांजे की बिक्री करता है। इसके तहत प्रदीप के मकान में छापेमारी की गई, जहां से 31 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

प्रदीप गुप्ता ने बताया कि नोएडा में रहने वाले प्रदीप मिश्रा से गांजा खरीदता था। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर गाजियाबाद के विजय विहार इलाके से प्रदीप मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। प्रदीप मिश्रा से पूछताछ करने के बाद उसके नोएडा स्थित घर में छापेमारी की गई, जहां से 23 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ। प्रदीप मिश्रा ने बताया कि वह ओडिशा से गांजा लाकर दिल्ली एनसीआर में सप्लाई किया करता था। पुलिस के मुताबिक, प्रदीप गुप्ता के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हो चुका है। जबकि, प्रदीप मिश्रा के खिलाफ अब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं था। प्रदीप मिश्रा मूल रूप से बिहार के छपरा का रहने वाला है, वह आईटीआई कर चुका है। पुलिस को अब तक 78 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद हो चुका है।

# जिला पंचायत राज अधिकारी ने किया उच्च प्राथमिक विद्यालय रहरा का औचिक निरीक्षण

- कम उपस्तिथि पर जतायी नाराजगी, बिना ड्रेस के मिले छात्र -छात्राएं

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा/हसनपुर ।शिक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए कलम के सिपाहियों द्वारा अभियान चलाने की बाबत जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व बेसिक शिक्षा अधिकारी मोनिका के निर्देश अनुक्रम मे नौनीहालों के शैक्षिक भविष्य को देखते हुए सख्त रवैया अपनाया हुआ है, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी के आदेश अनुक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी पारूल सिसोदिया ने रहरा स्थित उच्च उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया, वहीं विद्यालय मे नामांकन की बाबत कम उपस्थिति के सापेक्ष विद्यालय के प्रधानाध्यापक भागेश कुमार से नाराजगी जाहिर की,वहीं छात्र छात्राओं के ड्रेस मे न आने पर भी जिला पंचायत राज अधिकारी में नाराज दिखायी दी,दिन के बारह बज रहे थे,जिला पंचायत राज अधिकारी के मीड डे मील



निरीक्षण पर विद्यालय की एक रसोईया नादारद मिली वहीं मीड डे मील मे अन्य मौजूद रसोईया उस समय चावल साफ करती दिखायी दीं ,जिस पर समय पर मीड डे मील बनवाने को विद्यालय के प्रधानाध्यापक को चेतावनी देते हुए जिलाधिकारी महोदय को अग्रेसित करते हुए अग्रिम कार्यवाही करने को चेताया !जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया,ए डी ओ पंचायत अधिकारी राजेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी कृपाल सिंह, ग्राम प्रधान रहरा पुत्र विपिन कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक भागेस कुमार,आदि मौजूद रहे।

## क्राइम ब्रांच ने झपटमारी के मामले में आरोपित को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली ।दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूर्वी जिले में हुई झपटमारी के कई मामलों का खुलासा करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान रशीद उर्फ मोसिन के रूप में हुई है। यह पहले से 19 अपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इससे पहले भी कई बार गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है और लक्ष्मी नगर थाना का घोषित बदमाश (बीसी) भी है। डीसीपी अमित गोयल ने बताया की बदमाशों के पास से वारदात में इस्तेमाल दो बाइक, चार फेक नंबर प्लेट, स्क्रू ड्राइवर, पेपर कटर इत्यादि बरामद किया है। बरामद बाइक मधु विहार और लक्ष्मी नगर इलाके से चुराई गई थी। इसने पुलिस को बताया कि यह जुबेर और इंद्र के साथ मिलकर बाइक चोरी करता था। फिर उस बाइक से यमुनापार के अलग अलग इलाकों में चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया करता था। इसकी गिरफ्तारी से एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर केके शर्मा, एसआई गौरव और एएसआई श्याम सिंह की टीम ने मंडावली, कल्याणपुरी, लक्ष्मी नगर और मधु विहार थाना के चार मामलों का खुलासा किया गया है। पुलिस के अनुसार लगातार पूर्वी दिल्ली इलाके में स्नेचिंग की हो रही वारदात में बदमाशों को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच को लगाया गया था। उसी दौरान एक पुख्ता जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने ट्रैप लगाकर इसको दबोचने में कामयाब हुई।


### उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-10 | कार्य का नाम :– सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत SSE/W/MTC के खंड में पुलों की मरम्मत और रखरखाव का प्रावधान के लिए वार्षिक जोन 2024–25 (समाप्त अवधि 30.06.2025)।<br>कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार।<br>बयाना राशि (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 2 | NIT-13 | कार्य का नाम :– वरिष्ठ मंडल अभियंता द्वितिय के तहत सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के कार्यक्षेत्र में अधिकारी विश्राम ग्रह में 2 फेमिली सुट व 6 अलग–अलग सुट्स का प्रावधान।<br>कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार।<br>बयाना राशि (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 3 | NIT-14 | कार्य का नाम :– वरिष्ठ मंडल अभियंता द्वितिय के तहत सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अनुभाग में मानक गिरोह कक्ष PWI स्टोर में सुधार और टूल बॉक्स की मरम्मत का प्रावधान।<br>कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार।<br>बयाना राशि (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 4 | NIT-15 | कार्य का नाम :– वरिष्ठ मंडल अभियंता द्वितिय के तहत सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अनुभाग में पी.वे प्रशिक्षण संस्थान में पूर्ण क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के साथ कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, नए महिला छात्रावास, चेंजिंग रूम का उन्नयन / आधुनिकीकरण का प्रावधान।<br>कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार।<br>बयाना राशि (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 5 | NIT-16 | कार्य का नाम :– सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत SSE/W/MOZ & MTC के सेक्शन में 2 साल के लिए LHS (20 संख्या में) की डिवाटरिंग का कार्य।<br>कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार।<br>बयाना राशि (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 6 | NIT-17 | कार्य का नाम :– सहायक मंडल अभियंता शामली के तहत SSE/PWAY/SMQL और SSE/PWAY/BTU के अनुभाग में LHS का की डिवाटरिंग का कार्य।<br>कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार।<br>बयाना राशि (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 7 | NIT-18 | कार्य का नाम :– सहायक मंडल अभियंता शामली के अनुभाग में SSE/P.way/BTU के खंड में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन 2024–25 कार्य का प्रावधान। (समाप्ति अवधि 30.06.2025)<br>कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार।<br>बयाना राशि (रुपये) :-IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 2 | निविदा बोली प्रस्तुत करने तिथि और समय | 21.05.2024 से 04.06.2024 at 15:00 Hrs. |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 04.06.2024 15:00 Hrs. |
| 4 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: NIT-10, 13 से 18-24-25-W-II दिनांक : 10.05.2024 1421/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## जूता-चप्पल की फैक्टरी में लगी भीषण आग, दमकल की 26 गाड़ियों को बुझाने में लगे चार घंटे



नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले के नरेला भोरगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया स्थित जूता-चप्पल बनाने वाली फैक्टरी में गुरुवार रातरात आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल विभाग की 26 गाड़ियां पर पहुंची और करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार, गुरुवार रात करीब 8.05 बजे दमकल कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि नरेला भोरगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया स्थित जूता-चप्पल बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई है। इसके बाद एक-एक कर दमकल की 26 गाड़ियों को भेजा गया। दमकलकर्मियों ने रात करीब 12.00 बजे आग पर काबू पाया। विभाग के अनुसार प्लास्टिक ज्यादा होने के कारण आग तेजी से फैली।

# आप के पूर्व वधियक ने अपनाए बागी तेवर

नई दिल्ली। दल्लिी की सातों सीटों पर आगामी 25 मई को चुनाव होने जा रहे हैं। यहां राजनीतकि दल चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मलिकर चुनाव लड़ रही हैं। पहले ही कांग्रेसी नेताओं की बगावत खुलकर सामने आ गई है। वहीं, अब आम आदमी पार्टी में भी बगावत के सुर सुनने को मिल रहे हैं। आम आदमी पार्टी के लक्ष्मील नगर से पूर्व वधियक नतिनि त्योगी ने बागी तेवर अपना लिए हैं। आप नेता त्या गी ने दल्लिी सरकार की ओर से बजट में घोषति हर महलिा को एक-एक हजार रुपए हर माह देने की स्कीम पर सवाल खडे.कर दिए हैं। नतिनि त्यासगी ने सोशल मीडयिा प्लेटफार्म एक्स- पर आज से झूठ का प्रचार बंद टाइटल से एक वीडयिो शेयर कयिा है। नतिनि त्याएगी ने इस वीडयिो को जारी कर कहा है कि वह खुद आम आदमी पार्टी के वधियक रहे हैं और पार्टी और जनता के हित में लगातार काम करते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भी प्रचार कर रहे हैं। लेकिन क्षेत्रीय कार्यकर्ता महलिाओं को एक हजार रुपये प्रति महीने दी जाने वाली सहायता राशि की स्कीम को लेकर फॉर्म भरवा रहे हैं। यह बल्कि‍ुल गलत है और यह झूठ का प्रचार कयिा जा रहा है। त्याजगी ने कहा कि महलिाओं को दी जाने वाली एक हजार रुपये की स्कीहम अभी मंजूर नहीं हुई है और ना ही इसके मंजूर होने की उम्मीद नजर आ रही है। ऐसे में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को इस स्कीहम को लेकर आम जनता के बीच झूठा प्रचार करने और लोगों को भ्रमति करने का काम बंद करना चाहए‍ि। उन्होंने बागी तेवर अपनाते हुए आम आदमी पार्टी पर नशिाना साधते हुए कहा कि इस तरह के फार्म भरवाने के बाद लोगों से झूठ बोला जा सकेगा कि इसको उप-राज्यापाल, दल्लिी की ओर से स्वीजकृत नहीं कयिा जा रहा है। आम आदमी पार्टी की ओर से एक हजार रुपये का फॉर्म भरवाने पर आपत्तहि‍ल जताते हुए नतिनि त्याहगी का यह भी कहना है कि इस बात को मैंने पार्टी फोरम पर उठाया था।

# भाजपा सरकार में देश में महंगाई रिकॉर्डतोड़: सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने विश्व स्तर पर भुखमरी सूचकांक का एक आंकड़ा सांझा करते हुए कहा, कि 2014 से पहले जब भारतीय जनता पार्टी चुनाव लड़ती थी, तो उनका सबसे बड़ा नारा हुआ करता था बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार क उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से देश में भाजपा की सरकार है और 10 सालों बाद आज जब हम महंगाई दर को देखते हैं तो खाद्य वस्तुओं के संबंध में यदि महंगाई की दर को देखा जाए तो भुखमरी के सूचकांक में 125 देश की सूची में भारत 2014 से पहले 99वे स्थान पर आता था, आज वह 12 अंक गिरकर 111 नंबर पर आ गए है, अर्थात महंगाई के मामले में स्थिति और बद से बदतर हो गई है कउन्होंने कहा कि किसी भी देश में महंगाई का आकलन करने का आधार होता है, कि लोगों की आय कितनी बढ़ी और उसकी तुलना में खर्च किस दर से बढ़े कसौरभ भारद्वाज ने कहा कि 2011-12 में ग्रामीण क्षेत्रो में लोगों का मासिक खर्च 1430 रूपए हुआ करता था जो 2022-23 में बढ़कर 3773 रुपए हो गया है, अर्थात 2011-12 के तुलना में लगभग 2.64 गुना खर्च बढ़ गया है कइसी प्रकार से शहरी क्षेत्र में 2011-12 में मासिक खर्च 2630 रुपए हुआ करता था जो 2022-23 में बढ़कर 6459 रुपए हो गया है अर्थात यह भी 2.45 गुना बढ़ गया है कउन्होंने कहा कि खर्चो की तुलना में यदि प्रति व्यक्ति की आय में वृद्धि को देखा जाए तो देश में जो प्रति व्यक्ति मासिक आय 2011-12 में 5050 रुपए हुआ करती थी, वह 2022-23 में बढ़कर 8187 रुपए हुई है अर्थात पिछले 10 सालों में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी केवल 1.6 गुना ही हुई है क सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आंकड़ों के आधार पर साफ तौर पर देखा जा सकता है कि देश में प्रति व्यक्ति आय में मात्र 1.5 गुना वृद्धि हुई है जबकि खर्च लगभग 2.5 गुना बढ़े हैं कउन्होंने कहा कि जब आय की तुलना में खर्च अधिक प्रतिशत में बढ़ेंगे तो जाहिर सी बात है कि देश में भुखमरी बढ़ेगी क

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री जी अपने भाषणों में हमेशा इस बात को कहते हैं कि हम देश के 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन बांट रहे हैं, उसके पीछे यही कारण है, कि आपने इस देश के लोगों की आय में जो बढ़ोतरी है वह महंगाई की बढ़ोतरी दर की तुलना में मात्रा आधी बढ़ाई है, जिसकी वजह से देश में भुखमरी बढ़ गई है कउन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने इस देश में रोजगार खत्म कर दिए, काम धंधे खत्म कर दिए, स्मॉल स्केल बिजनेस खत्म कर दिए, नोटबंदी करके और हर वस्तु पर जीएसटी लगा कर लोगों की कमर तोड़ दी, इसीलिए 80 करोड लोगों को 5 किलो राशन देना पड़ रहा है कमीडिया के समक्ष अपनी बात को सत्यापित करने हेतु कुछ आंकड़े सौरभ भारद्वाज ने प्रस्तुत किए कउन्होंने कहा कि 2014 से पहले अरहर की दाल 70 किलो आती थी जो आज लगभग 154 किलो हो गई है, उड़द की दाल जो 2014 से पहले 67 रुपए किलो हुआ करती थी आज 124 रुपए किलो मिल रही है, चावल जो 2014 से पहले 27 किलो मिलता था आज वह लगभग 44 रुपए किलो हो गया है, गेहूं जो 21 किलो हुआ करता था आज बढ़कर लगभग 30 किलो हो गया है, दूध जो 2014 में 36 लीटर हुआ करता था आज बढ़कर 59 लीटर हो गया है, आलू जो 2014 से पहले लगभग 18 रुपए किलो हुआ करता था आज 28 किलो हो गया है क उन्होंने कहा कि यदि केवल एक महीने की आलू की कीमत में वृद्धि को देखा जाए तो पिछले 1 महीने में लगभग आलू की कीमत में 38% की वृद्धि हुई है, प्याज के दामों में लगभग 41% की वृद्धि हुई है, टमाटर के दामों में लगभग 40% की वृद्धि हुई है कउन्होंने कहा कि टमाटर ने तो महंगाई के तमाम रिकॉर्ड तोड़ दिए थे कजुलाई के महीने में टमाटर लगभग ढाई सौ रुपए किलो तक बिका है, इसी प्रकार से जुलाई के महीने में हरी मिर्च 400 किलो तक और जीरा 800 किलो तक पहुंच गया था सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह जो आंकड़े मैंने आपके सामने प्रस्तुत किए हैं, इनमें हुई बढ़ोतरी को देखते हुए केवल दो ही कारण नजर आते हैं या तो किसानों को सरकार उनकी फसल का अधिक दाम देने लगी है या फिर यह पैसा बिचौलियों के पास जा रहा है कउन्होंने कहा कि हमने अभी आपके सामने आंकड़े प्रस्तुत किया जिसमें प्रति व्यक्ति आय मात्र 1.6 गुना बढ़ी जबकि महंगाई दर 2.6 गुना बढ़ी है

## फैसले से सत्य की विजय हुई, केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने पर बोली आप

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से सीएम अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने पर आम आदमी पार्टी (आप) ने खुशी जाहिर की है। दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा, सिर्फ अरविंद केजरीवाल को ही अंतरिम जमानत नहीं मिली है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सच्चाई की जीत हुई है। यह लोकतंत्र और संविधान की जीत है। सुप्रीम कोर्ट ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। लोकतंत्र की रक्षा की कोशिश हम करते रहेंगे। आतिशी ने कहा कि जब-जब देश में लोकतंत्र और संविधान को कुचलने का प्रयास हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ही रक्षक के रूप में सामने आया है। एक बार देश की न्यायपालिका पर लोगों का भरोसा बढ़ गया है। अंधकार युग में जली रोशनी: गोपाल राय वहीं मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सुप्री सत्य की विजय हुई। सुप्रीम कोर्ट के जरिये लोकतंत्र और संविधान की रक्षा हो पाई है। केजरीवाल के आने से अब देश भर में लोकसभा चुनाव का माहौल बदल जाएगा। उन्होंने कहा, हम पूरी दिल्ली, पूरे देश के लोगों और पार्टी की ओर से सर्वोच्च न्यायालय का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देकर इस तानाशाही के अंधकार युग में एक रोशनी जलाई है। आज पूरी दिल्ली और पूरा देश खुश है।


### उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी आईआरईपीएस पोर्टल (http://ireps.gov.in) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking 08-2024 | दिनांक 24.05.2024 को 12:00 बजे | फरीदाबाद (कार) (FDB), फरीदाबाद (साईकल/स्कूटर) (FDB), साहिबाबाद (SBB), कुरूक्षेत्र 1st एंट्री (KKDE), कुरूक्षेत्र 2nd एंट्री (KKDE), करनाल (375 वर्गमीटर) (KUN) = कुल 6 साइटें। |
| Parking 09-2024 | दिनांक 27.05.2024 को 12:00 बजे | मादिपुर (PRS), पानीपत 2nd एंट्री (390 वर्गमीटर), बुढलाडा (BLZ), बरेटा (BRZ), कुरूक्षेत्र Site1, कुरूक्षेत्र Site2 = कुल 6 साइटें। |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता | | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:<br>1. इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोडयूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोडयूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।<br>2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान<br>3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता<br>4. आईआरपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण।<br>5. फण्ड का लियन मार्किंग<br>6. टर्नओवर का अद्‌यतनीकरण (updation)<br>7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोडयूल के लिए आईआरपीएस खाता नही है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली 110055<br>Email:pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या 23AC/393/E-Auction/2022 Dated: 09.05.2024 1411/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 11 मई, 2024

## उच्चतम न्यायालय ने अरविंद केजरीवाल को लोस चुनाव में प्रचार के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत दी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार केजरीवाल को दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा और जेल वापस जाना होगा। पीठ ने केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी के इस अनुरोध को स्वीकार नहीं किया कि उन्हें पांच जून तक अंतरिम जमानत दी जाए। एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण के तहत मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। न्यायालय ने कहा कि केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के कारणों का विवरण बाद में दिया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने चुनाव प्रचार के आधार पर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि ऐसा कोई पूर्व उदाहरण नहीं है। न्यायालय ने कहा कि केजरीवाल को 21 दिन के लिए अंतरिम जमानत देने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। पीठ ने कहा कि ईडी की ह्यप्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्टह्ल (ईसीआईआर) अगस्त 2022 में दर्ज की गई थी जबकि मुख्यमंत्री को इस साल 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया।

पीठ ने ईडी से कहा, वह डेढ़ साल तक बाहर रहे। उन्हें पहले या बाद में गिरफ्तार किया जा सकता था लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

मेहता और राजू ने न्यायालय से जमानत शर्तें लागू करने का अनुरोध किया जिनमें यह भी शामिल हो कि केजरीवाल आबकारी नीति मामले के संबंध में कुछ नहीं कहेंगे। पीठ ने कहा कि जमानत की शर्तें वैसी ही होंगी जैसी आप नेता संजय सिंह के मामले में लागू की गई थीं। सिंह को इसी मामले के सिलसिले में पिछले महीने जमानत दी गई थी।

केजरीवाल की ओर से न्यायालय में पेश हुए वकील शादान फरासत के अनुसार अदालत ने बहुत संक्षिप्त मौखिक आदेश सुनाया है। उन्होंने कहा, हमने अभी तक लिखित आदेश नहीं देखा है। इसलिए हमें लिखित आदेश की वास्तविक विषयवस्तु नहीं पता। अदालत ने कहा कि वे केजरीवाल को दो जून तक अंतरिम जमानत/जमानत पर रिहा कर रहे हैं और इस तरह की कोई शर्त नहीं है कि वह इन 20-22 दिन रिहाई के दौरान प्रचार के समय क्या कह सकते हैं और क्या नहीं कह सकते। फरासत ने कहा, हमें उम्मीद है कि आज यह आदेश अद्यतन होगा और तब हम उनकी रिहाई के लिए उचित प्रक्रिया अपनाएंगे। शीर्ष अदालत मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के पिछले महीने के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई कर रही है।

## शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट और लाखों प्रोफिट का लालच

- गुजरात से गैंग के तीन आरोपी को साइबर थाना ने दबोचा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



शेयर मार्केट में मोटी रकम इन्वेस्टमेंट करके अच्छे प्रॉफिट का लालच देकर लोगों से लाखों की चीटिंग करने वाले एक गैंग का पदार्फाश साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के साइबर थाना की पुलिस टीम ने किया है। गैंग के तीन आरोपियों को दिल्ली पुलिस ने गुजरात में छापा मारकर गिरफ्तार किया है। यह लोग चीटिंग के अमाउंट को तुरंत निकलकर आपस में बांट लिया करते थे।

जिस पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की और इन तीनों को पकड़ा। उससे इन लोगों ने 8.80 लाख रुपए ठग लिया था। इनके पास से सात मोबाइल, सिम डॉक्यूमेंट इत्यादि बरामद किया गया है। इसी तरह की चीटिंग के एक और बड़े मामले का भी पता चला है, जिसमें 26 लाख 50 हजार की चीटिंग पंजाब के रहने वाले एक सख्स से की गई थी। उस शिकायत में जो मोबाइल नंबर दिया गया है, वह पकड़े गए आरोपियों के मोबाइल से लिंक बताया जा गया।

पुलिस को छानबीन में 30 लाख रुपए ट्रांजैक्शन का भी पता चला है। जो इन लोगों ने चीटिंग करके अपने अकाउंट में मंगवाया था। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान भूपत जी, विपुलदान जी और चंद्रेश के रूप में हुई है। यह तीनों गुजरात के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार 23 मार्च को एक शिकायत साध नगर, पालम के रहने वाले शख्स ने की थी। अपने साथ हुई लाखों की चीटिंग के मामले में जानकारी दी। इसकी छानबीन करते हुए एसएचओ विकास कुमार बुल्डक की टीम ने टेक्निकल सर्विलेंस बैंक के अकाउंट नंबर और मोबाइल नंबर की विस्तृत छानबीन की तो इस गैंग के बारे में पता चला। फिर पुलिस टीम इन आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हुई। गुजरात में छापा मारकर सब इंस्पेक्टर जगदीप नारा, हेड कांस्टेबल और हरेंद्र ने की टीम ने काफी मशक्कत के बाद इन्हें पकड़ा। क्योंकि ये लोग लगातार गुजरात के गांव में लोकेशन चेंज कर रहे थे।

## कार डीलर से 20 लाख मांगने वाले को भेजा तिहाड़ जेल

- उउळश् फुटेज, टेक्निकल सर्विलांस से पता लगाया
- तिलक नगर फायरिंग का फायदा उठा वसूलना चाहता कैश

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




तिलक नगर के एक कार शोरूम पर हुई कई राउंड फायरिंग और रंगदारी मांगने के बाद राजौरी गार्डन इलाके में भी एक कार डीलर को जान से मारने की धमकी देकर 20 लाख की रंगदारी मांगने का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। इसका मामला सामने आने के बाद पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से छानबीन करते हुए मास्टर माइंड को धर दबोचा। जिसकी पहचान करण ढींगरा के रूप में हुई है, यह रानी बाग के ऋषि नगर का रहने वाला है।

डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि 8 मई को इस मामले को लेकर राजौरी गार्डन में कार का शोरूम चलाने वाले ओनर के द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई थी। बताया गया कि पहले पोर्टर के ड्राइवर द्वारा डिमांड की एक स्लिप भेजा गया था। जिसमें डिमांड की गई 20 लाख की रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। उसके बाद फिर दो बार फोन पर भी धमकी दी गई। कहा गया जान बचाना चाहते हो तो 20 लाख रुपए तुरंत दे दो। राजौरी गार्डन पुलिस ने मामला दर्ज किया छानबीन शुरू की। एसएचओ सुमन कुमार, एसआई अनुज मोर, संजय, सुरेंद्र, जॉनी, राम किशन आदि की टीम ने टेक्निकल छानबीन से पता लगाना शुरू किया। साथ ही सीसीटीवी फुटेज की भी मदद ली। और आखिरकार इस आरोपी तक पहुंचने में कामयाब हो गई। पुलिस टीम ने पकड़ने के बाद पूछताछ की तो पता चला कि उसे भी तिलक नगर में हुई कार डॉलर के यहां फायरिंग की जानकारी थी। उसी का फायदा उठाकर वह अपने मंसूबे को पूरा करना चाहता था। उसे उम्मीद थी की डर के कारण उसे ,20 लाख मिल जायेगा। पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपी के बैकग्राउंड के बारे में भी छानबीन कर रही है। कहीं इसका लिंक अन्य गैंस्टरों से तो नहीं है।

## सिर्फ एक मोबाईल के लिए ले ली थी युवक की जान

- हर्ष विहार में रात में हुई थी सनसनीखेज वारदात
- 14 घंटे में यूपी - हरियाणा में ताबड़तोड़ रेड, तीनों दबोचा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में हुए एक शख्स की रात में हुई हत्या के सनसनीखेज मामले का खुलासा पुलिस ने लगभग 14 घंटे में कर लिया है। इस मामले में तीन आरोपियों को यूपी और हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार यह वारदात 7 मई को रात में हुई थी। जिसमें पीड़ित को गंभीर हालत में जीटीबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जब पुलिस टीम हॉस्पिटल पहुंची तो वहां बबलू सिंह नाम का शख्स मिला। उनसे पुलिस को बताया कि अपने पड़ोसी जगतपाल को घायल अवस्था में घर के बाहर पड़ा हुआ देखा। तो तुरंत उसे अस्पताल में लेकर आ गया था। लेकिन उसका पड़ोसी किस वजह से घायल हुआ, इसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं थी।

पता चला कि घायल जगतपाल मंडोली के मिलन गार्डन स्थित गली नंबर 2 में रहता था। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि उसे शार्प इंजरी हुई है। उसके चेस्ट के बाएं हिस्से पर वार किया गया था। बाद में जगतपाल की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मौके पर क्राइम टीम और एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया और वहां से जरूरी सबूत इकट्ठा किए गए थे।

डीसीपी डॉक्टर जॉय टीर्की के निर्देश पर एसएचओ ज्ञानेश्वर सिंह, हेड कांस्टेबल अनुज शशांक की टीम पुलिस टीम ने इस मामले में छानबीन करते हुए सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाब हुई। इनकी पहचान रोहित उर्फ रायता, मेजर और सूरज के रूप में हुई। सूरज को हरियाणा के सोनीपत से और बाकी दो को यूपी से पकड़ा गया। इनसे चाकू, मोबाइल और वारदात के दौरान पहना गया कपड़ा बरामद कर लिया गया।

## आप ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत की याचिका का विरोध करने के लिए ईडी की आलोचना की

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत की याचिका का विरोध करने के लिए विरोधाभासी बातें कहने का आरोप लगाया। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, ईडी विरोधाभासी बातें कहती है।

भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में कोयला घोटाला मामले में दिलीप रे की तीन साल की सजा पर रोक लगाते हुए कहा कि अगर वह चुनाव नहीं लड़ पाए तो इससे नुकसान होगा। अब दिलीप रे भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। आप नेता ने कहा कि केजरीवाल को न तो दोषी ठहराया गया है और न ही उनका मुकदमा शुरू हुआ है, लेकिन वे (ईडी) कह रहे हैं कि एक नेता के लिए अलग मानक नहीं होने चाहिए। उन्होंने यह भी पूछा कि रे की सजा पर रोक लगने के बाद उच्चतम न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया गया। भारद्वाज ने आरोप लगाया, ईडी सिर्फ भाजपा के लिए काम कर रही है। एजेंसी की कोई गरिमा नहीं रह गई है और वह यह तय करने के लिए भाजपा की समय सारिणी के अनुसार काम कर रही है कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ कब कार्रवाई की जाए। ईडी ने आप के आरोपों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। ईडी ने बृहस्पतिवार को न्यायालय में अंतरिम जमानत के लिए केजरीवाल की याचिका का विरोध करते हुए एक हलफनामा दायर किया था जिसमें उसने कहा था कि चुनाव में प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक है और न ही संवैधानिक है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी।

## यमुनापार में ताबड़तोड़ कर रहा था स्नेचिंग की वारदात

- क्राइम ब्रांच ने गैंग के मास्टर माइंड को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



क्राइम ब्रांच के अफ्रउ की टीम ने ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में हुई स्नेचिंग के कई मामले का खुलासा करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रशीद उर्फ मोसिन के रूप में हुई है। यह पहले से 19 अपराधिक मामले में शामिल रहा है। यह कई बार गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है और लक्ष्मी नगर थाना का घोषित बीसी भी है।

डीसीपी अमित गोयल ने बताया की बदमाशों के पास से वारदात में इस्तेमाल दो मोटरसाइकिल, चार फेक नंबर प्लेट, स्क्रू ड्राइवर, पेपर कटर इत्यादि बरामद किया है। बरामद मोटरसाइकिल मधु विहार और लक्ष्मी नगर इलाके से चुराई गई थी। इसने पुलिस को बताया कि यह जुबेर और इंद्र के साथ मिलकर बाइक चोरी करता था। फिर उस बाइक से चेन स्नेचिंग की वारदात को यमुनापार के अलग अलग इलाकों में अंजाम दिया करता था।

इसकी गिरफ्तारी से एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर केके शर्मा, एसआई गौरव और एएसआई श्याम सिंह की टीम ने मंडावली, कल्याणपुरी, लक्ष्मी नगर और मधु विहार थाना के चार मामलों का खुलासा किया गया है। पुलिस के अनुसार लगातार पूर्वी दिल्ली इलाके में स्नेचिंग की हो रही वारदात में बदमाशों को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच के शकरपुर स्थित अफ्रउ की टीम को लगाया गया था। उसी दौरान एक स्पेसिफिक जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने ट्रैप लगाकर इसको दबोचने में कामयाब हुई।

## केजरीवाल को जमानत मिलने का कांग्रेस ने किया स्वागत

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी इसी तरह से राहत मिलेगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने श्री केजरीवाल को जमानत मिलने पर खुशी व्यक्त की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशान साधा कि वह जिस तरह की राजनीति करते हैं उसके लिए उन्हें चार जून को प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद साबरमती आश्रम में जाकर आत्म चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा,उच्चतम न्यायालय से अरविंद केजरीवाल को जो राहत मिली है उसका हम स्वागत करते हैं। उम्मीद करते हैं कि चार जून तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री हो चुके होंगे और उसके बाद वह साबरमती आश्रम में बैठकर आत्म चिंतन और मनन करेंगे कि वह किस तरह की राजनीति करते हैं। साथ ही, यह भी उम्मीद करते हैं कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी शीघ्र अतिशीघ्र इसी तरह से न्याय मिलेगा।

## ब्राह्मण महासभा ने मनाया भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव

**प्रात: किरण संवाददाता**



रहरा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव जिला अध्यक्ष अनुज शर्मा के आवास पर ग्राम मंगरौला मे भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर नीति शर्मा अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष महिला मोर्चा उपस्थित रहीं इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ब्राह्मण एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें। इस अवसर पर डॉक्टर गौरव शर्मा जिला कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा और पंडित हरिओम शर्मा संरक्षक, पंडित सुनील शर्मा ,पंडित सुधीर शर्मा, पंडित घमंडी लाल शर्मा ,पंडित राकेश शर्मा, पंडित आदेश शर्मा ,पंडित अनिल शर्मा ,पंडित पंकज शर्मा, रिंकू पंडित प्रशांत शर्मा एडवोकेट, रोहित ,श्रीमती हिमलेश शर्माआदि समस्त ब्राह्मण उपस्थित रहे।जिला अध्यक्ष अनुज शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर ठगने वाले तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिणी-पश्चिमी जिला की साइबर थाना पुलिस ने गुजरात से 7 मई को तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों भूपत, विपुल और चंद्रेश के पास से सिम कार्ड के साथ सात मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड लिफाफा और 8.80 लाख रुपये बरामद हुआ है। तीनों आरोपी लोगों को मैसेज कर शेयर बाजार में अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा देते थे और फिर नुकसान होने की बात कह उनसे पैसे ठग लेते थे। पुलिस जांच में आरोपियों के खाते से तीस लाख रुपये के लेन-देन की बात सामने आई है। गृह मंत्रालय के पोर्टल पर भी आरोपियों के खिलाफ एक मामला दर्ज है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि इसी वर्ष 23 मार्च को पालम निवासी विजय कुमार ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि तीन मार्च को उनके पास राजेश जैन का फोन आया। उसने खुद को शेयर बाजार का पंजीकृत ब्रोकर बताया। दोनों की व्हाट्सऐप पर बातचीत हुई। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित से शेयर बाजार में निवेश करने के लिए कहा और खाता खुलवाने के लिए प्रकाश नाम के शख्स का नंबर दिया। पीड़ित ने प्रकाश से बात की। उसके नंबर पर शेयर बाजार में निवेश के संबंध में व्हाट्सऐप कॉल और संदेश आने शुरू हो गए। इसके बाद पीड़ित का ब्रोकरेज खाता खोलकर उससे पैसा निवेश कराने के नाम पर ठगी की गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि जिस खाते में पैसे गए हैं वह सीलमपुर का रहने वाले मुनीर आलम का है। पुलिस ने मुनीर और उसके दो सहयोगियों से पूछताछ की तो पता चला कि उसका खाता दूसरे लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाए। 16 अप्रैल को वह फोन गुजरात के मेहसाणा में सक्रिय पाया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपियों को दबोच लिया।

## दो मामलों में फरार बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

आरके पुरम थाना पुलिस ने दो मामलों में फरार और कोर्ट से भगौड़ा घोषित हो चुके एक अपराधी को आरके पुरम सेक्टर 6 से गिरफ्तार किया है। आरोपी सोनू नाम बदलकर हरियाणा के फरीदाबाद में रह रहा था। वह गिरफ्तारी के समय अपने दोस्त से मिलने के लिए आया था। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि इंस्पेक्टर रविंदर कुमार त्यागी की टीम लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस टीम को पता चला कि फरीदाबाद में रह रहा एक बदमाश अपने दोस्त से मिलने सेक्टर 6 की झुग्गियों में आया है। पुलिस ने मौके पर छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## कार डीलर से मांगी 20 लाख की रंगदारी

नई दिल्ली । राजौरी गार्डन थाना पुलिस ने 9 मई को रानी बाग इलाके से कार डीलरों को फोन कर रंगदारी मांगने के आरोप में करण ढिंगरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बाइक-कूरियर के द्वारा एक कार डीलर को धमकी भरा पत्र भेजा था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने खबरों में पढ़ा था कि कुछ गैंगस्टर कार डीलरों पर फायरिंग कर रहे हैं। इसका फायदा उठाकर उसने कार डीलरों से पैसे ठगने की साजिश रची। आरोपी के पास से पुलिस ने तीन मोबाइल फोन, एक रजिस्टर और दो पेन बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि राजौरी गार्डन थाना पुलिस को ड्रीम टॉयज कार शोरूम के मालिक ने 7 मई को शिकायत दी थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उन्हें एक पत्र मिला है, जिसमें 20 लाख रुपये की मांग की गई है। साथ ही धमकी दी गई है कि पैसे नहीं मिले तो उन्हें और उनके परिवार को जान से मार दिया जाएगा। इस दौरान बदमाश ने पिछले दिनों तिलक नगर में कार शोरूम पर हुई फायरिंग का भी हवाला दिया। इंस्पेक्टर सुमन कुमार की टीम ने संबंधित धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने पीड़ित के शोरूम के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। इससे बाइक-कूरियर का नंबर पता चला। उससे पूछताछ के बाद पुलिस रानी बाग के ऋषि नगर पहुंची जहां से उसने कूरियर उठाया था। पुलिस ने उस जगह पर लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की और उन मोबाइल नंबरों का तकनीकी विश्लेषण भी किया, जिनसे आरोपी ने धमकी भरे फोन किए थे। इसके बाद आरोपी करण ढींगरा को गिरफ्तार कर लिया।

## नशा करने के लिए करता था झपटमारी, पहुंचा जेल

नई दिल्ली। सरोजनी नगर थाना पुलिस ने 8 मई को राजेन्द्र ढाबा, सफदरजंग एन्क्लेव से एक झपटमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी एस. राजेश राव नशा करने के लिए झपटमारी की वारदात को अंजाम देता था। इसके पास से चोरी की बाइक बरामद की गई है। आरोपी पर पहले से ही चोरी व झपटमारी के 10 मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 2 मई को एक कैब चालक ने मोबाइल चोरी की शिकायत दी थी। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## पेट्रोल पम्प पर लापरवाही,तेल का दुरुपयोग कर रहा चालक

**प्रात: किरण संवाददाता, मनोज शर्मा**



हसनपुर।थाना सैद नंगली क्षेत्र के नगर उझारी का एक युवक एक पेट्रोल पंप पर स्वयं पेट्रोल अपने हाथों से भर रहा है और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है वीडियो में साफ दिख रहा है की नोज बाहर निकली और तेल भी निकल रहा है अगर कोई जरा सी चूक हो जाती तो इससे कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था आखिरकार पंप मालिक का कर्मचारी कहां पर गया था जो युवक को अपने आप ही गाड़ी में पेट्रोल डालना पड़ा यह तो नहीं कह सकते कि पेट्रोल है या डीजल जो युवा अपनी गाड़ी में डीजल दिया पेट्रोल डलवा रहा है यह अपने आप को एक पार्टी का नेता बताता है कुछ दिनों पूर्व यही युवा गाड़ी पर स्टंट करते हुए वीडियो वायरल हुआ था और सैदनगली पुलिस ने कार्रवाई की थी लेकिन उसके बावजूद भी इस युवा के इतने हौसले बुलंद है कि इसी थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप पर अपने हाथों से डीजल या पेट्रोल गाड़ी में भर रहा है और नोजल बाहर निकल रही है इससे तेल भी बाहर निकल रहा है ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने किया आतिशी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) के आह्वान पर दिल्ली विश्वविद्यालय के सैकड़ों शिक्षकों ने शुक्रवार को शिक्षा मंत्री आतिशी के खिलाफ वरिोध प्रदर्शन कयिा और नारेबाजी की। दिल्ली सरकार के वत्तिर पोषति 12 कॉलेजों के शक्षिकों की ओर से यह वरिोध मार्च नकिाला गया। डीयू टीचर्स ने दल्लिीत की शिक्षा मंत्री आतशिी की ओर से लगाए गए सभी आरोपों को गलत और निराधार बताया है। डूटा ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के खलिाफ यह मार्च शुक्रवार को कुलपति कार्यालय से दिल्ली विधानसभा तक निकाला। डूटा अध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार भागी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली सरकार अब इन कॉलेजों को पूरी तरह से वित्तपोषित करने की अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। प्रोफेसर भागी ने आगे कहा कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-2025 में पहली तिमाही (अप्रैल से जून) के लिए 12 कॉलेजों को अनुदान सहायता आज तक जारी नहीं की गई है। ऐसा लगता है कि दिल्ली सरकार आतिशी के पत्रों के अनुसार अपनी स्थिति को दोहरा रही है, जिसमें कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुदान सहायता जारी नहीं की जाएगी।

शिक्षकों ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की उच्च शिक्षा विरोधी नीतियों के खिलाफ नारे लगाए और छात्रों और जनता को दिल्ली सरकार की कारगुजारियों से परिचय कराया। साथ ही यह भी बताया कि दिल्ली सरकार से पूर्ण वित्त पोषित 12 कॉलेजों को अंबेडकर विश्वविद्यालय जैसे राज्य विश्वविद्यालय में स्थानांतरित करने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार इन 12 कॉलेजों के अनुदान में देरी या कटौती करके कॉलेजों पर जबरन दबाव बना रही है। मंत्री द्वारा पत्र में दिए गए दो विकल्पों (ग्रांट को रोकना या फरि उसमें कटौती) में से किसी एक पर कॉलेजों को सहमत करने को दबाव बनाने की यह रणनीति अपनाई गई है।

प्रोफेसर भागी ने शिक्षकों को यह भी बताया कि दिल्ली की शिक्षा मंत्री ने दावा किया है कि टीचिंग के 939 पद अप्रूव्ड् नहीं हैं। इस पत्र के अनुसार कार्यरत स्थायी और तदर्थ शिक्षकों को अवैध रूप से नियुक्त किया गया है। डूटा ने आतिशी के उस बयान की निंदा की है और दोनों पत्रों को पूरी तरह से खारिज कर दयिा है। डूटा अध्यक्ष प्रो. अजय कुमार भागी ने कहा, ह्न ये पत्र, साथ ही फंड में कटौती और इन कॉलेजों को वित्तीय रूप से बीमार घोषित करना, इन कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को डॉ. भीम राव अंबेडकर विश्वविद्यालय और कौशल विश्वविद्यालय जैसे राज्य विश्वविद्यालयों में स्थानांतरित करने के लिए सहमत करने की रणनीति के अलावा और कुछ नहीं है। आप सरकार चाहती है कि स्टूडेंट फंड से टीचर्स को सैलरी का भुगतान किया जाए, जो कि डूटा को स्वीकार्य नहीं है। दिल्ली सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए डीयू के शिक्षकों ने केजरीवाल सरकार से तुरंत अनुदान जारी करने की मांग की है। उन्होंकने कहा कि वे तुरंत पूरा अनुदान, स्वीकृत शिक्षण पद जारी करें और स्थायी नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू करें। शिक्षकों के प्रदर्शन में प्रोफेसर वीएस नेगी, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. हंसराज सुमन, डॉ. चमन सिंह, प्रोफेसर पंकज गर्ग, डॉ. एसके सागर, डॉ. के एम वत्स आदि के अलावा 12 कॉलेजों के शिक्षकों ने बड़ी संख्या में शिरकत की।

## कैब चालक को बंधक बनाकर बदमाशों ने लूट ली कार

नई दिल्ली। मोहन गार्डन इलाके में चार बदमाशों ने 7 मई की देर रात एक कैब चालक को बंधक बनाकर उसके साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों ने कैब अजमेरी गेट इलाके से नजफगढ़ जाने के लिए बुक की थी। मोहन गार्डन नाले के रास्ते पर बदमाशों ने कैब चालक को बंधक बना लिया। इसके बाद मोबाइल, पैसे और कार लूटकर फरार हो गए। आरोपियों ने पीड़ित कैब चालक को बाइक पर करीब तीन घंटे से ज्यादा समय तक बंधक बनाकर सड़कों पर घुमाया और फिर धमकी देकर सड़क किनारे छोड़ फरार हो गए। मामले की सूचना के बाद पहुंची मोहन गार्डन थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित 34 वर्षीय बृजेश कुमार अपने परिवार के साथ पिछले आठ साल से बिजवासन गांव में किराए के मकान में रहता है। पुलिस को दिए बयान में बृजेश ने बताया कि वह ऐप अधारित कंपनी के लिए कैब चलाता है। 7 मई की देर रात वह अजमेरी गेट पर खड़ा था। तभी चार लोग आए और उन्होंने नजफगढ़ जाने के लिए 300 रुपये में गाड़ी बुक की। इसके बाद पीड़ित उन्हें लेकर 3.45 बजे तक द्वारका मोड़ पहुंच गया, जहां आरोपियों ने कहा कि नाले वाला रास्ता छोटा है, वहां से जल्दी पहुंच जाएंगे। आरोपियों ने कैब नाले वाले रास्ते पर मुड़वा ली। कुछ दूर चलने के बाद आरोपियों ने कैब चालक को उसकी गाड़ी में बंधक बना लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके मोबाइल से जबरन 21 हजार रुपये अपने पेटीएम में डलवाए और फिर उसे गाड़ी से उतार दिया। दो आरोपी पीड़ित की कैब लेकर फरार हो गए, जबकि दो अन्य आरोपी वहां बाइक लेकर आए और फिर पीड़ित को जबरन बाइक पर बैठा लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### मंडल एवं मुख्यालय से चयनित 70 रेलकर्मियों को किया सम्मानित

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की ओर से मई दिवस के उपलक्ष्य में, पांचों मंडलों एवं मुख्यालय से चयनित सत्तर (70) रेलकर्मियों जैसे ट्रैकमेंटेनर, ट्रॉलीमैन, गैंगमैन एवं गेटमैन को सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वैशाली रेल प्रेक्षागृह, मुख्यालय/ हाजीपुर में सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी कर्मचारियों को संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा द्वारा उपहार एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा उनके द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर संगठन की सचिव श्रीमती मीनाक्षी कुमार एवं संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं।

# जागरूक मतदाता: भारत के भाग्य विधाता थीम पर कार्यक्रम आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता



हाजीपुर। वैशाली जिला में स्वीप गतिविधि के माध्यम से मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नेहरू युवा केंद्र, वैशाली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा राज नारायण महाविद्यालय, हाजीपुर के सहयोग से महाविद्यालय प्रांगण में जागरूक मतदाताः भारत के भाग्य विधाता थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गयो इस कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता, रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता, मतदाता शपथ, मतदाता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र, वैशाली से संबंधित युवा मंडल के सदस्य, राज नारायण महाविद्यालय के चुनावी साक्षरता क्लब, एनसीसी और एनएसएस के छात्रों ने भाग लियाे पेंटिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान अनीशा राज आर. एन. कॉलेज, दूसरा स्थान करीना कुमारी भगवानपुर तथा तीसरा स्थान दीपक कुमार देसरी को प्राप्त हुआ स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में वंदना कुमारी को पहला स्थान नीतीश कुमार को दूसरा स्थान तथा अंशुल रंजन को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ` वही रंगोली प्रतियोगिता में बिदुपुर कबड्डी गर्ल्स टीम को प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान कुणाल कुमार एवं टीम को प्राप्त हुओ मौके पर राज नारायण महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रवि कुमार सिन्हा, डॉ खालिद हसन सिद्दीकी, डॉ शशि कुमार, स्वीप सेल की नोडल अधिकारी डीपीओ क्उऊ श्रीमती ललिता कुमारी, नेहरू युवा केंद्र वैशाली की जिला युवा अधिकारी सुश्री श्वेता सिंह द्वारा युवाओं को मतदान के महत्व पर जागरूक किया गया तथा मतदान दिवस के दिन खुद मतदान कर साथ ही बाकी लोगों को भी मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए संकल्प लिया गया` इस कार्यक्रम में 300 से ज्यादा युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लियो प्रतियोगिता के उपरांत सभी युवाओं को टी-शर्ट तथा विजेताओं को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया` इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र वैशाली से संचालन लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक श्री केदारनाथ सिंह ने किया। प्रिंस कुमार, सत्यम कुमार, करण कुमार, हर्ष राज, इशिका सिंह, भानु प्रकाश, अभिमन्यु कुमार इत्यादि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। उपस्थित सभी मतदाताओं को प्राचार्य डॉ रवि कुमार सिन्हा द्वारा मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प दिलाया गया।

# दो वर्ष बाद भी निर्माण कार्य नहीं होने के कारण योजना हुई रद्द

## 19 लाख 49 हजार की लागत से होना था निर्माण कार्य



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा शहर के वार्ड दो स्थित महादलित मुहल्ला में सड़क निर्माण को लेकर नगर परिषद प्रशासन के द्वारा निकाले गए निविदा के आधार पर सड़क निर्माण, नाला व सोख्ता का निर्माण किया जाना था। इसको लेकर दो वर्ष पूर्व नगर परिषद प्रशासन के द्वारा टेंडर भी निकाला गया। टेंडर के आधार पर संवेदक सौरभ कुमार को कार्य आवंटित कर दिया गया था। कार्य आवंटन के समय ही कार्य को पूरा करने का समय सीमा निर्धारित किया गया था। लेकिन संवेदक लापरवाही को देखते हुए वार्ड दो की पार्षद विशनी देवी के आवेदन के आधार पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी तान्या कुमारी ने टेंडर रद्द कर दिया। मालूम हो कि वार्ड दो के महादलित मुहल्ला में 19 लाख 49 हजार रुपये की लागत से सड़क, नाला व सोख्ता निर्माण होना था। इसको लेकर 30 मार्च 2022 को टेंडर निकाल कर संवेदक सौरभ कुमार को कार्य आवंटित कर दिया। लेकिन कार्य आवंटित होने के दो वर्ष बाद भी कार्य शुरू नहीं किए जाने को लेकर वार्ड पार्षद ने कई बार संवेदक और नगर परिषद प्रशासन से इसको लेकर बात करते हुए पत्राचार भी किया। लेकिन संवेदक की ओर से इस मुहल्ले में कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया। ऐसे में नगर परिषद प्रशासन ने दो वर्ष बाद भी कार्य शुरू नहीं कराए जाने के बाद टेंडर को रद्द कर दिया। वार्ड पार्षद विशनी देवी ने बताया कि वार्ड के विकास को लेकर सदैव तत्पर रहती हूं। लेकिन संवेदक की लापरवाही से महादलित मुहल्ले की समस्या विकराल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मानसून के पूर्व महादलित मुहल्ले में सड़क, नाला व सोख्ता का निर्माण कराने को लेकर नगर परिषद प्रशासन से आग्रह किया गया है।

# शिक्षा- जमुई के 1602 स्कूलों में वर्ग 4 वां और 5 वां के लिए दिया गया एफएलएन किट

## स्कूल किट का इस्तेमाल नहीं होने पर नपेंगे एचएम



प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। एफएलएन किट का इस्तेमाल नहीं करने पर स्कूल के प्रधानाध्यापकों पर कार्रवाई होगी।बता दें की कक्षा चार एवं पांच का एफएलएन स्कूल किट जमुई के 1602 विद्यालयों में उपलब्ध कराया जा रहा है।इस बारे में जिला कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान के सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है। एफएलएन स्कूल किट का प्रयोग बच्चों को पढ़ने में प्रतिदिन किया जाना है। एफएलफन स्कूल किट के उपयोग का अनुश्रवण राज्य एवं जिला स्तर पर वीसी के माध्यम से प्रतिदिन किया जा रहा है।इस मामले में निर्देश दिया गया है कि छात्रों के बीच किट का उपयोग करते हुए फोटोग्राफ ग्रुप में शेयर करना सुनिश्चित करेंगे। किट का उपयोग नहीं करने पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।बता दें कि जमुई के सभी विद्यालय में एफएलएन किट का वितरण बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ने के लिए किया गया है। गर्मी की छुट्टियों में मिशन दक्ष के तहत विद्यालयों में विशेष कक्षा का संचालन किया जा रहा है। जांच अधिकारियों के निरीक्षण में यह पाया जा रहा है कि स्कूल में किट का इस्तेमाल बच्चों को पढ़ने के लिए नहीं किया जा रहा है। शिक्षकों को मिलेगी ट्रेनिंग बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में जिला अंतर्गत संचालित विद्यालय में कक्षा चार एवं पांच के शिक्षकों को एफएलएन किट के सही उपयोग को लेकर ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। ऑनलाइन प्रशिक्षण के सफल संचालन को लेकर बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी और डीपीओ समग्र शिक्षा अभियान को निर्देशित किया गया है। प्रशिक्षण के लिए जिला स्तर पर स्लॉट का निर्धारण करने का निर्देश दिया गया है। प्रत्येक स्कूलों से दो शिक्षकों का चयन होगा किट के उपयोग को लेकर वीसी के माध्यम से सप्ताह में तीन दिन बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को सभी प्रखंड के चयनित दो-दो शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।जिला अंतर्गत संचालित सभी विद्यालय के कक्षा चार एवं पांच के अधिकतम दो शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। ऑनलाइन प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के सभी जिलों के लिए समय सारणी निर्धारित किया गया है।

# लोक भारती सेवा आश्रम ने अक्षय तृतीया पर किया समुदाय को जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर लोक भारती सेवा आश्रम ने जिले के विभिन्न स्थानों पर समुदाय को इक्कठा कर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जीविका दीदी, वार्ड सदस्य, पंच और स्कूली छात्र छात्राओं ने भाग लेकर बाल विवाह नहीं होने का शपथ भी लिया। लोक भारती सेवा आश्रम के सचिव राजा बिराट ने कहा कि बाल विवाह केवल सामाजिक अभिशाप ही नहीं बल्कि कानूनन अपराध भी है। हमें समाज, सरकार और गैर-सरकारी संगठनों को मिलकर मुकाबला करने की जरूरत है। बिराट ने आगे कहा कि हमारे सामुदायिक सामाजिक कार्यकताओं ने जिले के विभिन्न मंदिरों पर जहां विवाह होने की सम्भावना रहती है चौकसी बरत रखी है। इस अभियान में सहयोग कर रहे मधेपुरा जिले की गैर सरकारी संगठन सामाजिक शैक्षणिक कल्याण मंच के कार्यकताओं ने भी भागीदारी कर यह साबित कर दिया है कि निश्चित रूप से मधेपुरा जिला बाल विवाह मुक्त होकर रहेगा। आज अक्षय तृतीया को इस अभियान में लोक भारती सेवा आश्रम के सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता वसंत कुमार, विकास कुमार, लव कुमार, देवराज भारती, जितेन्द्र कुमार आदि पुरे जोश के साथ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।

# अष्टयाम यज्ञ व विवाह कीर्तन को लेकर निकली कलश यात्रा



प्रात: किरण संवाददाता

सराय- बाजार के अकबर मलाही ग्राम स्थित अष्टयाम यज्ञ व विवाह कीर्तन को लेकर कलश यात्रा निकाली गई।कलशजगदम्बा स्थान मंदिर परिसर मे दो दिवसीय अष्टयाम यज्ञ व विवाह कीर्तन को लेकर कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा मे काफी संख्या मे महिला, युवती एवम पुरुष शामिल हुए। कलश यात्रा का शुभारम्भ अकबर मलाही मंदिर से शुरू होकर जगदम्बा स्थान यज्ञ स्थल पर पहुंचा। आचार्य देवेंद्र पांडये शास्त्री एवं रवि कुमार के नेतृत्व मे यज्ञ का शुभारम्भ पूरी विधि विधान एवम मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा से पूरा अकबर मलाही गाँव भक्तिमय माहौल मे डूबा गया।उक्त मौके पर यजमान मनीष कुमार, राजेश कुमार चुन्नू, रविंद्र कुमार, विश्वजीत कुमार, संतोष कुमार, पंकज कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष आशूतोष कुमार दीपू, मुखिया अरुण पासवान, मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के अध्यक्ष कुणाल कुमार गुप्ता सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।कलश यात्रा में शामिल होने के लिए सुबह से ही श्रद्धालु रंग बिरंगे परिधानों में जगदम्बा स्थान सराय पहुंच गए थे।कलश यात्रियों को सड़क किनारे दोनो तरफ लोगो ने कलश यात्रियों पर फूल वर्षा कर स्वागत किया।

# खेती बारी- बारिश होने से किसानों में खुशी, मूंग की फसल को लाभ, तपिश से मिल गई राहत

## प्रखंड क्षेत्र में मूंग की फसल देखकर किसान हो रहे हैं खुश, मौसम भी दे रहा है साथ

प्रात: किरण संवाददाता



गिद्धौर।प्रखंड में किसानों ने मूंग की खेती को लेकर काफी खुशी देखी जा रही है। मूंग की फसल के लिए मौसम भी साथ दे रहे हैं। मूंग की फसल लहलहा रही है किसान गेहूं कटाई कर खेत को खाली ना छोड़कर उसमें मूंग फसल की बुवाई कर दी है। जिससे किसानों को अच्छा खासा मुनाफा होने की उम्मीद हैं। दलहनी फसलों में मूंग की खेती से किसानों को अच्छा लाभ मिल जाता है।मूंग की फसल तैयार करने में एक तो बहुत कम लागत आती है। दूसरी और खेत की उर्वरा शक्ति भी बढ़ जाती है क्षेत्र में ज्यादातर किसान गेहूं की फसल काटने के बाद खेतों को बंजर ना बन जाय इसी को लेकर कर मूंग की बुवाई कर समय का उपयोग करते हुए मुनाफा कमा लेते हैं। मूंग की फसल करीब 50 से 60 दिनों में तैयार हो जाती है इसे तैयार होने में काफी कम लागत आती है। एक बीघा खेत में करीब 5 किलो बीज डालना पड़ता है। फसल तैयार होने तक सिर्फ एक बार सिंचाई करने की आवश्यकता है। स्थानीय किसान दरोगी पासवान, बासकी मंडल, बेनी यादव, अर्जुन यादव, विजय मंडल ने बताया कि यदि मौसम मेहरबान रहा तो मूंग की अच्छी पैदावार हो जाएगी। सुबह से अब तक मौसम किसानों को भरपूर साथ दी है। वहीं यदि तेज बारिश हो जाती है तो मूंग की फसल को काफी नुकसान पहुंचने की संभावना हो जाती है।एक बीघा खेत में करीब एक किंक्टल के आसपास पैदावार होती है। जिसकी बाजार में कीमत 6000 से 7000 रुपये है। मूंग की फसल में लागत और समय दोनों कम लगता है और मुनाफा अधिक होती है। मूंग के पौधे खेत को मजबूत करती है जिससे खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ जाती है। मूंग की फसल के बाद इसी खेत में खरीफ की फसल की बुवाई की जाती है। जमीन की मिट्टी मुलायम रहती है या जैविक खेती से फसल का उत्पादन बढ़ता कृषि विभाग खाली पड़े खेतों में मूंग की खेती करने पर विशेष बल दे रहा है। इससे मिट्टी को नाइट्रोजन फास्फोरस आदि मिलते हैं। जिससे उसकी उर्वरा शक्ति बनी रहती है। खेतों को प्राप्त होता है जैविक खाद कृषि समन्वय ने बताया कि मूंग, सनई, ढैचा की जड़ों में एक गांठ पाई जाती है। जिसमें एक विशेष प्रकार के बैक्टीरिया पाए जाते हैं इनमें नाइट्रोजन को अवशोषित करने की विशेष क्षमता पाई जाती है। चुकी नाइट्रोजन का फसल के उत्पादन में विशेष स्थान है। वहीं इससे मिट्टी की जल धारण की क्षमता भी बढ़ जाती है। मूंग की खेती के बाद किसानों को दो बार उसकी फलों को तोड़ने का अवसर भी मिलता है। जिससे एक तरफ जहां खाने के लिए उन्हें दाल प्राप्त हो जाती है वहीं दूसरी ओर उनकी मिट्टी को जैविक खाद भी प्राप्त हो जाती है। जिससे किसान को काफी फायदेमंद होता है।

# शहीद कैप्टन आशुतोष का स्मारक नही बनने से जनप्रतिनिधियों ने जताया दुख

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा जिले के घैलाढ़ प्रखंड कार्यालय सभागार में बीते 2 महीने पूर्व 7 मार्च 2024 को पंचायत समिति सदस्य की बैठक प्रखंड प्रमुख रंजू देवी की अध्यक्षता में हुई थी। सदन में प्रमुख प्रतिनिधि राजनारायण यादव, समिति नागिया देवी व कई जनप्रतिनिधियों के द्वारा शहीद कैप्टन आशुतोष के स्मारक बनवाने हेतु जमीन चिन्हित करने को लेकर सदन में पूर्व के सीओ चंदन कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार के समक्ष सवाल किया था। जिसके बाद सीओ और प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा उनके वीरता को देखते हुए स्मारक बनवाने हेतु जमीन देने की बात को लेकर सहमति जताई थी।

लेकिन अभी तक शहीद कैप्टन आशुतोष के पिता रविंद्र भारती सहित उनके परिजन प्रखंड में स्मारक बनवाने हेतु प्रखंड से लेकर जिला तक का लगातार चक्कर काटते काटते परेशान हो गए हैं। वहीं अगर प्रखंड के पदाधिकारी और जिला का कोई पदाधिकारी इस बात पर ध्यान देते तो शहीद कैप्टन आशुतोष के स्मारक बन गया होता। जनप्रतिनिधियों के द्वारा सदन में प्रश्नकाल उठाने के दरमियान भी कार्यवाही नहीं होने से दुख व्यक्त किया है।

# खगड़िया जिला का 43 वां स्थापना दिवस मनाया, दी वधाई, विचार गोष्ठी आयोजित

## क्या खाया क्या पाया? समीक्षा कर जिले की विकास में अपनी योगदान देने व विकास की नई ऊंचाइयों को छूने का लिया संकल्प

प्रात: किरण संवाददाता



खगड़िया। जिला का 43 वां स्थापना दिवस पर देश बचाओ अभियान, फरकिया मिशन, जन सरोकार के संयुक्त बैनर तले जिले के एक सभागार में ह्लक्या खाया क्या पाया ? विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, तथा विकास का समीक्षा की गई, जिसकी अध्यक्षता अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। श्री यादव ने सर्वप्रथम खगड़िया जिला का 43 वां स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दिया। वहीं पारदर्शी शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर सभी पदाधिकारी कर्मी मतदाताओं को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दिया। श्री यादव ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि अकबर के काल में राजा टोडरमल ने पैमाइश के दौरान गंगा के उत्तरी भाग में जंगल बाढ़ यातायात सुविधा विहीन क्षेत्र का पैमाइश करने में कठिनाइयों को देखकर अपने शासन क्षेत्र से फरक कर दिया, अरबी भाषा फरक का मतलब अलग कर दिया, जो समय के अंतराल में फरकिया कहलाया। किंतु आजादी एवं जिला स्थापना के इतने वर्षों बाद भी विकास के क्षेत्र में आज भी फरक का दंश झेल रही है फरकिया खगड़िया। चुंकी 10 मई 1981 में मुंगेर जिला से कटकर खगड़िया जिला के स्थापना बाद बने अन्य जिले का उत्तरोत्तर बेहतर विकास हुआ, किंतु फरकिया खगड़िया आज भी हर मायने में पिछड़ा जिला है। रोटी कपड़ा मकान शिक्षा स्वास्थ्य दवा रोजगार सिंचाई सड़क बिजली पानी बुनियादी सुविधा, मौलिक अधिकार भी अपेक्षित मयस्सर नहीं है। बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि खगड़िया जिला गंगा गंडक कोसी बागमती बलान कमला करेह सात नदियों का नैहर कहलाती है। बावजूद पनबिजली की व्यवस्था स्थापित नहीं हो सकी। मक्का उपजाऊ में जिला एशिया में अव्वल होने के बावजूद एक अदना सा फैक्ट्री निर्माण दिवास्वप्न बनके रह गया। जबकि फैक्ट्री निर्माण हेतु 100 एकड़ जमीन मानसी एकानिया में किसानों का बहुफसला जमीन पर कब्जा किया गया। वहां मात्र कोल्ड स्टोर गोदाम गेट बनकर रह गया है। आज मक्का दूध मछली केला बांस जल आधारित फैक्ट्री निर्माण की जरूरत है। श्री यादव ने कहा कि जिले में जमीनी विवाद, पलायन, हत्या बलात्कार, भ्रष्टाचार, छिनतई, विस्थापन, जल निकासी, बाढ़ जैसी समस्या का समाधान कर पिछड़ा जिला को विकासशील विकसित समृद्ध शिक्षित बनाया जा सकता है। जिले के कैंब्रिज कहलाने वाली कोशी कॉलेज में अधूरी गर्ल्स हॉस्टल को पूर्ण कर, शिक्षक शिक्षकेत्तर की कमी दूर कर, बुनियादी व्यवस्था की कमी को पाट कर शिक्षित जिला बनाने में महतीं भूमिका निभाने की जरूरत है। जिले के विरासत धरोहर 52 कोठरी 53 द्वार, अलौली गढ़, चंदवा डीह, कसरैया धार, राजेंद्र सरोवर, पीरनगरा का कुआं, कात्यायनी मंदिर, सन्हौली दुर्गा मंदिर, अघोरी स्थान आदि को विकसित करने की जरूरत है। जिले में अलौली गढ़ घाट कोसी नदी, आगर घाट, बुढ़ी गंडक घाट सहित 11 नदी पर पूल निर्माण हेतु भेजी गई दो दो बार डीपीआर को बिहार सरकार द्वारा रद्द कर वापस करना दुर्भाग्यपूर्ण रहा। खगड़िया से अलौली तक ट्रेन चालू करने एवं कुशेश्वरस्थान तक रेल कार्य पूरा करना समय की ज्वलंत चीरलंवित मांग है। वहीं जिला मुख्यालय के पूर्वी केविन से पश्चिमी केविन तक सड़क निर्माण जल्द पूरा करने की जरूरत है। तथा अतिक्रमण मुक्त कर सुलभ यातायात बनाने की जरूरत है। सब्जी मंडी निर्धारित स्थान पर सख्ती से चलाने की जरूरत है। सभी प्रखंडों में स्विमिंग पूल स्टेडियम बनाने की खास जरुरत है। श्री यादव ने कहा कि बरसों बाद आज भी निवर्तमान डीएम अजीत कुमार, एसडीओ संतोष मैथ्यू तथा डीएम डॉक्टर आलोक रंजन घोष का सराहनीय कार्य उल्लेखनीय रहा है। पूर्व में बनी जिले की सर्वांगीण विकास हेतु मास्टर प्लान को फाइल से निकलकर धरातल पर उतारना वर्तमान डीएम अमित कुमार पांडे एवं एसडीओ अमित अनुराग का उल्लेखनीय कार्य होगा। वही स्थापना दिवस पर सिर्फ बयान बाजी, अखबार बाजी, रंगोली बनाने, गुब्बारे उड़ाने, आदि कार्य के बजाय शोषित दलित पीडित वंचित गरीब मजदूर लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु एवं फरकिया खगड़िया का सर्वांगीण विकास करने हेतु मास्टर प्लान को ठोस कार्य नीति के तहत धरातल पर लागू करने की जरूरत है। हालांकि खगड़िया में अति आधुनिक व्यवस्था से लैस रेलवे जंक्शन टर्मिनल निर्माण कार्य का प्रारंभ उल्लेखनीय है। -कार्यक्रम में देश बचाओ अभियान के संयुक्त सचिव लालमणि सदा, संयोजक मधुबाला, सहसचिव गुड्डू ठाकुर, मुरलीधर गुप्ता उपाध्यक्ष डॉ कमल किशोर यादव, सचिव धर्मेंद्र कुमार, गायक सुरेश मास्टर, सानू कुमार, प्रशांत प्रियदर्शी आदि दर्जनों समाजसेवियों ने स्थापना दिवस पर समीक्षात्मक विचार व्यक्त किया तथा जिले की विकास में अपनी योगदान देने एवं विकास की नई ऊंचाइयों को छूने का संकल्प लिया।

# विकास की ओर अग्रसर है मधेपुरा : डॉ. ओम

## 44 वां मधेपुरा जिला स्थापना दिवस पर सृजन दर्पण के तहत आयोजित हुई संगोष्ठी

प्रात: किरण संवाददाता




मधेपुरा जिला मुख्यालय के कृष्णापुरी मुहल्ला में गुरुवार के संध्या 44 वां मधेपुरा जिला स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में सक्रिय संस्था सृजन दर्पण द्वारा ह्लविकास की ओर मधेपुरा के बढ़ते चरणह्न विषय पर संगोष्ठी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ओमप्रकाश ओम ने किया। जबकि संगोष्ठी का विषय प्रवेश संस्था सचिव सह रंग निर्देशक विकास कुमार ने करते हुए कहा 1981 से लगातार विकास की ओर अग्रसर मधेपुरा अपनी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के कारण सुगमता से सफर तय किया। आगे उन्होंने कहा विकास के लगभग मानक तत्व यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी विकास के बेहतरीन संस्थान यहां स्थापित हो चुके हैं। अब इन संसाधनों का समुचित उपयोग करके वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ियों का एक बेहतर भविष्य बनाना। चिंतकों एवं मनीषियों का दायित्व है। उन्होंने यह भी कहा मधेपुरा का अपना वैशिष्ट्य पुरातन काल से रहा है। रामायण, महाभारत से लेकर विभिन्न बड़े बड़े राजवंशों के कुछेक अवशेष यहां मिले हैं। ऋषि श्रृंग काल से है यहां के जाग्रत चेतना का प्रमाण मिलता है। आधुनिक भारतीय राजनीति के चिंतकों मनीषियों में रास बिहारी बोस, सामाज वाद के पुरोधा भूपेंद्र नारायण मंडल, बिहार कानून मंत्री शिवनंदन प्रसाद मंडल, मंडल आयोग अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बी.पी. मंडल जैसे चेतना सम्पन्न सपूत की प्रसूता मधेपुरा की धरती है। इनके काम ने राष्ट्रीय फलक पर लोगों को प्रभावित किया। संस्था अध्यक्ष डॉ. ओम ने कहा मधेपुरा जिला बनने से पूर्व इसे गढ़ने में यहां के स्वप्नद्रष्टा दधिचियों ने दीर्घकालिक विकास की एक मजबूत नींव डाली जिनकी चर्चा के बिना वर्तमान मधेपुरा को बेमानी होगी, ये है कीर्ति नारायण मंडल और कमलेशरी बाबू कोशी की विनाश लीला से ग्रस्त जनमानस में शिक्षा की रोशनी की आवश्यकता के लिए इन्हें ने अविस्मरणीय कार्य किया। टीपी कॉलेज एवं पीएस कॉलेज के साथ ट्रेनिंग कालेज का तत्कालीन समाज को शिक्षित एवं जागरूक करने में अहम रोल है। आगे चलके इस संस्थानों ने की शिक्षाविद् राजनेता और समाज सुधारक दिये। संगोष्ठी का संचालन सृजन दर्पण के सक्रिय सदस्य विधा सागर ने करते हुए कहा मधेपुरा की माटी की अपनी शान कितना कोई करें बखान...। अन्य वक्ताओं ने भी अपनी संगोष्ठी में अपनी बात रखें। इस अवसर पर संस्था सदस्य सौरभ सुमन, नीरज कुमार, दिलीप, सोनु, संतोष, बिमलेश, मुकेश, आनंद, सुचित, शिवजी, ज्योति, आरती, रंजना, शिल्पी किरण, गुड़िया, सोनी, अर्पणा, किरण, मोना आदि मौजूद रहे।

# लगातार 09 दिनों से हरला विद्यालय में लटके ताले की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को किया निलंबित

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरला के प्रधानाध्यापक चमकलाल पासवान को निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा विभाग द्वारा प्रधानाध्यापक चमक लाल पर विद्यालय से अनुपस्थित रहने, विद्यालय के सारे कमरे तथा प्रधानाध्यापक कक्ष बंद रखने, जिस कारण बच्चों को बरामदे पर बैठकर पढाई करने, उनका उपस्थिति दर्ज नहीं होने एवं मध्याहन भोजन से बच्चे लाभान्वित नहीं होने से संबंधित आरोपों को लेकर निलंबित किया गया है। चमक लाल पासवान को निलम्बन अवधि में मुख्यालय प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय खैरा निर्धारित किया गया है, इस दौरान इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वहन भत्ता देय होगा। इसके साथ ही प्रधानाध्यापक पर आरोप पत्र अलग से गठित किया जायेगा।आपको बता दें कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरला में प्रधानाध्यापक चमक लाल पासवान द्वारा 30 अप्रैल को बिना किसी वजह के विद्यालय की कक्षा और कार्यालय में ताला लगा दिया गया था। ताला लगाने के बाद लगातार चमक लाल विद्यालय से अनुपस्थित थे। जिसके वजह से विद्यालय के बच्चों को बाहर बरामदे में बैठकर पढ़ाई करना पड़ रहा था। वही इस दौरान विद्यालय में ना तो शिक्षक और छात्रों का अटेंडेंस बन रहा था और ना ही बच्चों को मिड डे मील मिल पा रहा था। इन समस्याओं को लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरला के शिक्षक लगातार वीडियो वायरल कर स्कूल में ताला खुलवाने की गुहार लगा रहे थे।इसके बाद 9 मई को विद्यालय का ताला शिक्षा विभाग के हस्तक्षेप के बाद खुलवाया गया। इस मामले में जमुई जिलाधिकारी राकेश कुमार ने संज्ञान लिया था, जिसके बाद उन्होंने जांच का आदेश दिया था। लापरवाह हेड मास्टर पर कार्यवाई की जानकारी जिलाधिकारी ने दिया है।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## सैम पित्रौदा का बयान- घर में आग लग रही, घर के चिराग से....?

घर में आग लगाने के लिए जब दोस्तों के हाथों में ही माचिस हो तो फिर ऐसे वक्त में दुश्मनों की क्या जरूरत है? आज भारत के प्रमुख प्रतिपक्षी राष्ट्रीय दल कांग्रेस की यही स्थिति है, दो-दो पूर्व प्रधानमंत्रियों इंदिरा जी और राजीव जी के मुख्य सलाहकार और सूचना क्रांति के जनक सैम पित्रौदा आज कांग्रेस में इसी भूमिका में है, वे अब अप्रवासी भारतीय के रूप में अमेरिका में रहते है और वहीं से देश में राजनीतिक आग लगाने की कौशिश कर रहे है, लोकसभा चुनाव का समय ही उन्होंने अपने विवादित बयानों के लिए तयकर रखा है, 2019 के लोकसभा चुनावों के समय उन्होंने विरासत टेक्स सम्बंधी विवादित बयान दिया था और अब उन्होंने इस लोकसभा चुनाव के दौरान रंगभेद सम्बंधी विवादित बयान देकर विदेशियों के त्वचा रंग से हमारे भारतीयों की तुलना सम्बंधी विवादित बयान दिया है।

इंदिरा-राजीव के प्रधानमंत्री काल में उनके मुख्य सलाहकार की भूमिका में रहे सैम पित्रौदा ने ओवरसिज कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर रहते उक्त विवादित बयान दिया और बयान के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ही नही, पार्टी की सदस्यता से भी नाता तोड़ लिया।

अमेरिका में विराजित सैम पित्रौदा ने अपने इस विवादित बयान में कहा कि- भारत के पूर्व वाले चीनी, दक्षिण वाले अफ्रीकन, उत्तर वाले अंग्रेज और पश्चिम वाले अरबी दिखाई देते है। और जब इस बयान से राजनीतिक विवाद बढ़ गया और प्रधानमंत्री जी मोदी ने इसे कांग्रेस विरोधी प्रचार का एक प्रमुख हिस्सा बना लिया तो पित्रौदा ने ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष पद के साथ कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। इस विवादित बयान के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि- वैसे में गुस्सा करता नहीं हूँ किंतु पित्रौदा के इस बयान के बाद मुझे बहुत गुस्सा आ रहा है। मुझे लोग गाली दे तो मैं गाली सुनने को तैयार हूँ, लेकिन शहजादे (राहुल) के फिलासफर ने इतनी बड़ी गाली दी है कि मेरे मन में गुस्सा भर गया है, अब क्या मेरे देश में चमड़ी का रंग देख कर लोगों की योग्यता तय होगी? चमड़ी के रंग का खेल खेलने का हक शहजादे को किसने दिया? संविधान को लेकर नाचने वाले लोग मेरे देश का अपमान कर रहे हैं। इस प्रकार लोकसभा चुनाव प्रचार के इस चौथे चरण के दौर में सैम पित्रौदा के बयान ने खलबली मचा दी है और मोदी ने इसे एक प्रमुख मुद्दा बना लिया है, यद्यपि कांग्रेस ने पित्रौदा के विवादित बयान की अलोचना कर उससे अपना पल्ला झाड़ लिया है, किंतु फिर भी यह विवाद राजनीतिक दृष्टि से क्या गुल खिलाता है, यह देखना विस्मयकारी होगा? यद्यपि कांग्रेस स्वयं दबी जुबान पित्रौदा के इस बयान को हार की खाई में धक्का बता रही है, क्योंकि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की स्थिति पहले से कोई बेहतर नही बताई जा रही थी, अब ऐसे में पित्रौदा के इस बयान ने कांग्रेस को और एक बड़ा आघात पहुंचाया है और इस बयान को इसीलिए मोदी जी ने अपना प्रमुख राजनीतिक हथियार बना लिया है। वैसे भी अभी से चुनावी भविष्य वक्ताओं ने तीसरी बार मोदी के प्रधानमंत्री बनने की भविष्यवाणी तो कर ही दी है और इसी बीच पित्रौदा के इस बयान ने कांग्रेस की पीठ में एक छुरे का काम किया है। और... इसीलिए मोदी जी ने इसे हाथों-हाथ लिया और तेलंगाना की सभा के दौरान इस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया भी प्रकट कर दी, और अब यह विवाद अभी से कांग्रेस के लिए कलंक साबित होने लगा है। इस प्रकार कुल मिलाकर देश का चुनावी माहौल वैसे ही मोदी के पक्ष में था, कांग्रेस उसे धुमिल करने का प्रयास भी कर रही थी, किंतु अंकल के इस बयान के बाद वह काफी निराश हो गई है, अब इस प्रकार घरवाला ही घर में आग लगा रहा है, तो घर को स्वाहा होने से कौन रोक सकता है?

## अक्षय लोकतंत्र का उत्सव है चुनाव

राकेश अचल

चुनाव लत्ता-लपेड़ी करने का नहीं बल्कि लोकतंत्र को अक्षय बनाने का उत्सव है, लेकिन दुर्भाग्य कि हमारे नेता इस उत्सव को उत्सव की तरह न मनाकर एक-दूसरे का चीर-हरण करने में लगे हैं। राजनीतिक संवाद इतने निचले स्तर पर आ चुका है कि अब लज्जा आने लगी है। लज्जा आये भी क्यों न? आखिर हम विश्व गुरु हैं। बात चुनाव से पहले लोकतंत्र की करें। हमारा लोकतंत्र अक्षय है, ये मानने में पता नहीं क्यों लोगों को शर्म आती है। पता नहीं क्यों लोग लोकतंत्र को लेकर आशंकित है। एक-दूसरे कि सामने नए-नए हौआ खड़े कर रहे हैं। कभी मुसलमानों का हौआ, कभी मंगलसूत्र छीने जाने का हौआ, और तो और अब सैम अंकल कि भाषण का हौआ।

सवाल ये है कि क्या सचमुच इन हौओं से हमारा लोक और हमारा लोकतंत्र भयभीत होकर फैसला करने लगेगा। सत्ता हासिल करने कि लिए सत्तारूढ़ दल लगातार हौओं कि सहारे चुनाव लड़ रही है, जबकि उसे एक दशक तक सत्ता में रहने कि बाद अपनी उपलब्धियों कि आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए था। प्रतिपक्ष ये हौवे खड़े करे तो समझ में आता है, लेकिन यहां तो उलटी गंगा बह रही है। सत्तारूढ़ दल प्रतिदिन एक नया हौआ खोजकर लाता है। मजे की बात ये है कि ये तमाम हौवे ऐसे हैं जो मतदान को प्रभावित करने कि बजाय उलटे पड़ रहे हैं। हंसी तो तब आयी जब माननीय प्रधानमंत्री जी ने राहुल गांधी से सवाल किया कि वे आजकल अडानी-अम्बानी के खिलाफ क्यों नहीं बोल रहे? क्या उन्हें टेम्पो में भरकर पैसे दे दिए हैं इन लोगों ने? माननीय भूल गए की जब राहुल गांधी संसद से लेकर सड़क तक अडानी से मिले 20 लाख करोड़ के बारे में सवाल करते थे तब उनकी तारीफ तो किसी ने नहीं की, बल्कि सत्तारूढ़ दल, दल के नेता गुड़ खाकर बैठे रहे थे।

मुझे कभी-कभी ऐसा लगता है कि अब शायद अडानी-अम्बानी ने भी सत्तारूढ़ दल से अपना हाथ खींच लिया है। इन दोनों उद्योग घरानों को भी देश में संभावित परिवर्तन की आहट सुनाई देने लगी है। अन्यथा इन दोनों ने तो दस साल में खुद के साथ-साथ सत्तारूढ़ दल को भी मालामाल ही किया था। अडानी-अम्बानी केवल उद्योगपति ही नहीं बल्कि मौसम वैज्ञानिक भी हैं। उन्हें आभास हो जाता है आने वाले दिनों का। वे जानते हैं कि कब अच्छे दिन आएंगे और कब बुरे दिन आएंगे। तदनुसार ही वे अपना व्यवहार तय करते हैं। लोकतंत्र के उत्सव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं यानि आधी से ज्यादा लोकसभा सीटों के लिए जनता मतदान कर चुकी है। अब चौथा चरण 13 मई को है। ये ही सबसे कठिन चरण है। इसमें 96 सीटों के लिए चुनाव होना है। इन 96 सीटों में से आधी तो इस तमिलनाडु और तेलंगाना में हैं जहां पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा को तिल रखने के लिए भी जगह नहीं मिली थी। चुनाव के चौथे चरण से पहले देश अक्षय तृतीया का पर्व मना चुका है। संयोग से इस वर्ष अक्षय तृतीया पर बहुत ही शुभ और दुर्लभ संयोग बना हुआ है। 100 वर्षों बाद अक्षय तृतीया पर गजकेसरी योग का संयोग है। इसके अलावा अक्षय तृतीया पर धन, शुक्रादित्य, रवि, शश और सुकर्मा योग का निर्माण हुआ है। अक्षय जिसका मतलब होता है कि जिसका कभी क्षय न हो। दुर्भाग्य से हम लोकतंत्र को अक्षय मानने के बजाय सोने-चांदी के आभूषण को अक्षय मानते हैं और इस तरह की चीजों की खरीदारी करते हैं लेकिन लोकतंत्र पर ध्यान नहीं देते। अक्षय तृतीया के दिन मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा उपासना करने से जीवन में सुख-समृद्धि और धन-वैभव की प्राप्ति होती है। शायद ऐसा होता भी हो लेकिन ये तभी मुमकिन है जब कि देश में लोकतंत्र अक्षय हो। अक्षय तृतीया से ही त्रेता और सतयुग का आरंभ हुआ था। मुझे लगता है कि इस साल भी देश में अक्षय लोकतंत्र की बहाली हो सकती है।

लोकतंत्र को बचाने के अभी अवसर हाथ से गए नहीं है। अभी देश की जनता ने कुल 282 लोकसभा सीटों के लिए मतदान किया है। अभी 13 मई से 1 जून तक उसे 260 और सीटों के लिए मतदान करना है। जनता के पास अवसर है कि वो अपनी भूल-चूक को सुधार सकती है। देश की जनता को तय करना है कि वो परिवर्तन चाहती है या भाजपा को 400 पार कराना चाहती है। लोकतंत्र में सही नतीजे हासिल करने कि लिए आवश्यक है कि मतदाता को न तो भ्रमित किया जाये और न उसे कोई हौआ दिखाकर डराया जाये। हंसी आती है जब चुनाव कि वक्त सरकार हिन्दू-मुसलमान की आबादी कि आंकड़े जनता कि समक्ष परोसती है। ये एक तरह का अपराध है। इससे लोकतंत्र मजबूत नहीं होता। पता नहीं भाजपा क्या चाहती है? उसका इरादा हिन्दुओं और मुसलमानों कि बीच प्रजनन दर बढ़ाने की प्रतिस्पर्द्धा करने का तो नहीं है! मुश्किल ये है कि इस तरह की मूर्खताओं को लेकर न हमारी अदालतें बोलतीं हैं और न सामाजिक संगठन। आरएसएस तो इस मुद्दे पर सरकार कि सुर में सुर मिलता दिखाई देता है। जनता ही इन मूर्खताओं कि लिए राजनीतिक दलों को सजा दे सकती है बशर्ते कि जनता जरिये। हालांकि मशीनें अभी भी सरकार कि अधीन और स्वामिभक्त ब

# भारत में गरीबी उन्मूलन पर पूर्व में गम्भीरता से ध्यान ही नहीं दिया गया

**यह सब दरअसल भारत में तेज गति से हुए वित्तीय समावेशन के चलते सम्भव हुआ है। याद करें वर्ष 1947, जब देश ने राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी, उस समय देश की अधिकतम आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थी। जबकि, भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है एवं भारत को ह्यसोने की चिड़ियाह्ल कहा जाता था। परंतु, पहिले अरब से आक्रांताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने भारत को जमकर लूटा तथा देश के नागरिकों को गरीबी की ओर धकेल दिया। भारत में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत से ह्यगरीबी हटाओह्ल के नारे तो बहुत लगे परंतु, गरीबी नहीं हटी। ह्यगरीबी हटाओह्ल के नारे के साथ राजनैतिक दलों ने कई बार सता हासिल की किंतु देश से गरीबी हटाने के गम्भीर प्रयास शायद कभी नहीं हुए और गरीब वर्ग को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा। भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को वर्ष 2014 में लागू किया गया जिसके माध्यम से आम नागरिकों के बैंकों में बचत खाते खोले गए, आवश्यकता आधारित ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, धन के प्रेषण की सुविधा, बीमा तथा पेंशन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस योजना के अंतर्गत जमाराशि पर ब्याज मिलता है, हालांकि बचत खाते में कोई न्यूनतम राशि रखना आवश्यक नहीं है। एक लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा भी मिलता है। साथ ही, इस योजना के माध्यम से दो लाख रुपए का जीवन बीमा उस लाभार्थी को उसकी मृत्यु पर सामान्य शर्तों पर मिलता है।**



**प्रहलाद सबनानी**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**



भारत में हाल ही के वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में आई भारी कमी के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक एवं विकसित देशों के कई वित्तीय एवं आर्थिक संस्थानों ने भारत की आर्थिक नीतियों की मुक्त कंठ से सराहना की है। यह सब दरअसल भारत में तेज गति से हुए वित्तीय समावेशन के चलते सम्भव हुआ है। याद करें वर्ष 1947, जब देश ने राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी, उस समय देश की अधिकतम आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थी। जबकि, भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है एवं भारत को ह्यसोने की चिड़ियाह्ल कहा जाता था। परंतु, पहिले अरब से आक्रांताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने भारत को जमकर लूटा तथा देश के नागरिकों को गरीबी की ओर धकेल दिया। भारत में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत से ह्यगरीबी हटाओह्ल के नारे तो बहुत लगे परंतु, गरीबी नहीं हटी। ह्यगरीबी हटाओह्ल के नारे के साथ राजनैतिक दलों ने कई बार सता हासिल की किंतु देश से गरीबी हटाने के गम्भीर प्रयास शायद कभी नहीं हुए और गरीब वर्ग को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा। भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को वर्ष 2014 में लागू किया गया जिसके माध्यम से आम नागरिकों के बैंकों में बचत खाते खोले गए, आवश्यकता आधारित ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, धन के प्रेषण की सुविधा, बीमा तथा पेंशन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस योजना के अंतर्गत जमाराशि पर ब्याज मिलता है, हालांकि बचत खाते में कोई न्यूनतम राशि रखना आवश्यक नहीं है। एक लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा भी मिलता है। साथ ही, इस योजना के माध्यम से दो लाख रुपए का जीवन बीमा उस लाभार्थी को उसकी मृत्यु पर सामान्य शर्तों पर मिलता है।

भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को सफलता पूर्वक लागू करने के बाद प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना को भी लागू किया गया जिसके अंतर्गत केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग के हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि को सीधे ही हितग्राहियों के बचत खातों में जमा कर दिया जाता है। इससे विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को 100 प्रतिशत लाभ की राशि सीधे ही उनके हाथों में पहुंच जाती है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के अंतर्गत, वर्ष 2013 के बाद से 31 मार्च 2022 तक, 24.8 लाख करोड़ रुपए की राशि सीधे ही लाभार्थियों के बचत खातों में जमा की जा चुकी है, इसमें अकेले वित्तीय वर्ष 2021-22 में ही 6.3 लाख करोड़ रुपए की राशि लाभार्थियों के बचत खातों में हस्तांतरित की गई थी। वर्ष 2014 के पूर्व तक जब इन लाभार्थियों के बचत खाते विभिन्न बैंकों में नहीं खुले थे तब तक कांग्रेस एवं अन्य सरकारों के शासनकाल के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि सामान्यतः नकद राशि के रूप में इन लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जाती थी।

आपको शायद ध्यान होगा कि एक बार देश के प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी ने कहा था कि केंद्र सरकार से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि के एक रुपए में से केवल 16 पैसे ही लाभार्थियों तक पहुंच पाते हैं। शेष 84 पैसे इन योजनाओं को चलाने वाले तंत्र की जेब में पहुंच जाते है। अब आप स्वयं आंकलन करें कि यदि बैंक में 50 करोड़ लाभार्थियों के बचत खाते नहीं खुले होते और यदि उक्त वर्णित केवल 8 वर्षों के दौरान उपलब्ध कराई गई 25 लाख करोड़ रुपए से अधिक की सहायता राशि केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न लाभार्थियों को नकद राशि के रूप में उपलब्ध कराई जाती तो इन लाभार्थियों के पास केवल 4 लाख करोड़ रुपए की राशि ही पहुंच पाती एवं शेष 21 लाख करोड़ रुपए की राशि इन योजनाओं को चलाने वाले तंत्र के पास ही रह जाती। अब आप आगे एक और कल्पना कर लीजिये कि पिछले 70 वर्षों के दौरान कितनी भारी भरकम राशि इन गरीब हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पाई होगी। इस राशि का आकार शायद आपकी कल्पना से भी परे है। सहायता की यह राशि यदि गरीबों तक पहुंच गई होती तो शायद हो सकता है कि देश से अभी तक गरीबी भी दूर हो चुकी होती। अब जब प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के अंतर्गत सहायता की राशि हितग्राहियों के खातों में सीधे ही पहुंच रही है तो देश से गरीबी भी तेजी से कम होती दिखाई दे रही है, जिसकी तारीफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुक्त कंठ से हो रही है। पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भारतीय बैंकों के माध्यम से इस दृष्टि से बहुत ठोस कार्य किया गया है। न केवल 50 करोड़ से अधिक बचत खाते विभिन्न भारतीय बैंकों में खोले गए हैं बल्कि आज इन बचत खातों में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि भी जमा हो गई है और बचत की यह भारी भरकम राशि बैंकों द्वारा देश के आर्थिक विकास में उपयोग की जा रही है। इस प्रकार, भारत का गरीब वर्ग भी इन बैंक खातों के माध्यम से देश के आर्थिक विकास में प्रत्यक्ष रूप से अपना योगदान देता हुआ दिखाई दे रहा है। उक्त 50 करोड़ से अधिक बचत खातों में 50 प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं, अर्थात अब भारतीय महिलाएं, ग्रामीण महिलाओं सहित, भी आत्मनिर्भर बनती जा रही हैं।

भारी मात्रा में खोले गए इन बचत खातों के माध्यम से गरीब वर्ग के नागरिकों का बैंकिंग सम्बंधी इतिहास भी धीरे धीरे विकसित हो रहा है, जिससे इस वर्ग के नागरिकों को बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करने में आसानी होने लगी है। केंद्र सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से लागू की जा रही विभिन्न प्रकार की ऋण योजनाओं का लाभ भी अब गरीब वर्ग को मिलने लगा है। कोरोना महामारी के तुरंत बाद जब देश में स्थितियां सामान्य बनने की ओर अग्रसर हो रहीं थीं तब केंद्र सरकार ने खोमचा वाले, रेहड़ी वाले एवं ठेलों पर अपना सामान बेचकर छोटे छोटे व्यवसाईयों द्वारा अपना व्यापार पुनः प्रारम्भ करने के उद्देश्य से एक विशेष ऋण योजना प्रारम्भ की थी। इस योजना

# पीर पराई चुनावी मुद्दा क्यों नहीं बनता?

**एक समय था कि जब लोग देश के नेताओं के सार्वजनिक जीवन में आचरण का अनुसरण करते थे। नेताओं को भी समाज में अपनी छवि व प्रतिष्ठा की फिक्र रहती थी। लेकिन हाल के वर्षों में राजनीति में कई क्षत्रप परिवारों के ऐसे नेता भी सामने आए हैं जिन्होंने सत्तामद में चूर होकर तमाम नैतिकताओं व मयार्दाओं को ताक पर रखा। पिछले दिनों कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दशार्या है। वही रांची में एक पुराने मामले की जांच कर रही ईडी को रेड में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के घर पर काम करने नौकर के यहां से 39 करोड कैश बरामद हुआ है। यौन उत्पीड़न, दुराचार, भ्रष्टाचार एवं देशद्रोह पर सवार नेताओं एवं दागदार उम्मीदवारों से जुड़ा यह चुनाव लोकतंत्र पर एक गंभीर प्रश्न है। हमारी राजनीति एक त्रासदी बनती जा रही है। राजनेता सत्ता के लिये सब कुछ करने लगा और इसी होड़ में राजनीति के आदर्श ही भूल गया, यही कारण है देश की फिजाओं में विषमताओं और विसंगतियों का जहर घुला हुआ है और कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं देती। डर लगता है राजनीतिक भ्रष्टाचारियों से, अपराध को मंडित करने वालों से, सत्ता का दुरुपयोग करने वालों से, देश की एकता एवं अखण्डता को दांव पर लगाने वालों से एवं यौन उत्पीड़न व दुराचार से नारी अस्मिता को नौंचने वालों से।**



**ललित गर्ग**
**लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं**



लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण पुरा हो गया है, जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं राजनेताओं एवं उम्मीदवारों के दागदार चरित्र की परते खुलती जा रही है। एक समय था कि जब लोग देश के नेताओं के सार्वजनिक जीवन में आचरण का अनुसरण करते थे। नेताओं को भी समाज में अपनी छवि व प्रतिष्ठा की फिक्र रहती थी। लेकिन हाल के वर्षों में राजनीति में कई क्षत्रप परिवारों के ऐसे नेता भी सामने आए हैं जिन्होंने सत्तामद में चूर होकर तमाम नैतिकताओं व मयार्दाओं को ताक पर रखा। पिछले दिनों कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दशार्या है। वही रांची में एक पुराने मामले की जांच कर रही ईडी को रेड में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के घर पर काम करने नौकर के यहां से 39 करोड कैश बरामद हुआ है। यौन उत्पीड़न, दुराचार, भ्रष्टाचार एवं देशद्रोह पर सवार नेताओं एवं दागदार उम्मीदवारों से जुड़ा यह चुनाव लोकतंत्र पर एक गंभीर प्रश्न है। हमारी राजनीति एक त्रासदी बनती जा रही है। राजनेता सत्ता के लिये सब कुछ करने लगा और इसी होड़ में राजनीति के आदर्श ही भूल गया, यही कारण है देश की फिजाओं में विषमताओं और विसंगतियों का जहर घुला हुआ है और कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं देती। डर लगता है राजनीतिक भ्रष्टाचारियों से, अपराध को मंडित करने वालों से, सत्ता का दुरुपयोग करने वालों से, देश की एकता एवं अखण्डता को दांव पर लगाने वालों से एवं यौन उत्पीड़न व दुराचार से नारी अस्मिता को नौंचने वालों से।

देश दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। समाज में बहुत कुछ बदला है, मूल्य, विचार, जीवन-शैली, वास्तुशिल्प सब में परिवर्तन है। चुनाव प्रक्रिया बहुत खचीर्ली होती जा रही है। ईमानदार होना आज अवगुण है। अपराध के खिलाफ कदम उठाना पाप हो गया है। धर्म और अध्यात्म में रुचि लेना साम्प्रदायिक माना जाने लगा है। किसी अनियमितता का पदार्फाश करना पूर्वाग्रह माना जाता है। सत्य बोलना अहम् पालने की श्रेणी में आता है। साफगोही अव्यावहारिक है। भ्रष्टाचार को प्रश्रय नहीं देना समय को नहीं पहचानना है। चुनाव के परिप्रेक्ष्य में इन और ऐसे बुनियादी सवालों पर चर्चा होना जरूरी है। आखिर कब तक राजनीतिक स्वार्थों के नाम पर नयी गढ़ी जा रही ये परिभाषाएं समाज और राष्ट्र को वीभत्स दिशाओं में धकेलती रहेगी? विकासवाद की तेज आंधी के नाम पर हमारा देश, हमारा समाज कब तक भुलावे में रहेगा? चुनाव के इस महायज्ञ में सुधार की, नैतिकता की, मूल्यों की, सिद्धान्तों की बात कहीं सुनाई नहीं दे रही है? दूर-दूर तक कहीं रोशनी नहीं दिख रही है। बड़ी अंधेरी और घनेरी रात है। न आत्मबल है, न नैतिक बल। महान एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिए आयोज्य यह चुनावरूपी महायज्ञ आज महाभारत बनता जा रहा है, मूल्यों और मानकों की स्थापना का यह उपक्रम किस तरह लोकतंत्र को खोखला करने का माध्यम बनता जा रहा है, यह गहन चिन्ता और चिन्तन का विषय है। विशेषतः चारित्रिक अवमूल्यन, आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को प्रश्रय देने का चुनावों में नंगा नाच होने लगा है और हर दल इसमें अपनी शक्ति का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन कर रहे हैं। बात केवल चुनावी चंदे ही नहीं बल्कि विदेशों से मिलने वाले चंदों की भी है। आज सवाल बहुत बड़ा है और वह है भारत की राजनीति को प्रत्यक्ष विदेशी प्रभाव से बचाना। आम आदमी पार्टी पर जिन कथित भारत-विरोधी विदेशी ताकतों से भारी राशि लेने के आरोप लगे हैं, वह हमारी समूची चुनाव प्रणाली के लिए चुनौती है। क्या कभी सत्तापक्ष या विपक्ष से जुडे. लोगों ने या नये उभरने वाले राजनीतिक दावेदारों ने, और आदर्श की बातें करने वाले लोगों ने, अपनी करनी से ऐसा कोई अहसास दिया है कि उन्हें सीमित निहित स्वार्थों से ऊपर उठा हुआ राजनेता समझा जाए? यहां नेताओं के नाम उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं न ही राजनीतिक दल महत्वपूर्ण है, महत्वपूर्ण है यह तथ्य कि इस तरह का कूपमण्डूकी नेतृत्व कुल मिलाकर देश की राजनीति को छिछला ही बना सकता है। सकारात्मक राजनीति के लिए जिस तरह की नैतिक निष्ठा की आवश्यकता होती है, और इसके लिए राजनेताओं में जिस तरह की परिपक्वता की अपेक्षा होती है, उसका समूचे विपक्षी दलों में अभाव एक पीड़ादायक स्थिति का ही निर्माण कर रहा है। और हम हैं कि ऐसे नेताओं के निर्माण में लगे हैं! चुनावों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुरूआत मानी जाती है, पर आज चुनाव लोकतंत्र का मखौल बन चुके हैं। चुनावों में वे तरीके अपनाएं जाते हैं जो लोकतंत्र के मूलभूत आदर्शों के प्रतिकूल पड़ते हैं। इन स्थितियों से गुरजते हुए, विश्व का अव्वल दर्जे का कहलाने वाला भारतीय लोकतंत्र आज अराजकता के चौराहे पर है। जहां से जाने वाला कोई भी रास्ता निष्कंटक नहीं दिखाई देता। इसे चौराहे पर खडे. करने का दोष जितना जनता का है उससे कई गुना अधिक राजनैतिक दलों व नेताओं का है जिन्होंने निजी व दलों के स्वार्थों की पूर्ति को माध्यम बनाकर इसे बहुत कमजोर कर दिया है। आज ये दल, ये लोग इसे दलदल से निकालने की क्षमता खो बैठे हैं। महाभारत की लड़ाई में सिर्फ कौरव-पांडव ही प्रभावित नहीं हुए थे। उस युद्ध की चिंगारियां दूर-दूर तक पहुंची थीं। साफ दिख रहा है कि इस महाभारत में भी कथित अराजक राजनीतिक एवं आर्थिक ताकतें अपना असर दिखाने की कोशिश कर रही है, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे।

# अव्यवस्थित सड़क निर्माण भी विकास को प्रभावित करता है

वासुदेव डेण्डोर

देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे फेज के वोटिंग प्रक्रिया भी समाप्त हो चुकी है. शहरी क्षेत्रों के साथ साथ देश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस बार के चुनाव में विकास के जिन बुनियादी मुद्दों पर जनता अपनी राय व्यक्त कर रही है उसमें बिजली, पीने का साफ पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ साथ उन्नत सड़कें अहम है. पिछले कुछ दशकों में सरकारों ने सड़कों को बेहतर बनाने में विशेष ध्यान दिया है. देश में सड़कों का जाल बिछाया गया है. न केवल नेशनल और राज्य मार्ग बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को भी बेहतर और पक्के बनाने का काम किया गया है. वर्ष 2000 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरूआत ने देश के ग्रामीण सड़कों की हालत को बदल दिया है. पिछले वर्ष दिसंबर में ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पीएमजीएसवाई के अंतर्गत अब तक तीन चरणों में काम हुआ है. जिसके तहत 8,14,522 किमी की लंबाई की 1,86,541 ग्रामीण सड़कों के निर्माण को स्वीकृति दी जा चुकी है. इसमें अब तक लगभग 7,49,363 किमी की लंबाई की 1,77,628 ग्रामीण सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है.

यह आंकड़े बताते हैं कि सड़कों के माध्यम से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास के लक्ष्य को पूरा किया जा रहा है. लेकिन प्रश्न उठता है कि क्या केवल गाँव गाँव तक पक्की सड़कों का जाल बिछा देने से विकास के अंतिम लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है? क्या गाँव में सड़क निर्माण के समय नालियों के निकासी की व्यवस्था को नजरंदाज कर कार्य को पूर्ण माना जा सकता है? यह प्रश्न इसीलिए उठता है क्योंकि देश के कुछ गाँव ऐसे हैं जहां पक्की सड़कें तो पहुंच गई हैं लेकिन नाली निकासी की उचित व्यवस्था को नजरंदाज कर दिया गया, परिणामस्वरूप सड़कों पर बहता नाली का पानी विकास की आधी अधूरी गाथा को बयां करता है. इसकी एक मिसाल राजस्थान के उदयपुर स्थित मनोहरपुरा गांव का रंगा स्वामी बस्ती है, जहां अव्यवस्थित सड़क निर्माण ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है. करीब एक हजार की आबादी वाला गांव मनोहरपुरा गाँव राजस्थान के पर्यटन नगरी उदयपुर शहर से मात्र चार किमी की दूरी पर आबाद है. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल यह गांव समुदाय के अनुसार अलग अलग बस्तियों में बंटा हुआ है. गाँव में प्रवेश करते ही आपको विकास की एक खूबसूरत तस्वीर नजर आएगी. सालों भर पर्यटकों से गुलजार रहने वाले उदयपुर शहर के करीब होने का लाभ इस गांव को भी मिलता महसूस होगा. यहां प्रवेश करते ही सीमेंट से बनी पक्की सड़क स्वागत करती नजर आएगी. सड़क के दोनों ओर पक्की नालियों को देखकर महसूस होगा कि यह गाँव विकास की दौड़ में तेजी से आगे निकल रहा है. लेकिन जैसे जैसे गाँव के अंदर बढ़ते जाएंगे पक्की नाली कहीं नजर नहीं आएगी. कच्चे और टूटी नालियों से उफनता गंदा पानी सड़क पर फैला हुआ नजर आएगा. तो कुछ सड़क किनारे बने घरों में भी बहता नजर आ जाएगा. विशेषकर गांव के अंदर बने प्रताप गौरव केंद्र के आसपास के घरों में नाली से निकला गंदा पानी बहता है. ग्रामीण बताते हैं कि मनोहरपुरा में लोग पिछले 60 वर्षों से रह रहे हैं. गाँव का अंतिम छोड़ एक छोटे से सामुदायिक केंद्र प्रताप गौरव केंद्र के पास जाकर समाप्त होता है. जिसके आसपास अधिकतर रंगा स्वामी समुदाय के लोग आबाद हैं. जिनका पुश्तैनी काम भिक्षा मांगना रहा है. हालांकि इस समुदाय की नई पीढ़ी ने भिक्षा मांगने की जगह स्वरोजगार को प्राथमिकता दी है. लेकिन शिक्षा और जागरूकता के अभाव में इस समुदाय के अधिकतर पुरुष उदयपुर शहर जाकर दैनिक मजदूरी का काम करते हैं. कुछ पड़ोसी राज्य गुजरात के सूरत और अहमदाबाद जाकर बिल्डिंग निर्माण में मजदूरी का काम करते हैं. जबकि समुदाय के अधिकतर लड़के और लड़कियां स्कूल जाने की जगह कचड़ा बीनने का काम करते हैं. शिक्षा से यही दूरी समुदाय के विकास में भी रोड़ा बन रहा है. इस संबंध में रंगा स्वामी समुदाय की 35 वर्षीय संगीता बाई कहती हैं कि नई पीढ़ी में शिक्षा के लिए कुछ रुझान बढ़ा है, लेकिन बहुत अधिक नहीं है. इसीलिए समुदाय के कुछ ही बच्चे दसवीं तक पढ़ सके हैं. जबकि किशोरियां 8वीं से अधिक नहीं पढ़ सकी हैं.

## संक्षिप्त खबरें

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मैराथन दौड़ आयोजित



गया।वरीय पुलिस अधीक्षक, गया* के निदेर्शानुसार, लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण में होने वाले चुनाव के मद्देनजर जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले गया जिला के अतरी विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु आज दिनांक-10 को गया पुलिस एवं गया प्रशासन के सहयोग से गेहलौर के ऐतिहासिक दशरथ मांझी द्वार से तेतर डैम तक कुल 08 किलोमीटर का मैराथन आयोजित किया गया था।इस मैराथन दौड़ में बहुत सारे लोगों ने विशेष कर कई युवाओं ने भाग लिया है।इसके साथ ही वरीय पुलिस अधीक्षक, गया, एसडीएम नीमचक बथानी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीमचक बथानी, सी ओ बी डी ओमोहडा,खिजरसराय प्रखंड, अंचल निरीक्षक, नीमचक बथानी, बीएलओ, जीविका दीदी इत्यादि लोगो ने भी इस मैराथन में हिस्सा लिये तथा इसे सफलतापूर्वक संपन्न किये।अपने मताधिकार का प्रयोग करें लोकतंत्र को सशक्त बनाएं।

### रॉयल हैयर एंड ब्यूटी लाया महिलाओं के लिए 25 प्रतिशत की छुट

गया। पुरुष एवं महिलाओं के लिए अच्छे सैलून गया मे रॉयल हैयर एंड ब्यूटी सैलून का उद्घाटन डॉक्टर प्रेम कुमार के हाथों हुआ था।इस संबंध में मिडिया को जानकारी देते हुए प्रोपराइटर मधु शर्मा ने बताया कि पुरुष के लिए हेयर कट,हेयर का सभी तरह जो पुरुष का ब्लिच,फेशीयल के अलावा पुरुष को एक छत के निचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें अब पुरुष के हेयर कट,ब्रेड,हेयर एस पी ए,क्लिन अप,डी - टेन,मेनीक्युर, पेडीक्योर, गोल्डन कलर, सिर्फ दो हजार नौ सो नीनावे रूपए में वही डी टेन,हेयर ब्रीड,हेयर कट सिर्फ सात सौ रुपए में किया जाएगा वहु महिलाओं को लिए विशेष छुट के साथ वोमेन हेयर कट,सील्क एस पी ए,क्लीन अप,डी टेन जेस , आइब्रो,अप्रलिप्स,फोरहेड सिर्फ बाइस हजार निन्यानवे में वही रुट टच अप , वोमेन हेयर कट,कलर साइन एसपीए, मेनीक्योर, पेडीक्योर दो हजार नौ सो नीनावे में किया जाएगा और दुल्हन और लडकी की पुरी सजावट की भी व्यवस्था मे भी छुट दिया जाएगा।

### शब्दाक्षर द्वारा साहित्यिक काव्य गोष्ठी 12 मई को

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद में राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर के तत्वावधान में साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन 12 मई को आयोजित की जाएगी।इस आशय की जानकारी देते हुए संस्था के संगठन मंत्री सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि रविवार को औरंगाबाद जिले की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट ब्लॉक मोड के प्रांगण में संध्या में काब्य गोष्ठी के मौके पर शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष नागेंद्र केसरी,उपाध्यक्ष जनार्दन मिश्र जलज, जिला मंत्री अनुज बेचैन जिला साहित्य मंत्री प्रियंका पांडेय जिला प्रचार मंत्री हिमांशु चक्रपाणि एवं अर्थ मंत्री अनिल अनल उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रचार मंत्री धनंजय जयपुरी एवं प्रांतीय संगठन मंत्री विनय मामूली बुद्धि की गरिमामई उपस्थित होगी। हाल ही में शब्दाक्षर के जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया था उसमें लिए गए निर्णय के आलोक में प्रत्येक रविवार को काव्य गोष्ठी करने का निर्णय लिया गया था उसी के आलोक में यह काव्य गोष्ठी आयोजित की जा रही है।

### भंडारे के साथ समाप्त हुआ पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के दुर्गा मैदान के प्रांगण में पांच दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ भंडारे के साथ आज समाप्त हो गया।सुबह सवेरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञशाला में हवन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दोपहर में विशेष अनुष्ठान के साथ विश्व शांति के निमित यज्ञशाला में पूणार्हुति की आहुति दी गई।उसके बाद भव्यता एवं दिव्यता के साथ भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें हजारों श्रद्धालु भक्तों ने महाप्रसाद का ग्रहण किया।यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष नवनीत कुमार ने बताया कि पूणार्हुति के बाद शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे आचार्यों की टोली को विदाई दी गई। इस वर्ष यज्ञ के आयोजन से ग्रामीणों में हर्ष देखा गया। लोगों ने यज्ञ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं सनातनी परंपरा को जीवंत करने वास्ते भरपूर सहयोग दिया। यज्ञशाला के बाहर पंडाल के आसपास पूजा पाठ सामग्री के दुकानों से भरी पड़ी थी।बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल तमाशा भी लगाए गए थे जिसमें झूला ब्रेक डांस एवं नाव का झूला भी लगाया गया था जिसका श्रद्धालु भक्तों ने खूब लुफ्त उठाया।

# दवाओं का पूरा कोर्स ही कालाजार की चपेट में आने से करेगा मरीजों का बचाव

## कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के प्रभावित वार्डों में हो रहा आईआरएस का छिड़काव

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिले में कालाजार से लोगों को बचाने के लिए प्रभावित इलाकों में इंडोर रेसिडेंशियल स्प्रे (आईआरएस) के तहत दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। जिसके तहत 11 मई से सदर प्रखंड के लक्ष्मणपुर और भलूंहीपुर में सिंथेटिक पैराथायराइड (एसपी) पाउडर का क्रमवार छिड़काव शुरू होगा। ताकि, इन कालाजार प्रभावित इलाकों के लोगों को बालू मक्खियों के प्रकोप से बचाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग के जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग के स्तर से अब तक जगदीशपुर प्रखंड के सियारुंवा गांव, आरा ग्रामीण में जमीरा, आरा शहरी में धरहरा वार्ड में दवाओं का छिड़काव पूरा कर लिया गया है। जिसके बाद अब शेष चयनित वार्डों में छिड़काव किया जाएगा। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग अपने स्तर से एड़ी चोटी का जोर लगा रहा है। लेकिन, अब कालाजार को जड़ से मिटाने के लिए लोगों की सहभागिता अति आवश्यक हो चुकी है। यह तभी संभव होगा, जब सामुदायिक स्तर पर लोग कालाजार को लेकर जागरूक बनें। इसके लिए लोगों को कालाजार के लक्षणों की पहचान से लेकर इलाज की पूरी जानकारी होनी चाहिए।

**त्वचा के कालाजार की चपेट में दोबारा आते हैं मरीज :** सिविल सर्जन डॉ. ईला मिश्रा ने बताया कि उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में आने के कारण भारत में कम से कम 20 उपेक्षित उष्णकटिबंधीय (एनटीडी) रोग मौजूद हैं। इन रोगों से रोगी में दुर्बलता तो आती ही है, कई स्थितियों में ये पीड़ित व्यक्ति की मौत का कारण भी बनती हैं। उन्होंने बताया कि कालाजार के संबंध में लोगों को यह बात जाननी जरूरी है कि इस बीमारी से पूरी तरह से ठीक हो चुके मरीज दोबारा से इसकी चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में मरीज के शरीर पर त्वचा संबंधी लीशमेनियेसिस रोग होने की संभावना रहती है। इसे त्वचा का कालाजार (पीकेडीएल) भी कहा जाता है।

पीकेडीएल का इलाज पूर्ण रूप से किया जा सकता है। इसके लिए लगातार 12 सप्ताह तक दवा का सेवन करना पड़ता है। साथ ही, इलाज के बाद मरीज को 4000 रुपये का आर्थिक अनुदान भी सरकार द्वारा दिया जाता है। इसलिए पीकेडीएल से बचने के लिए मरीजों को कालाजार के इलाज के दौरान दवाओं का कोर्स पूरा करने की सलाह दी जाती है।

**एनटीडी रोग में कालाजार भी एक प्रमुख रोग :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग में कालाजार भी एक प्रमुख रोग है। इसके कारण जिला समेत पूरे राज्य में हर साल मरीज पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि पीकेडीएल यानी त्वचा का कालाजार एक ऐसी स्थिति है, जब एलडी बॉडी नामक परजीवी त्वचा कोशिकाओं पर आक्रमण कर उन्हें संक्रमित कर देता और वहीं रहते हुए विकसित होकर त्वचा पर घाव के रूप में उभरने लगता है। उन्हें बार-बार बुखार आने लगता है। साथ ही, भूख में कमी, वजन का घटना, थकान महसूस होना, पेट का बढ़ जाना आदि इसके लक्षण के रूप में दिखाई देने लगते हैं। ऐसे व्यक्ति को तुरंत नजदीक के अस्पताल में जाकर अपनी जांच करवानी चाहिए। ठीक होने के बाद भी कुछ व्यक्ति के शरीर पर चकता या दाग होने लगता है। ऐसे व्यक्तियों को भी अस्पताल जाकर अपनी जांच करानी चाहिए।

# द आर्ट ऑफ सैलिंग विषय पर किया मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन




प्रात: किरण संवाददाता

गया।आईआईएम बोधगया ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड आईओसीएल में मध्यम-स्तरीय प्रबंधकों की सेल करने की निपुणता को बढ़ाने के लिए तीन दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम एमडीपी को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। आईआईएम बोधगया निदेशक प्रो. विनीता एस सहाय द्वारा इस कार्यक्रम का उदघाटन किया गया है।जिसमें आईओसीएल मुख्य प्रबंधकएल एंड डी प्रतीक तालुकदार भी उपस्थित रहे, जो "द आर्ट ऑफ सेलिंग" अर्थात सेल करने की कला पर आधारित होकर आईओसीएल प्रतिभागियों के लिए एक परिवर्तनकारी अनुभव रहा। इस कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा, यूपी, दिल्ली और उत्तराखंड जैसे राज्यों से लगभग 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया है। इस कार्यक्रम संयोजक डॉ. चंदन प्रसाद और डॉ. अनुप सोरेन ने इस पहल का नेतृत्व कर एक व्यापक पाठ्यक्रम तैयार किया, जो विशेष रूप से बी2बी बिजनेस टू बिजनेस मार्केट के लिए डिजाइन की गई उन्नत सेल रणनीति के साथ प्रतिभागियों को शिक्षित करने पर केंद्रित रहा। तीन दिनों की अवधि के दौरान, प्रतिभागियों ने खरीदारी के मनोविज्ञान, सेल प्रक्रिया, सेल फॉर्स प्रबंधन, वैल्यू प्रोपोजिशन डेवलपमेंट, मोलभाव से जुडी रणनीति और वैयक्तिकरण रणनीतियों जैसे विषयों पर गहराई से विचार किया, जिससे प्रतिस्पर्धी बाजार में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक अंतर्दृष्टि और उसमें काम आने वाली रणनीतियों का ज्ञान प्राप्त हुआ है।आईआईएम बोधगया उद्योग सम्बन्धी कौशल विकास पर ध्यान देने के साथ-साथ आज के गतिशील कारोबारी माहौल में देश में उत्तम शिक्षा के सृजन एवं विकास में योगदान करने के लिए पेशेवरों और संगठनों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# शहर के सभी मुख्य चौक चौराहा पर पनशाला की व्यवस्था : नगर आयुक्त

प्रात: किरण संवाददाता




गया।भीषण गर्मी को देखते हुए निगम आयुक्त के द्वारा की गई पनशाला की व्यवस्था - भीषण गर्मी एवं लू को देखते हुए गया नगर निगम की नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा के द्वारा शहर के सभी मुख्य चौक चौराहा पर पनशाला की व्यवस्था की गई है।

गया नगर के निम्न स्थलों पर शीतल पेयजल के साथ-साथ औ आर एस उपलब्ध है गांधी मैदान रेन बसेरा संख्या 1 ,गांधी मैदान रेन बसेरा संख्या 4, समाहरणालय के सामने, काशीनाथ मोड ,नई गोदाम, आजाद पार्क, खालिस पार्क, सिकरिया मोड़, गया जंक्शन निगम स्टोर के समीप ,पंचायती अखाड़ा बस स्टैंड के समीप, एवं सरकारी बस स्टैंड । इसके अतिरिक्त रेन बसेरा संख्या 1 एवं रेन बसेरा संख्या 4 मैं कूलर की व्यवस्था की गई है। गर्म हवाएं एवं लू से बचने हेतु निगम आयुक्त द्वारा आपदा विभाग के द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करने एवं निम्न उपाय करने की अपील की गई ।जितनी बार हो सके पानी पिए ,सफर के दौरान पानी हमेशा साथ रखें, बाहर निकलते समय हल्के रंग का सूती कपड़ा एवं ढीला डाला कपड़ा पहने, टोपी गमछा एवं जूता चप्पल पहन कर ही घर से बाहर निकले, अधिक पानी वाले फलों यथा तरबूज ,खरबूज, खीरा, ककड़ी एवं नारंगी का उपयोग अधिक से अधिक करें ।अपने दैनिक भोजन में कच्चा प्याज, सत्तू, पुदीना आदि को शामिल करें ,घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी नमक चीनी का घोल ,छाछ नींबू पानी ,आम पन्ना आदि का नियमित सेवन करें ।जहां तक हो सके कड़ी धूप मैं घर से बाहर न निकले। नगर आयुक्त के आदेश पर गर्म हवा एवं लू से बचने के लिए लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है जिसमें गया नगर निगम क्षेत्र के सभी स्वयं सहायता समूह की बैठक में लगातार लू से बचने एवं आपदा प्रबंधन विभाग की एडवाइजरी का पालन करने हेतु जानकारी दी जा रही है । ज्ञात हो कि गया नगर निगम में कुल 1000 से अधिक स्वयं सहायता समूह कार्यरत हैं , जिसमें 12000 से अधिक परिवार जुड़े हुए हैं।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा परशुराम जयंती मनाई गई

प्रात: किरण संवाददाता



गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन बिहार प्रदेश द्वारा परशुराम जयंती समारोह का आयोजन कर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम जी धरती पर आज ही अक्षय तृतीया पर अवतरित हुए थे और उन्होंने लोगों को मानवता भक्ति और परोपकार का मार्ग दिखाया जो आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाए एवं बधाई दी, ओर कहा कि आज के दिन किया गया दान पुण्य कभी भी क्षय नहीं होता है। इस अवसर पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम ने धर्म के रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों को धारण कर सनातन संस्कृति और धर्म को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा, राणा रंजीत सिंह, आकाश गिरी,छोटू बारीक ,श्याम किशोर मिश्रा, बालमुकुंद पाण्डेय, राजू मिश्रा, शशांक मिश्र,उमेश पूरी, अखिलेश बाबा,प्रतिमा भट्ट सुषमा मिश्रा ,कंगना सिंह, पुनम कुमारी इन्दु भूषण मिश्रा, सुनील मिश्रा, धीरज कुमार पाण्डेय, महेश मिश्रा, आदित्य मिश्रा,कल्पना झा, इन्दु भूषण मिश्रा, वेदव्यास पाण्डेय, राजू मिश्रा,उदय पाण्डेय, समेत कई लोग मौजूद थे।

# आमस पुलिस का अवैध पैसा वसूली का ऑडियो वायरल

शेरघाटी।आमस पुलिस द्वारा अवैध धंधे को बढ़ावा देते हुए पैसे के मांग करते हुए ऑडियो तेजी से हो रहा है, वायरल, मालूम हो कि अवैध पैसे की वसूली को लेकर आमस थाना के एक चौकीदार रवि कुमार एवं थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार का पैसे लेन देन का ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है,

वायरल ऑडियो में सुना जा रहा है,कि1.चौकीदार रवि कुमार थानाध्यक्ष से कहता है कि 25 सौ दे रहा है,थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार ले लीजिए,2.थानाध्यक्ष एक बच्चा से बात करते हुए बात कराओ, बच्चा पापा घर पर है,फिर बात कराओ ठीक या घर का नम्बर दो अच्छा घर पहुँच गए है। 3.थाना प्रभारी समसेर जी थाना पर आइएगा की हम ही आ जाए,समसेर सर घर मे काम लगाए हुए है समय नही मिल रहा है जिसके चलते नही आ रहे है,पुलिस नही 15 दिन से परेशान है आते है,तो आइये भैया आइये,4.चौकीदार बोला विजय के दुकान पर आए है 25 सौ के बात करके गए है,आप पैसा कितना बोले है,दूसरे ओर से 2 हजार में बात किये है,नही 25 सौ कर दो दुकानदार नही होगा अभी 2 हजार रख लीजिए धंधा नही चल रहा है,दूसरी ओर छोड़ दो रहने दो।5. थाना प्रभारी क्या जी फोन आप नहीं उठाते हैं बिजनेस मैन नहीं कर घर में बहुत कम है और काम करवा रहे थे, व्यस्त रहने के चल कारण आपका फोन नहीं उठा पा रहा है, तो देख कर फोन किया कीजिए तो सुनिए क्या पैसा जमा हो गया दूसरा व्यक्ति नहीं कर पाए है तो नहीं हो रहा है, तो किसी दूसरे को डिपुट कर दीजिए और जितना जल्दी पैसा जमा करवा दीजिए।जी सर ठीक है बात कर लेते हैं सबको कह देते हैं पैसा जमा कर देगा।6. चौकीदार सर दुकानदार से जनवरी और फरवरी का पैसा योगेश जी ले लिए थे थाना प्रभारी लाइन पर रहो बात करते हैं थाना प्रभारी ने लाइन पर लेकर उनसे बात किया और पैसा लेने की बात कही।इस तरह हो रहे तेल,कोयला आदि के गोरखधंधा से पुलिस के संरक्षण में फल फूल रहे है और पुलिस की महिना मिलता जा रहा है।

# भुशुंडा नाला के निरीक्षण में मजदूर लगाने का निर्देश

गया । बरसात मोसम को ध्यान में रखते हुए अभिलाषा शर्मा नगर आयुक्त गया नगर निगम द्वारा गया नगर निगम क्षेत्र में किए जा रहे नाला,नाली सफाई का स्थल निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण के क्रम में बॉटम, रामसागर पूर्वी के नाला , मनसर्वा नाला, भुसुंडा नाला में चल रहे सफाई कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया है। बॉटम नाला में निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया गया की और अधिक मजदूर लगाकर सफाई कार्य जल्द पूरा कराएं ।मनसरवा नाला की सफाई के निरीक्षण के क्रम में और अधिक मिट्टी कटवाने की आवश्यकता पाई गई अतः दो शिफ्ट में और अधिक मजदूर एवं मशीन लगाकर सफाई कराने का निर्देश दिया गया है। नाला का अतिक्रमण भी किया गया है अतः नगर प्रबंधक को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। भुशुंडा नाला के निरीक्षण में और मजदूर लगाने एवम मशीन से अच्छी तरह से सफाई कराने का निर्देश दिया गया है।यह भी निर्देश दिया गया कि प्रथम पाली में सक्शन मशीन से एवं द्वितीय पाली में डी सिल्टिंग मशीन से सफाई कराने का निर्देश दिया गया है। दिन में सफाई कराए जाने के क्रम सड़क जाम हो सकती अतः वैसे जगहों पर रात्रि में मशीन से सफाई कराएं। वही निरीक्षण के क्रम निर्देश दिया गया कि नाला एवं नाली की सफाई का वार्डवार नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करने हेतु तीन जोनल पदाधिकारियों उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक एवं सहायक अभियंता शैलेंद्र सिन्हा लगातार निरीक्षण करें।

# विष्णु धाम में अक्षय तृतीया धूमधाम से मनाई गई

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित जम्होर थानांतर्गत विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल, प्रकृति के अमूल्य धरोहर मगध के चार धामों में से एक विष्णु धाम के प्रांगण में अक्षय तृतीया के मौके पर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाई गई। विष्णु धाम के महंत बालकानंद ब्रह्मचारी के नेतृत्व में विष्णु धाम परिसर अवस्थित सभी देवी देवताओं की षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन की गई।तत्पश्चात आंटा गुड़ मिश्रित घोल से बनाया गया पूआ का महाप्रसाद वितरण किया गया। स्थापना दिवस के मौके पर पहुंचे जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि सनातनी परंपरा का महान पर्व अक्षय तृतीया को ही विष्णु धाम की स्थापना हुई थी। महान संत परमहंस खाकी बाबा ने अक्षय तृतीया को ही विष्णु धाम की स्थापना कराई थी।अक्षय तृतीया को सतयुग एवं द्वापर युग की शुरूआत मानी जाती है।भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी का अवतरण दिवस है। ब्रह्मा जी के मानस पुत्र अक्षय कुमार का भी इसी दिन जन्म हुआ था ज्योतिष परंपरा के अबूझ मुहूर्त में से एक अक्षय तृतीया को किए गए जप तप व्रत हजार गुना ज्यादा फल देने वाली होती है। इस दिन किए गए दान विशेष फलदाई होती है एवं जल दान करने की भी परंपरा है।सुबह सवेरे से ही विष्णुधाम परिसर में श्रद्धालु भक्तों का कतार लगा रहा। खासकर महिलाएं कलश में जल लेकर जल दान की परंपरा को मूर्त रूप करती हुई दिखी। पुण्यदायिनी एवं मोक्षदायिनी पुनपुन बटाने के संगम तट पर अवस्थित विष्णु धाम में अक्षय तृतीया को दूर दराज से लोग आते हैं। कुछ लोग यहां सतनारायण भगवान की कथा भी सुनते हैं।

# मगध विश्वविद्यालय के निरीक्षक ने अनीस पंकज मेमोरियल लॉ कॉलेज का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

गया। पावन भूमि पर कानून के पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं के लिए आज मानपुर प्रखंड के अंतर्गत शिखर मोड़ के पास अनीस पंकज मेमोरियल लॉ कॉलेज का निरीक्षण मगध विश्वविद्यालय के निरीक्षक डॉक्टर दीपक कुमार,मनोज कुमार सिंह,विजय कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा कॉलेज का निरीक्षण एवं कॉलेज का प्रस्तावित भूमि पर जाकर निरीक्षण किया निरीक्षण के पूर्व चाणक्य विधि कॉलेज पटना डीन सह विभागीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय कुमार सिन्हा एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय के डीन सह विभागीय अध्यक्ष डॉक्टर पवन मिश्रा के द्वारा कॉलेज का निरीक्षण किया गया सभी आए हुए निरीक्षणकर्ता गाइड लाइन के अंतर्गत मूलभूत सुविधाएं एवं संसाधन का एक एक कर निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में निरीक्षणकर्ता डॉक्टर दीपक कुमार बहुत ही प्रसन्न मुद्रा में कहा जितनी भी सुविधा होना चाहिए था वो यहां प्रयाप्त मात्रा मौजूद हैं एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता मिल जाता हैं तो कानून के पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं को उच्चस्तरीय शिक्षा प्राप्त होगा आज बहुत खुशी का क्षण हैं कि गया में इस तरह का पहल कर कॉलेज खोला जा रहा हैं इसके लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।इस अवसर पर स्वागत करते हुए नवादा विधि कॉलेज के संस्थापक सदस्य सह प्राचार्य शिक्षाविद् डॉ डीएन मिश्रा ने कहा कि गया में सिर्फ एक दो ही कॉलेज में कानून की पढ़ाई होती हैं अगर अनीस पंकज मेमोरियल विधि कॉलेज को मान्यता मिल जाती हैं तो उच्च कोटि का शिक्षा प्राप्त करने के लिए चाणक्य विधि कॉलेज से तीन प्रोफेसर पढ़ाई कराएंगे जो लॉ के छात्र छात्राओं को फायदा मिलेगा इस अवसर पर कॉलेज के सचिव कला देवी ,प्राचार्य अवधेश कुमार सिंह सहित कॉलेज के मैनेजमेंट कमिटी के सदस्य डॉ मनीष पंकज मिश्रा,उपाध्यक्ष डॉ चंद्रेश कुमार,कोषाध्यक्ष श्रीमती मीना देवी, सदस्य राणा रंजीत सिंह,संतोष ठाकुर,बबलू रजक, प्रो मोहम्मद यूसुफ जावेद अधिवक्ता, सपना राजकर्णी , प्रो नेहा कुमारी, प्रियंका,संरक्षक अमरनाथ पांडेय सहित शिक्षा जगत से जुड़े सैकड़ों लोग में सुनील बंबइया,हीरा यादव,अभिषेक कुमार,मंटू कुमार,महेश यादव, बबलू गुप्ता,ललन कुमार,बिपिन कुमार बिक्की बर्नवाल,प्रवीण कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए हैं।

# इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा - माले उम्मीदवार सुदामा प्रसाद का हुआ नामांकन, सभा में उमड़ी जनसैलाब

आरा। इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा - माले उम्मीदवार सुदामा प्रसाद का आज आरा लोकसभा के लिए नामांकन हुआ। नामांकन के पहले 10 मई 1857 के क्रांति दिवस के अवसर पर क्रांति के नायक कुंवर सिंह , संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर, सुभाष चंद्रबोस, जयप्रकाश नारायण के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। नामांकन के बाद वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, रमना मैदान आरा में एक नामांकन सभा हुई। सभा मे इंडिया गठबंधन से जुड़े हजारों छात्र - नौजवान, किसान - मजदूर, महिला शामिल हुए। नामांकन सभा में वक्ता गण मुख्य वक्ता दीपंकर भट्टाचार्य, भाकपा- माले राष्ट्रीय महासचिव, का. सुदामा प्रसाद, प्रत्याशी इंडिया गढ़बंधन आरा लोक सभा,रामेश्वर प्रासद, पूर्व सासंद, आरा,श्रीमती कांति सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री, श्री उदय नारायण चौधरी , पूर्व विधान सभा अध्यक्ष, योगेन्द्र यादव, राष्ट्रिय संयोजक, भारत जोड़ों अभियान, राजा राम सिंह , अध्यक्ष जिला परिषद, भोजपुर, श्री लालबिहारी सिंह , उपाध्यक्ष, जिला परिषद, भोजपुर,श्री मुकेश सिंह यादव , जिला अध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख संघ, भोजपुर, श्री शैलेन्द्र राम, जिला अध्यक्ष, युवा राजद, भोजपुर, ने सम्बोधित किया।

# डीएम ने देवघाट तक फल्गु में बन रहे अप्रोच रोड कार्यों का किया निरीक्षण

गया।फल्गु नदी के पश्चिमी तट में बाईपास से देवघाट तक फल्गु में बन रहे पाथवे अप्रोच रोड एव अन्य कार्यों का जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि निर्धारित समय सीमा तक में फल्गु नदी के पश्चिमी तट पर बन रहे अप्रोच सड़क सहित सभी कार्यों को हर हालत में पूरा करा लेने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। विदित हो कि पितृपक्ष मेले में देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को समुचित यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल संसाधन सहित तीन अन्य सरकारी विभागों के सहयोग से निर्माण कार्य कराया जाना है । फल्गु नदी के पश्चिमी किनारे पर युद्ध स्तर पर पाथवे बनाने का काम जल संसाधन विभाग द्वारा किया जा रहा है। 450 मीटर लंबी व 12 मीटर चौड़ी सड़क के साथ साथ एकीकृत जल निकासी के लिए नाले के साथ पाथवे का निर्माण जल संसाधन विभाग की निगरानी में कराया जा रहा है। इसके अलावा पाथवे के किनारे ग्राउंड लेवल से ढाई मीटर ऊंची दीवार, सौ मीटर लंबी व आठ मीटर चौड़ी दो घाट भी बनाया जा रहा है। इसके साथ ही आसन्न दीवारों पर भगवान श्री विष्णु की लीलाओं से जुड़े आकर्षक व मनमोहक चित्रकारी कलाकारों द्वारा ब्रश व रंग के सहारे उकेरी जायेगी. पर्याप्त मात्रा में लाइटिंग की भी व्यवस्था होगी।घुघड़ीटांड़-बाइपास से मुक्तिधाम होते हुए विष्णुपद तक पहुंचने वाला अप्रोच पथ इस पितृपक्ष मेला तक पूर्ण करवाने को कहा है। नए पथ के निर्माण से गयाजी आने वाले तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। जल संसाधन विभाग के अभियंता ने बताया कि इस पथ की लंबाई करीब 450 मीटर और चौड़ाई करीब 12 मीटर है। प्रत्येक दिन अधिकारियों की टीम निर्माण कार्य की जांच कर रहे हैं। विष्णुपद तक बन रहे नए अप्रोच पथ में आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं को उमदा पार्किंग की व्यवस्था मिलेगी। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यहां घुघड़ीटांड़ बाइपास के पास वाहनों की पार्किंग के लिए एक बड़ा एरिया को तैयार किया जा रहा है, इसके लिए स्थल चयन के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया ।इसके मंदिर तक लोग आसानी से पहुंच सकेंगे तथा बुजुर्ग व लाचार श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। जल संसाधन विभाग गया के अभियंता ने बताया कि पथ के नीचे करीब 400 मीटर लंबा ड्रेनेज सिस्टम बनेगा, जो मनसरवा नाला को जोड़ेगा। इसके अलावे चहारदीवारी का निर्माण भी किया जाएगा। इस नए अप्रोच पथ का सीता पथ की तरह सौंदर्यीकरण होगा। नए अप्रोच पथ पर दो नए घाट भी बनेंगे। इन सभी कार्यो के लिए जल संसाधन विभाग के साथ आर सी डी, पुल निर्माण विभाग , पर्यटन विभाग द्वारा समग्र रूप से कार्य योजना तैयार की गई है।

# तीन नये कानून 1 जुलाई से होंगे प्रभावी इसकी जानकारी सभी के लिए आवश्यक : सचिव

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा तीन नये आपराधिक कानूनों भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अन्तर्गत सूचीबद्ध सभी पारा विधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा कहा गया कि पारा विधिक स्वयं सेवकों को उक्त तीनों नये कानूनों के मूलभूत चिंजो को जानना काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि समाज के अन्तिम पंक्ति तक रहने वाले व्यक्तियों की पहुच एवं उनके विधिक सहायता उपलब्ध कराना ही आपका मुख्य कार्य है और इससे पारा विधिक स्वयं सेवक अनभिज्ञ न हो इसके लिए उन्हें प्रारम्भिक स्तर पर मूलभूत सुधारों से सम्बन्धित जानकारी से अवगत होना आवशयक है। सचिव के द्वारा बताया गया कि ब्रिटिश काल के बने पुराने कानून आज के दौर में कई तकनीकी पहलुओं एवं वैज्ञानिक जरूरतों पर खरे नहीं उतर रहे थे इसलिए संशोधनों के द्वारा नये प्रावधान जोड़े जा रहे थे इस समस्या को दूर करने हेतु सरकार के द्वारा तीनों कानूनों को लाया गया साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि जहां नये कानून में राजद्रोह खत्म कर दिया गया वहीं आतंकवाद जैसे शब्द को परिभाषित किया गया जो पुराने कानून में नहीं थें। नये कानून में यौन अपराधों को और सख्त बनाया गया है इसके साथ-साथ कई वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान एवं उसे न्याय के समक्ष साक्ष्य के प्रस्तुती से सम्बन्धित कई प्रावधानों को जोड़कर नये कानून को आज के दौर में होने वाले आपराधिक घटनाओं से सम्बन्धित अनुसंधान एवं न्याय हेतु कई प्रावधान किये गये हैं। इसके साथ-साथ नये कानूनों में विभिन्न प्रकार के अपराध से जुड़े तथ्यों को नये सिरे से पंक्तिबद्व किया गया है ताकि नये कानून से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने में आसानी हो। सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि कानून की जानकारी का अभाव होना कभी भी मामले में बचाव नहीं हो सकता है। सचिव द्वारा सभी पारा विधिक स्वयं सेवकों से कहा गया कि आप प्रथम पंक्ति के विधिक सहायक है और आपकी पहुॅच ग्रामीण स्तर तक है, जिसके कारण आपके उपर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कई कार्यो की सफलता की जिम्मेवारी आप पर है एवं आपके माध्यम से ही लोगो के घर तक सुलभ न्याय के साथ-साथ निःशुल्क विधिक सहायता पहुचायी जा सकती है। आप अगर सही एवं ईमानदारीपूर्वक कार्य करेंगें तो निःसंदेह लोगो को ज्यादा-से ज्यादा लाभ मिलेगा एवं लोगो के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रति विश्वास सुदृढ़ होगा। इसके लिए आप सभी को अपने-अपने क्षेत्र में लोगो के समस्याओं के प्रति संवेदशनील रहना होगा एवं लोगो का विश्वास प्राप्त करना होगा ताकि लोग आप पर अपनत्व का विश्वास कर अपनी समस्याओं से आपको करायेगें। सचिव के द्वारा अर्द्ध विधिक स्वयं सेवकों से कहा कि आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता का एक महत्वपूर्ण कड़ी आप भी हैं आप अगर चाहें तो आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत पुनः रिकॉर्ड निष्पादन में सफल रहेगा इसके लिए आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में लोगो का राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक करें एवं लोगो से सम्पर्क स्थापित कर सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु जरूरी जानकारी उपलब्ध करायें और अगर किसी तरह की समस्या उत्पन्न हो रही हो तो उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय तक सम्पर्क स्थापित कराने में अपनी भूमिका का निर्वह्न करें ताकि लोगो को उनके वादों को सुलभ रूप में आपकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके एवं लोगो को त्वरित लाभ दिलाते हुए न्याय प्राप्त हो सके।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 11 मई, 2024





# कमल हासन की ठग लाइफ से जुड़े अली फजल

इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म ठग लाइफ का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की शूटिंग तेजी से दिल्ली में चल रही है। मणिरत्नम के निर्देशन में बन रही फिल्म ठग लाइफ पर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। हाल ही में, अब खबर आ रही है कि अली फजल भी इस फिल्म का हिस्सा बने हैं। आइए जानते हैं कि मामला क्या है।

फिल्म को लेकर फैंस हैं उत्साहित

यह फिल्म मणिरत्नम और हासन द्वारा लिखी गई है और राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मद्रास टॉकीज और रेड जाइंट मूवीज द्वारा निर्मित है। ऑस्कर, बाफ्टा, गोल्डन ग्लोब और ग्रैमी विजेता संगीतकार एआर रहमान संगीत देंगे।

## फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हैं अली

फिल्म का हिस्सा बनने पर अली फजल ने कहा, मैं ठग लाइफ के लिए मणि-सर की फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हूं और मैं केवल यही आशा कर सकता हूं कि मैं इस कैनवास में अपने अभिनय से दर्शकों को प्रसन्न कर पाऊं। कमल हासन-सर के साथ काम करना और इस पर उनके साथ नोट्स साझा करना भी सम्मान की बात है। भारतीय सिनेमा के दो दिग्गजों के साथ सहयोग करने का अवसर सुखद रहा है। मुझे यह भूमिका सौंपने के लिए मैं मणि-सर का बहुत आभारी हूं और इसे पर्दे पर जीवंत करने के लिए उत्सुक हूं।

## ये कलाकार आएंगे नजर

अपनी पत्नी ऋचा चड्ढा के साथ फजल प्रोडक्शन कंपनी पुशिंग बटन्स चलाते हैं, जो सनडांस-विजेता गर्ल्स विल बी गर्ल्स के साथ लॉन्च हुई थी। वहीं बात करें ठग लाइफ की तो मणिरत्नम द्वारा निर्देशित ठग लाइफ एक एक्शन ड्रामा है, जिसमें कमल हासन मुख्य भूमिका में हैं। कथित तौर पर कमल ने फिल्म में तीन भूमिकाएं निभाई हैं, जिसे उन्होंने मणिरत्नम के साथ मिलकर लिखा है। इस फिल्म के जरिए 36 साल बाद कमल हासन और मणिरत्नम दोबारा साथ काम कर रहे हैं। वहीं फिल्म के कलाकारों की बात करें तो ठग लाइफ में कमल हासन, जोजू जॉर्ज और अभिरामी के अलावा तृषा, ऐश्वर्या लक्ष्मी, जयम रवि नास्सर, गौतम कार्तिक जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।




# सलमान खान की फिल्म सिकंदर में अदाकारी का जलवा बिखेरेंगी रश्मिका मंदाना

सलमान खान ने इस साल ईद पर अपनी नई फिल्म सिकंदर की घोषणा की थी। वहीं अब फिल्म पर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रश्मिका मंदाना को मुख्य नायिका के रूप में चुना गया है। अब रश्मिका सिकंदर के कलाकारों की टोली में शामिल हो चुकी हैं। रश्मिका की जोड़ी पहली बार बॉलीवुड के दबंग सलमान खान के साथ बनेगी। निर्माताओं ने बोर्ड पर एनिमल अभिनेता का स्वागत करते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के साथ घोषणा साझा की।

अपनी हालिया ब्लॉकबस्टर एनिमल की सफलता के बाद रश्मिका मंदाना सिकंदर में एक बार फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं। सलमान और रश्मिका की जोड़ी फिल्म दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर रही है। ईद 2025 पर सलमान और रश्मिका का जादू दर्शकों के बीच चलेगा। एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित और साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद 2025 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। प्रोडक्शन हाउस ने आधिकारिक तौर पर इंस्टाग्राम पर इस खबर की घोषणा की। वहीं, एक्स पर प्रोडक्शन हाउस की घोषणा पर उत्साहित रश्मिका ने प्रतिक्रिया व्यक्त की और लिखा, आप लोग लंबे समय से मुझसे अगले अपडेट के लिए पूछ रहे हैं और यह यहां है, आश्चर्य। मैं वास्तव में आभारी हूं और एक होने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं। सिकंदर का हिस्सा बनने पर खुश हूं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। आज 9 मई को शूटिंग शुरू



होते ही सिकंदर के सेट से सलमान खान की एक तस्वीर वायरल हो गई। फोटो में अभिनेता को सेट पर एक लड़की के साथ पोज देते हुए दिखाया गया है। किक, जुड़वा और मुझसे शादी करोगी जैसी सुपरहिट फिल्मों में साथ काम करने के बाद सलमान खान और साजिद नाडियाडवाला सिकंदर के लिए फिर साथ आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला के बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है। फिल्म को एआर मुरुगादॉस निर्देशित करेंगे। सिकंदर का एलान सलमान खान ने इस साल ईद पर किया था। पोस्टर साझा करते हुए उन्होंने लिखा था, इस ईद बड़े मियां छोटे मियां और मैदान को देखो और अगली ईद सिकंदर से आ कर मिलो, आप सभी को ईद मुबारक।




# छोटे पर्दे पर वापसी को तैयार तारक मेहता... फेम राज अनादकट

तारक मेहता का उल्टा चश्मा में टप्पू के किरदार से घर-घर में मशहूर हुए अभिनेता राज अनादकट बीते दो साल से छोटे पर्दे से दूर चल रहे थे। हालांकि, अब उन्होंने फैंस को खुशखबरी देते हुए बताया है कि वे जल्द ही टीवी की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में अपने एक यूट्यूब व्लॉग में खुलासा किया कि वे जल्द ही एक नए शो में नजर आन वाले हैं। इसमें उनके साथ सना अमीन शेख भी दिखेंगी। हाल ही में एक बातचीत में उन्होंने आगामी गुजराती शो के लिए पर बात करते हुए बताया कि इस शो में वे मुख्य किरदार निभाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इस शो के लिए उत्साहित होने के साथ ही थोड़ा घबराए हुए भी हैं। अभिनेता ने जानकारी दी है कि वे आगामी शो के सेट पर भी गए थे और जल्द ही अपने व्लॉग पर इसकी एक झलक साझा करेंगे। इस बातचीत में वे अपने किरदार पर कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। हालांकि, उन्होंने लोगों से वैसा ही समर्थन देने की अपील की जैसा उन्हें टप्पू के रोल में मिला था। राज अनादकट को तारक मेहता...में दिलीप जोशी के बेटे का किरदार निभाने की वजह से देशभर में लोकप्रियता हासिल हुई थी।

# प्रियंका चोपड़ा ने हेड्स ऑफ स्टेट पर दिया बड़ा अपडेट

बॉलीवुड के बाद प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड में भी धमाल मचा रही हैं। वे अब तक कई विदेशी प्रोजेक्ट का हिस्सा रह चुकी हैं। अभिनेत्री जल्द ही हेड्स ऑफ स्टेट में नजर आने वाली हैं। इसके लिए वे बीते काफी समय से फ्रांस में शूटिंग कर रही थीं। इस बीच अभिनेत्री ने अपनी आगामी फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। बीते लंबे समय से अपने प्रशंसकों को शूटिंग से जुड़ी जानकारी लगातार साझा कर रहीं प्रियंका ने हाल ही में सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी फिल्म की शूटिंग आखिरकार पूरी हो गई। साथ ही, उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि यह फिल्म सीधा ओटीटी पर रिलीज होगी। अभिनेत्री ने पर्दे के पीछे के कुछ मजेदार पलों को एक वीडियो के जरिए फैंस के साथ साझा किया है। अभिनेत्री ने वीडियो के साथ नोट में लिखा, और यह खत्म हो गया.. एक साल हो गया.. ठीक है, इस दौरान बहुत कुछ हुआ, लेकिन हम आज यहां मौजूद हैं। हंसी और प्रोफेशनलिज्म से भरपूर इस फिल्म की शूटिंग को आज पूरा कर लिया। यह दुर्लभ संयोजन हमेशा नहीं होता है..। इस पोस्ट में उन्होंने क्रू और कास्ट की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि दिग्गजों के साथ काम करना उनके लिए सम्मान की बात है। प्रियंका ने आगे इस बात की भी जिक्र किया है कि यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। हेड्स ऑफ स्टेट को जल्द ही प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया जा सकेगा।



# एकता कपूर को मिल गई अपनी नई नागिन

टीवी इंडस्ट्री की हर हसीना एकता कपूर के शो नागिन 7 का हिस्सा बनना चाहती हैं। नागिन 7 से जुड़े अपडेट हर दिन देखने को मिलता रहता है। अब कहा जा रहा है कि एकता कपूर को अपनी नई नागिन मिल गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रिद्धिमा पंडित एकता कपूर की नागिन 7 का हिस्सा हो सकती हैं। रिद्धिमा पंडित पिछली बार हमारी बहू रजनीकांत नजर आई थीं।



# फहाद फासिल ने रणबीर को बताया सबसे बड़ा स्टार

**फिल्म पुष्पा एक्टर फहाद फासिल ने बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर की तारीफ की है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने रणबीर को देश का बेस्ट एक्टर कहा। सबसे पहले फहाद ने रणबीर को एक्टिंग का मास्टर कहा। इसके अलावा उन्होंने विक्की कौशल और राजकुमार राव के एक्टिंग स्किल्स की भी तारीफ की। फहाद ने कहा कि वो रणबीर, राजकुमार राव और विक्की कौशल के टैलेंट को एडमायर करते हैं।**

## मैं पैन इंडिया स्टार नहीं हूं

फिल्म कंपेनियन को दिए इंटरव्यू में फहाद ने अपनी फिल्मों और करियर के बारे में भी बात की। फहाद ने खुद को पैन इंडिया स्टार कहे जाने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, मैं बस एक एक्टर हूं। मैं सिर्फ अपना काम करने में यकीन करता हूं। अच्छी फिल्में चुनना और अपना आर्टिस्टिक फुलफिलमेंट देखने के अलावा उसकी कमर्शियल सक्सेस के बारे में सोचने में ही यकीन करता हूं। फहाद फासिल ने आगे ये भी कहा कि वह सिर्फ पैसे कमाने के लिए एक्टिंग नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे एक्टिंग से पैसा नहीं कमाना है। मुझे उस पर निर्भर नहीं रहना है। मैं एक ऐसी फैमिली से आता हूं, जो पिछले 40 साल से फिल्में बना रही है। मैं जानता हूं कि यह बिजनेस कितना टेम्परेरी है। मैं फाइनेंशियल इंस्टेबिलिटी को मैनेज कर सकता हूं, लेकिन मैं अपनी अस्थिरता को लेकर चिंतित हूं। मैंने लोगों को बदलते हुए देखा है। मैं चाहता हूं कि चाहे मेरी फिल्में अच्छा परफॉर्म करें या फिर खराब। मैं जैसा हूं वैसा ही बना रहूं।'





# 27 साल में मुझे किसी ने हिंदी फिल्म ऑफर नहीं की, बॉलीवुड को लगा मैं साउथ इंडियन हो गई

**एक्ट्रेस ज्योतिका की गिनती साउथ की टॉप हीरोइनों में की जाती है। नेशनल अवॉर्ड समेत चार फिल्मफेयर अवॉर्ड और अन्य सम्मान जीत चुकीं ज्योतिका इस वक्त अपनी बॉलीवुड पारी को इंजॉय कर रही हैं। उन्होंने साल 1997 में फिल्म डोली सजा के रखना से बॉलीवुड डेब्यू किया था, जिसमें अक्षय खन्ना हीरो थे। पर यह फिल्म फ्लॉप रही और इसके बाद ज्योतिका ने साउथ की फिल्मों का रुख कर लिया। उसके बाद से ज्योतिका ने एक भी हिंदी फिल्म नहीं की। लेकिन 27 साल बाद हाल ही ज्योतिका ने शैतान से बॉलीवुड में वापसी की।**

ज्योतिका ने बताया कि इतने लंबे समय में उन्हें किसी ने कोई हिंदी फिल्म ऑफर नहीं की। ज्योतिका साउथ के सुपरस्टार सूर्या की पत्नी हैं। उन्होंने इंटरव्यू में हिंदी फिल्मों के ऑफर न मिलने और इसकी संभावित वजह के बारे में बताया। साथ ही ज्योतिका ने यह भी बताया कि साउथ फिल्म इंडस्ट्री और बॉलीवुड में उन्होंने क्या सबसे बड़ा फर्क नोटिस किया।

## मुझे 27 साल से एक भी हिंदी फिल्म ऑफर नहीं हुई

ज्योतिका ने कहा, मुझे एक बार भी हिंदी फिल्मों का ऑफर नहीं मिला। मैं 27 साल पहले साउथ की फिल्मों में चली गई, और तब से सिर्फ साउथ ही फिल्मों में काम किया है। मेरी पहली हिंदी फिल्म सिनेमाघरों में अच्छी नहीं चली। यह सब काफी फॉर्मुला बेस्ड है। ज्यादा ऑफर पाने के लिए आपकी पहली फिल्म का चलना जरूरी है।

## एक साउथ फिल्म की और बॉलीवुड से हट गई

ज्योतिका ने आगे कहा, जब मैंने अपना करियर शुरू किया था, तो बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ काम करने वाली लड़कियों की एक पूरी टोली थी। यहां तक कि मेरी फिल्म का प्रोडक्शन भी एक बड़े बैनर ने किया था। लेकिन बदकिस्मती से वह चल नहीं पाई। सौभाग्य से, मैंने एक साउथ की फिल्म साइन कर ली थी और बॉलीवुड से हट गई।

## बताया साउथ फिल्म इंडस्ट्री और बॉलीवुड का फर्क

ज्योतिका ने आगे साउथ फिल्म इंडस्ट्री और बॉलीवुड के बीच अंतर के बारे में बात की, और कहा कि बेशक उनकी पहली हिंदी फिल्म फ्लॉप रही थी, पर इसके बावजूद उसमें उनकी परफॉर्मेंस के आधार पर साउथ में काफी ऑफर मिले। ज्योतिका ने कहा कि बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री में यह सबसे बड़ा फर्क है। ज्योतिका के मुताबिक, चेन्नई रहने और सूर्या से शादी करने के कारण मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में बहुत से लोगों ने सोच लिया था कि ज्योतिका साउथ इंडियन हो गई है। वह अब बॉलीवुड में वापसी नहीं करेगी। ज्योतिका अब मुंबई शिफ्ट हो चुकी हैं और बॉलीवुड में काम कर रही हैं। 10 मई को उनकी फिल्म श्रीकांत भी रिलीज है, जिसमें राजकुमार राव लीड रोल में हैं।

सेंसेक्स 72404.17 पर बंद

निफ्टी 21957.50 पर बंद

# व्यापार

सोना 72,485

चांदी 81,004

## संक्षिप्त समाचार

### सेहत से भरपूर बादाम का तोहफा देकर मनाइये मदर्स डे

**मुंबई, एजेंसी।** ऐसा कोई एक दिन नहीं हो सकता, जब हम अपने जीवन में अपनी माँ के अनमोल योगदान का आभार जताएं। हमारी देखभाल करने वाले के रूप में माँ हमारी सेहत को अपनी सेहत से ज्यादा महत्व देती है। इस मदर्स डे पर माँ की सेहत और तंदुरुस्ती का ध्यान रखकर उनके निस्वार्थ प्रयासों को सम्मान देना जरूरी है। अपनी माँ को बादाम का एक सुंदर-सा डिब्बा उपहार में दिया जा सकता है। माँ की अच्छी सेहत सुनिश्चित करने के लिये यह तरीका कारगर होगा। बादाम में कुछ मौलिक पोषक-तत्व होते हैं, जो पूरी तंदुरुस्ती को बढ़ाते हैं। ऐसे में बादाम मदर्स डे पर तोहफे में देने के लिये सबसे बढ़िया हैं। बादाम में प्रोटीन, ज़िंक, मैग्नीशियम, आयरन, कैल्शियम, फॉस्फोरस और विटामिन 'ई' आदि होते हैं। अच्छी तरह से संतुलित आहार के तहत रोजाना मुट्ठीभर बादाम खाने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री एवं सेलीब्रिटी सोहा अली खान ने कहा, ''बादाम मेरे परिवार की पीढ़ियों से एक पसंदीदा परंपरा हैं और इसके लिये मेरी माँ की बुद्धिमत्ता को धन्यवाद। मैंने यह तय किया है कि बादाम लगातार मेरे परिवार की डाइट में भी बनी रहें। मुझे अपनी डाइट में बादाम को शामिल करने से त्वचा की सेहत को बेहतर बनाने में मदद मिली है। फिटनेस एण्ड सेलेब्रिटी इंस्ट्रक्टर यास्मिन कराचीवाला ने कहा, ''फिटनेस को पसंद करने के कारण मैं बादाम जैसी पौष्टिक चीजों से शरीर के पोषण का जितना महत्व बता सकूं, वह कम ही होगा।

### पेटीएम के शेयर का यू-टर्न, खरीदने की लूट




**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाजार में मचे हाहाकार के बीच फिनटेक फर्म पेटीएम के शेयरों में गुरुवार को भारी उतार-चढ़ाव का माहौल रहा। शुरुआती कारोबार में पेटीएम के शेयर ने ऑल टाइम लो 310 रुपये को टच किया। इसके कुछ ही देर बाद शेयर की खरीदारी बढ़ गई और इसमें 5 फीसदी का अपर सर्किट लग गया। इस दौरान शेयर 333 के इंट्राडे उच्चतम स्तर को छू गया। बता दें कि पेटीएम कंपनी शेयर बाजार में वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के नाम से लिस्टेड है। शेयर बाजार विशेषज्ञों के अनुसार पेटीएम के शेयरों का 300 प्रति शेयर के स्तर पर एक मजबूत आधार है। यह शेयर 370 रुपये के निशान पर रखी गई तत्काल बाधा को पार करने के बाद यह 420 से 430 प्रति शेयर के स्तर को छू सकता है। ब्रोकरेज आनंद राठी के गणेश डोंगरे ने कहा कि पेटीएम शेयर की कीमत ने टेक्नीकल चार्ट पैटर्न पर 300 प्रति शेयर के स्तर पर एक महत्वपूर्ण आधार बनाया है। जिनके पोर्टफोलियो में पेटीएम शेयर हैं, वे 370 के तत्काल लक्ष्य के लिए 300 प्रति शेयर पर स्टॉप लॉस बनाए रखते हुए शेयर को होल्ड कर सकते हैं। मध्यम अवधि का नजरिया रखने वाले लोग इस शेयर को 2-3 महीने के लिए 430 प्रति शेयर के लक्ष्य के लिए अपने पास रख सकते हैं। आनंद राठी के गणेश डोंगरे ने सुझाव दिया कि नए निवेशक 370 प्रति शेयर के शॉर्ट टर्म टारगेट के लिए अभी शेयर खरीदने पर विचार कर सकते हैं। जब यह 370 की बाधा को पार कर जाता है। यह सफलता स्टॉक को 420 से 430 प्रति स्तर तक पहुंचने के लिए प्रेरित कर सकती है । 440 प्रति शेयर स्तर से आगे निकलने पर यह शेयर 740 से 750 प्रति शेयर स्तर तक पहुंच सकता है।

## 12वीं पास जिसने धाकड़ों को हिला दिया, आज 25,000 करोड़ के कारोबारी साम्राज्य के मालिक !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की फाइनेंशियल इंडस्ट्री में दिनेश ठक्कर ने अलग पहचान बनाई है। वह भारत की प्रमुख फाइनेंशियल कंपनियों में से एक एंजेल वन के संस्थापक हैं। इसे पहले एंजेल ब्रोकिंग के नाम से जाना जाता था। सिर्फ 12वीं तक पढ़े दिनेश ठक्कर ने इस बेहद प्रतिस्पर्धा वाले सेक्टर में बड़े-बड़े धाकड़ों को हिला दिया। आज उनका कारोबारी साम्राज्य अरबों का है। कम शिक्षा के बावजूद ठक्कर ने अपनी मेहनत और लगन से सफलता हासिल की। आइए, यहां उनके बारे में जानते हैं।



### 1990 के दशक में कारोबार में एंट्री

दिनेश ठक्कर ने 1990 के दशक की शुरुआत में अत्यधिक प्रतिस्पर्धा वाले वित्तीय क्षेत्र में प्रवेश करके अपने कारोबारी सफर की शुरुआत की। तब तक उन्हें अपने सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बहुत पता नहीं था। एक दिन उनकी मुलाकात एक बैंकर से हुई। बैठक से बाहर निकलते समय उनकी नजर एक बेहद शानदार कार पर पड़ी। उनका इस कार पर दिल आ गया। उसी पल उन्हें एहसास हुआ कि उनका असली जुनून पारंपरिक बैंकिंग से अलग हटकर है।

### हर्षद मेहता स्कैम के वक्त आई बड़ी चुनौती

हर्षद मेहता स्कैम के वक्त आई बड़ी चुनौती दिनेश ठक्कर के नए ब्रोकरेज व्यवसाय को 1992 में हर्षद मेहता संकट के दौरान बड़ा झटका लगा। यह वह समय था जिसने हर किसी को हिलाकर रख दिया था। इस दौरान ठक्कर की कारोबारी चाहत फाइनेंशियल से आगे बढ़ गई। उनकी दलिचस्पी रियल एस्टेट उद्योग में भी हो गई। ठक्कर ने ऐसी आलीशान संपत्तियों में निवेश और उनका निर्माण शुरू किया जो बिल्कुल असाधारण था।

### 25,000 करोड़ की है कंपनी

ठक्कर के नेतृत्व में एंजेल वन भारत में एक प्रमुख वित्तीय सेवा कंपनी बन गई है। इसका मार्केट कैपिटलाइजेशन 31 मार्च, 2024 तक 25,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का था।

### लग्जरी कारों के शौकीन

दिनेश ठक्कर कारों के बहुत बड़े शौकीन हैं। उनके पास आइकॉनिक कारों का विशाल संग्रह है। इसमें लेम्बोर्गिनी स्टेराटो और शानदार बीएमडब्ल्यू आई7 शामिल हैं। दिनेश ठक्कर की सफलता ने न केवल उद्योग में उन्हें एक लीडर के तौर पर स्थापित किया है, बल्कि उन्हें ऐसे लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनाया है जो उद्यमी बनने की चाहत रखते हैं।

## अंबानी ने अपनी ही कंपनी को खरीदा, शेयर पर एक्सपर्ट बुलिश, 3400 के पार जाएगा भाव !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपनी ही एक कंपनी का अधिग्रहण किया है। रिलायंस ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि उसने पेट्रोकेमिकल और हाइड्रोजन के निर्माण में लगी अपनी एक सब्सिडयरी की सब्सिडरी का 314.48 करोड़ रुपये में अधिग्रहण कर लिया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि अधिग्रहीत की गई रिलायंस केमिकल्स एंड मैटेरियल्स लिमिटेड (आरसीएमएल) कंपनी के स्वामित्व वाली इकाई रिलायंस प्रोजेक्ट्स एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड (आरपीपीएमएसएल) के पूर्ण-स्वामित्व वाली सब्सिडरी है। कंपनी ने कहा-आरसीएमएल को एक प्रत्यक्ष पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडयरी कंपनी बनाने का प्रस्ताव है। इसीलिए कंपनी ने आरपीपीएमएसएल से आरसीएमएल की 100 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी 314.48 करोड़ रुपये में हासिल कर ली है। रिलायंस ने कहा-यह लेनदेन कंपनी और उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के बीच है लिहाजा यह एक संबंधित पक्ष वाला लेनदेन है।

## चीन का मांग में सुधार से अप्रैल में निर्यात और आयात बढ़ा



**हांगकांग एजेंसी।** चीन के निर्यात और आयात में अप्रैल में वृद्धि लौट आई है। यह दर्शाता है कि असमान आर्थिक सुधार के बावजूद मांग में सुधार हो रहा है। सीमा शुल्क के आंकड़ों से मिली जानकारी के अनुसार, अप्रैल में निर्यात सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत बढ़ा। मार्च में इसमें 7.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी जो नवंबर के बाद पहली गिरावट थी। अप्रैल में आयात में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो विश्लेषकों की उम्मीदों से अधिक है और मार्च में 1.9 प्रतिशत की गिरावट से ऊपर है।

विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन ने वृद्धि को बढ़ावा देने तथा विश्वास बढ़ाने के लिए हाल के महीनों में विभिन्न नीतिगत समर्थन उपाय पेश किए हैं। चीन का व्यापार अधिशेष मार्च के 58.55 अरब डॉलर से बढ़कर अप्रैल में 72.35 अरब डॉलर हो गया। कैपिटल इकोनॉमिक्स की जिचुन हुआंग ने एक नोट में कहा, ''हमारा अनुमान है कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में उपभोक्ता खर्च में कमी और कम निर्यात कीमतों से मिलने वाले लाभ में कमी के कारण आने वाले महीनों में निर्यात की मात्रा कम होगी। चीन को कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद से वापसी करने में संघर्ष करना पड़ा है। उसे फेडरल रिज़र्व और अन्य केंद्रीय बैंकों के मुद्रास्फीति से निपटने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने के बाद वैश्विक स्तर पर कमजोर मांग से जूझना पड़ा है। चीन के संपत्ति क्षेत्र में मंदी भी वृद्धि पर असर डाल रही है। नीति निर्माताओं ने चीन की अर्थव्यवस्था को बल देने के लिए कई राजकोषीय और मौद्रिक नीति उपाय किए हैं। चीन ने 2024 के लिए पांच प्रतिशत का महत्वाकांक्षी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि लक्ष्य रखा है।

## 11 प्रतिशत बढ़ा टाटा पावर का प्रॉफिट, बनाया तगड़ा प्लान, 490 तक जाएगा भाव !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा पावर ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर प्रॉफिट 11 प्रतिशत बढ़कर 1,046 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसे 939 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। टाटा पावर की कुल आय 2023-24 की चौथी तिमाही में बढ़कर 16,463.94 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 13,325.30 करोड़ रुपये थी।




टाटा पावर के निदेशक मंडल ने एक रुपये फेस वैल्यू के शेयर पर 2 रुपये प्रति इक्विटी (200 प्रतिशत) के फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की है। कंपनी ने डिविडेंड भुगतान के लिए रिकॉर्ड तारीख चार जुलाई, 2024 तय की है।

टाटा पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा-हमारी क्लीन एनर्जी उत्पादन क्षमता वित्त वर्ष 2026-27 तक 15 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। हम सोलर, विंड और पंप हाइड्रो के मिश्रण के साथ अपने उपभोक्ताओं को 24 घंटे रिन्यूएबल एनर्जी की आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि बिजली वितरण क्षेत्र निजीकरण के लिए खुलता है तो कंपनी क्षेत्र में नये अवसरों का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## रिलायंस में सबसे ज्यादा सैलरी निखिल मेसवानी को मिलती है

### मुकेश अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे अमीर शख्स और दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन हैं। मुकेश अंबानी की नेटवर्थ करीब 920,920 करोड़ रुपये है। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश के सबसे मूल्यवान समूहों में से एक है। रिलायंस का मार्केट कैप 1,887,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा है। मुकेश अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनियों के जरिये अलग-अलग व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। मुकेश अंबानी को इसमें अपने परिवार के सदस्यों जैसे नीता अंबानी, ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी के साथ कुछ करीबी सहयोगियों से भी मदद मिलती है। मुकेश अंबानी के तीनों बच्चे रिलायंस के बोर्ड में शामिल हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कंपनी में सबसे ज्यादा सैलरी किसे मिलती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिलायंस में सबसे ज्यादा सैलरी निखिल मेसवानी को मिलती है। निखिल मुकेश अंबानी के करीबी सहयोगियों में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निखिल मेसवानी की सालाना सैलरी 24 करोड़ रुपये से ज्यादा है। निखिल मेसवानी के पिता रसिकलाल मेसवानी धीरूभाई अंबानी के चचेरे भाई थे। वह मुकेश अंबानी के पहले बॉस और गुरु भी थे और रिलायंस के फाउंडर डायरेक्टर्स में से भी एक थे। निखिल की सैलरी परिवार के किसी भी मेंबर से ज्यादा है।

## 15 मई से ओपन हो रहा गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का आईपीओ ,ग्रे मार्केट में तूफानी तेजी, विराट कोहली का बड़ा दांव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कनाडा स्थित फेयरफैक्स समूह द्वारा समर्थित कंपनी गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस 15 मई को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। इस कंपनी के आईपीओ दस्तावेज के मुताबिक निवेशकों को 15 से 17 मई तक दांव लगाने का मौका मिलेगा। वहीं, एंकर (बड़े) निवेशक 14 मई को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ के लिए इश्यू प्राइस का अभी ऐलान नहीं हुआ है लेकिन ग्रे मार्केट में यह तूफान मचा रहा है। आईपीओ का ग्रे मार्केट प्रीमियम 50 रुपये का है। बता दें कि कंपनी को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड से आईपीओ लाने की मंजूरी मार्च में मिल गई थी।

### आईपीओ की डिटेल

गो डिजिट के प्रस्तावित आईपीओ में 1,125 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयर हैं। इसके अलावा प्रवर्तक गो डिजिट इन्फोवर्क्स सर्विसेज और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 5.47 करोड़ इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है। गो डिजिट इन्फोवर्क्स सर्विसेज के पास वर्तमान में कंपनी की 83.3 प्रतिशत हिस्सेदारी है। मॉर्गन स्टेनली, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एक्सिस कैपिटल, एचडीएफसी बैंक, आईआईएफएल सिक्योरिटीज, नुवामा इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं। वहीं, लिंक इनटाइम इंडिया रजिस्ट्रार है।



क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी एवं अभिनेत्री अनुष्का शर्मा भी इस कंपनी के निवेशकों में शामिल हैं। वे आईपीओ में कोई शेयर नहीं बेच रहे हैं। एफएएल कॉर्पोरेशन का स्वामित्व फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स के पास है, जिसके पास गो डिजिट की 45.3 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसके अलावा कंपनी में कामेश गोयल और ओबेन वेंचर्स एलएलपी के पास 14.96 प्रतिशत और 39.79 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वित्तीय वर्ष 2022 में गो डिजिट इंश्योरेंस का नेट लॉस बढ़कर 295 करोड़ हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 122 था।

## ऊंची कीमतों के बाद भी 25 टन तक बिक सकता है सोना !



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऊंची कीमतों के बावजूद पूरे देश में अक्षय तृतीया पर सोने के आभूषणों, सिक्कों और बार की मांग अच्छी रह सकती है। दुनिया के कई देशों में तनाव के बीच मजबूत मांग, निवेशकों की सकारात्मक धारणा और रिटर्न को देखते हुए इस अक्षय तृतीया पर पिछले साल की तुलना में करीब 14 फीसदी अधिक सोना बिकने की उम्मीद है। इस बार देशभर में 25 टन तक सोना बिक सकता है। ऑल इंडिया जेम्स एंड जूलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन संयम मेहरा ने बताया कि इस अक्षय तृतीया सोने की मांग बढ़ने की कई वजहें हैं। मसलन, देश की आर्थिक स्थिति मजबूत है। सोने की कीमतें अपने उच्च स्तर से थोड़ी नीचे आई हैं और पिछले 15 दिनों में बड़ा उतार-चढ़ाव नहीं दिखा है।खास बात है कि अक्षय तृतीया पर भारतीय सोना खरीदना शुभ मानते हैं। इन कारकों को देखते हुए उम्मीद है कि इस बार देशभर में 25 टन तक सोना बिक सकता है। पिछली अक्षय तृतीया पर 22 टन सोना बिका था। अक्षय तृतीया का त्योहार 10 मई को मनाया जाएगा।

### हल्के आभूषणों की रहेगी मांग

मेहरा ने बताया कि इस बार अक्षय तृतीया के साथ शादियों का सीजन नहीं है। अगले दो महीनों तक देश में कम शादियां होंगी, जिससे दुल्हन के लिए भारी आभूषणों की मांग नहीं दिख रही है। निवेश संबंधी जरूरतों को पूरा करने और आध्यात्मिक भरोसे के लिए इस बार लोग हल्के आभूषण खरीदेंगे।

केडिया एडवाइजरी के निदेशक अजय केडिया ने बताया कि दुनिया के कई हिस्सों में तनाव, ब्याज दर में कटौती टलने के संकेत और पिछले दो साल में अक्षय तृतीया पर मिले 19.26 फीसदी तक के रिटर्न को देखते हुए इस समय सोने में निवेश अच्छा फैसला होगा। सोना अगले साल अक्षय तृतीया पर 80,000 का स्तर छू सकता है। 8 मई, 2024 को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 72,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ। इस लिहाज से यह अगले अक्षय तृतीया तक 10.65 फीसदी तक रिटर्न दे सकता है।

## मध्य प्रदेश में अपस्टॉक्स के 80 प्रतिशत उपयोगकर्ता मिलेनियल, समझदारी से निवेश करने की दिशा में सहायक साबित हो रहा है अपस्टॉक्स

**भोपाल।** देश के प्रमुख वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म में से एक अपस्टॉक्स ने खुदरा निवेशकों को सही दिशा में निवेश करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनेक नए कदम उठाए हैं। अपस्टॉक्स का प्रयास है कि अपने उपयोगकर्ताओं को वित्तीय बाजार की जटिलताओं को समझाते हुए पूरे आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ नेविगेट करने में मदद की जाए। अपने शोध के माध्यम से, अपस्टॉक्स ने माना है कि निवेश में कामयाबी हासिल करने से पहले कीयात्रा अक्सर चुनौतियों से भरी होती है - वित्तीय उत्पादों की गलत बिक्री, भ्रामक सलाह, सूचनाओं का ओवरडोज और जटिल शब्दजाल। इससे अक्सर ऐसे निर्णय




हो सकते हैं जो किसी व्यक्ति के वित्तीय लक्ष्यों के अनुरूप नहीं हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, उपयोगकर्ता अक्सर म्यूचुअल फंड में निवेश करते समय आवश्यक जोखिम और एक्सपेन्स मीट्रिक पर रिटर्न को प्राथमिकता देते हैं। इस तरह की प्रथाओं के परिणामस्वरूप गलत जानकारी वाले निर्णय होते हैं, जिससे निवेशकों को नुकसान भी होता है और उनके मन में अविश्वास घर करने लगता है। इन चुनौतियों को पहचानते हुए, अपस्टॉक्स ने अपने उपयोगकर्ताओं के लिए जटिलताओं को संभालने की पहल की है। कंपनी बाजार की खिच-खिच (शोर) को कम करना चाहती है और उपयोगकर्ताओं को उनके लिए उपयुक्त उपकरणों में निवेश करके धन बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है। वर्तमान में, अपस्टॉक्स देश भर के टियर 2 और टियर 3 शहरों के अधिकांश ग्राहकों के साथ 1.3 करोड़ से अधिक के कस्टमर बेस को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। विशेष रूप से, मध्य प्रदेश अपस्टॉक्स के ग्राहक आधार में योगदान देने वाली एक प्रेरक शक्ति के रूप में खड़ा है। राज्य के कुल अपस्टॉक्स उपयोगकर्ताओं में से 80 प्रतिशत से अधिक मिलेनियल्स हैं; भोपाल से सबसे अधिक भागीदारी है। अपस्टॉक्स उपयोगकर्ताओं के बीच इक्विटी भागीदारी के मामले में अन्य शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों की बात की जाए, तो इनमें इंदौर, ग्वालियर, छिंदवाड़ा और जबलपुर के नाम सामने आते हैं। दिलचस्प बात यह है कि अपस्टॉक्स ने देखा है कि राज्य के अधिकांश उपयोगकर्ता एफएंडओ और इंट्राडे ट्रेडिंग की तुलना में इक्विटी डिलीवरी पसंद करते हैं। प्रदेश में अपस्टॉक्स के यूजर बेस का एक बड़ा हिस्सा निजी क्षेत्र के कर्मचारियों और व्यवसाय मालिकों का है।

## संकट के बीच बायजू ने बदली स्ट्रैटजी, कोर्सेज की कीमतों में कटौती, सेल्स कर्मचारियों को भी राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक संकट से जूझ रही एडुटेक फर्म बायजू ने अपने रणनीति में बदलाव किया है। लिक्विडिटी की कमी और कानूनी चुनौतियों के बीच बायजू ने अपने प्रोडक्ट्स यानी कोर्सेज की कीमतों में भारी कटौती की है। बायजू ने अपने कोर्सेज की कीमतों में 30-40 प्रतिशत तक की कमी की है। इसके साथ ही अपने सेल्स स्टाफ के लिए सैलरी स्ट्रक्चर में भी बदलाव की घोषणा की है।

बायजू लर्निंग ऐप की एनुअल सब्सक्रिप्शन अब 12000 (टैक्स सहित) पर उपलब्ध है। नई कीमत पर बायजू क्लासेज और बायजू ट्यूशन सेंटर (बीटीसी) की पूरे साल की क्लास के लिए कीमत




क्रमशः 24000 और 36000 है। बायजू ने अपने सेल्स अधिकारियों के सैलरी स्ट्रक्चर में भी बदलाव का प्रस्ताव दिया है। इस महीने की शुरुआत में बायजू ने सेल्स कर्मचारियों के सैलरी में इन बदलावों की घोषणा की। बता दें कि पिछले महीने बायजू के भारत के सीईओ अर्जुन मोहन ने एक बड़े पुनर्गठन के बीच इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद संस्थापक और समूह सीईओ बायजू रवीन्द्रन ने कार्यभार संभाला और रेग्युलर वर्क को देख रहे हैं।

## ग्रे मार्केट में गदर मचा रहा टीबीओ टेक का आईपीओ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीबीओ टेक के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के पहले दिन 1.15 गुना सब्क्रिप्शन मिला। एनएसई के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 1,551 करोड़ रुपये के आईपीओ को 92,85,816 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 1,06,50,112 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) की श्रेणी को 3.13 गुना सब्क्रिप्शन मिला। वहीं, गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 2.08 गुना सब्क्रिप्शन मिला। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के कोटे को एक प्रतिशत सब्क्रिप्शन मिला।

## कॉलिन मनरो ने लिया संन्यास, टी20 विश्वकप टीम में जगह ना मिलने के बाद उठाया कदम



**वेलिंग्टन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज कॉलिन मनरो ने टी20 विश्वकप में जगह नहीं मिल पाने के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। मनरो पिछले चार साल से सिफ 'फ्रेंचाइज क्रिकेट खेल रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह आगे भी फ्रेंचाइज क्रिकेट खेलते रहेंगे। मनरो ने स्वयं को विश्वकप के लिए उपलब्ध बताया था। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने पिछले दिनों टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि मनरो के नाम की चर्चा तो हुई थी, लेकिन उनके लिए जगह नहीं बन पाई। उन्होंने 2020 के बाद कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। मनरो ने कहा, 'न्यूजीलैंड के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है और मुझे हमेशा इस पर गर्व रहेगा। मुझे उम्मीद थी कि फ्रैंचाइज क्रिकेट के फॉर्म से मैं टीम में वापस लौटूंगा, लेकिन चूंकि अब ऐसा नहीं होने वाला इसलिए मैं आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा करता हूं। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए एक टेस्ट, 57 एकदिवसीय और 65 टी-20 खेले हैं और उनके नाम वेस्टइंडीज के खिलाफ एक टी-20 मैच में शतक भी दर्ज है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 14 गेंदों में अर्धशतक लगाया था, जो कि राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

## मुंबई के कोच बने रहेंगे ओंकार साल्वी, संजय पाटिल मुख्य चयनकर्ता



**मुंबई (एजेंसी)।** ओंकार साल्वी रणजी ट्रॉफी विजेता मुंबई टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे जबकि संजय पाटिल को राजू कुलकर्णी की जगह चयन समिति का नया प्रमुख चुना गया है। कुलकर्णी अब मुंबई क्रिकेट संघ की क्रिकेट सुधार समिति के प्रमुख होंगे। एमसीए ने 2024-25 के लिए एक घोषणा में कहा कि पाटिल सीनियर पुरुष अंडर 23 चयन समिति के प्रमुख होंगे जिसमें रवि ठाकेर, जीतेंद्र ठाकरे, किरण पवार और विक्रांत येलिगाति भी शामिल होंगे। मुंबई और बड़ौदा के पूर्व क्रिकेटर राजेश पवार अंडर 23 पुरूष टीम के मुख्य कोच होंगे। दिनेश लाड पुरूषों की अंडर 19 टीम के मुख्य कोच होंगे जबकि दीपक जाधव अंडर 19 चयन समिति के प्रमुख होंगे। मुंबई की सीनियर महिला टीम की मुख्य कोच सुनेत्रा परांजपे होंगी जबकि अजय कदम अंडर 23 टीम के कोच होंगे। लाया फांसिस महिलाओं की सीनियर और अंडर 23 चयन समिति की प्रमुख होंगे। इसके सदस्यों में सीमा पुजारी, श्रृद्धा चव्हाण, शीतल साकरू और कल्पना कार्डोसो शामिल है। सर्वेश दामले महिला अंडर 19 टीम की मुख्य कोच और सुनीता सिंह मुख्य चयनकर्ता होंगी।

# लखनऊ सुपरजायंट्स ही नहीं, आईपीएल 2024 के बाद इन 4 टीमों के कप्तानों की भी छिन सकती है कप्तानी



**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स से केएल राहुल की विदाई तय दिख रही है। टीम के मालिक संजीव गोयनका ने कप्तान को हैदराबाद के खिलाफ शर्मनाक हार के बाद मैदान पर सरेआम झाड़ लगाई। इसके बाद से खबरें हैं कि टीम अपने कप्तान को अगले मैच से पहले ही हटा सकती है। हालांकि, वह इकलौती ऐसी टीम नहीं है, जो ऐसा करेगी। देखा जाए तो इस सीजन के बाद कई ऐसी टीमें हैं जो अपने कप्तान को अलविदा कह सकती हैं... आईपीएल 2024 एक अलग लेवल पर खेला जा रहा है। जहां पहली बार भारतीय क्रिकेट इतिहास के तीन बड़े खिलाड़ी एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा कप्तानी से बाहर हुए तो दूसरी ओर आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन होगा। अगले 10 साल के लिए टीमें अपने-अपने प्लान पर काम करना शुरू कर चुकी होंगी। एक ओर जहां पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं तो कुछ टीमें ऐसी हैं, जो बॉर्डर पर खड़ी हैं। इस बीच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शर्मनाक 10 विकेट की हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल को मालिक संजीव गोयनका के गुस्से का शिकार होना पड़ा। मैदान पर सरेआम केएल राहुल को डांट खाते देख जहां क्रिकेट बिरादरी और फैंस नाराज हो गए हैं तो दूसरी ओर खबरों की मानें तो कप्तानी से विकेटकीपर बल्लेबाज की विदाई तय है। संभव है कि अगले मैच से पहले ही इस पर फैसला हो जाए। मीडिया ने जब सभी टीमों पर नजर डालता है तो पाता है कि लखनऊ सुपरजायंट्स पर अगर खबरें सही हैं तो संभव है कि इस सीजन के दौरान या खत्म होते ही केएल राहुल का पत्ता कट जाएगा। उनके अलावा भी कई टीमें हैं, जो समय का इंतजार कर रही हैं। जैसे ही सीजन खत्म होगा वह भी अपने अगले प्लान पर काम करना शुरू कर देंगी।

**लखनऊ सुपरजायंट्स- केएल राहुल** - टीम के मालिक संजीव गोयनका का कप्तान केएल राहुल को गुस्से में डांटने का वीडियो जब से वायरल हुआ है उसके बाद से सोशल मीडिया पर कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिली है। फैंस की मांग है कि केएल राहुल को टीम और कप्तानी दोनों छोड़ देना चाहिए। इस बीच मीडिया में यह भी दावा किया गया कि इसी सीजन अगले मैच से पहले लखनऊ सुपरजायंट्स की कप्तानी में बदलाव संभव है। फिलहाल जो माहौल है उसे देखते ही इसी पूरी संभावना भी है कि केएल राहुल को टीम आईपीएल 2025 के लिए होने वाले मेगा ऑक्शन से पहले रिलीज कर दे।

**मुंबई इंडियंस- हार्दिक पंड्या** - मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 से पहले तक एक ऐसी टीम मानी जाती थी, जो प्लेयर में विश्वास रखती थी। हालांकि, रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाने के बाद हार्दिक पंड्या को लीडर की कुर्सी पर बिठाया, लेकिन इस पूरे मामले से न केवल मुंबई इंडियंस से फैंस नाराज हुए, बल्कि प्लेयर्स के बीच भी तालमेल नहीं दिखा। मीडिया में इस तरह की खबरें भी आई कि हार्दिक की कप्तानी से टीम के लोग खुश नहीं हैं। अब टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है तो संभव है कि मुंबई के मालिक हार्दिक पंड्या पर पुनर्विचार कर रहे हों। यह देखना दिलचस्प होगा कि फ्रेंचाइजी का अगला मूव क्या होगा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु- फाफ डु प्लेसिस** - फाफ डु प्लेसिस चेन्नई सुपर किंग्स से जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पहुंचे तो उन्हें विराट कोहली की जगह कप्तान बनाया गया, लेकिन अभी तक टीम के प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा है। टीम आज भी पहले आईपीएल खिताब के लिए जूझ रही है, जबकि फाफ डु प्लेसिस के बराबर उम्र के एबी डिविलियर्स रिटायर हो चुके हैं। अब जबकि टीम को अगले 10 साल के लिए एक मजबूत टीम तैयार करना है तो संभव है कि अगले कप्तान के रूप में फ्रेंचाइजी किसी और को आजमाए। आईपीएल के मेगा ऑक्शन से पहले ही इस पर फैसला आने की उम्मीद है।

**पंजाब किंग्स- शिखर धवन** - शिखर धवन जब आईपीएल 2024 में आए तो उनकी फॉर्म में कोई समस्या नहीं थी। उन्होंने दिल्ली के खिलाफ 22, बेंगलुरु के खिलाफ 45 और लखनऊ के खिलाफ 70 के बाद गुजरात और हैदराबाद के खिलाफ क्रमशः 1 और 14 रन की पारी खेली। यहां शिखर धवन चोटिल हो गए और उसके बाद से टीम के साथ नहीं खेल पाए। इस बीच पंजाब किंग्स रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शर्मनाक हार के बाद प्रीति जिंटा की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। इस दौरान सैम करन कप्तानी कर रहे थे। फ्रेंचाइजी इस विदाई के बाद अब 39 साल के शिखर धवन से आगे देख रही होगी।

# प्रीति जिंटा का दिल टूट गया, 0 पर आउट हुए लियाम लिविंगस्टोन तो उतर गया था चेहरा

**धर्मशाला (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स आईपीएल 2024 के प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई। आरसीबी ने उसे हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस जीत की बदौलत टीम 12 मैच में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर पहुंच गई। वहीं पंजाब किंग्स (08) का प्लेऑफ में पहुंचने का सपना, सपना ही रह गया क्योंकि टीम बचे हुए दो मैच जीतने के बावजूद 12 अंक तक ही पहुंच पाएगी। मैच में अपनी टीम को सपोर्ट करने पंजाब किंग्स की सह-मालकिन और बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा भी स्टेडिम में मौजूद रहीं। जब भी कैमरा उन पर फोकस होता वह एनिमेटेड नजर आती। कभी विराट कोहली के आउट होने पर खुश होती दिखी तो कभी अपनी टीम के विस्फोटक बल्लेबाज लियाम लिविंस्टोन के बिना खाता खोले आउट होने पर उनका चेहरा उतर गया।



दरअसल, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए स्वप्निल सिंह गोल्डन आर्म साबित हो रहे हैं। धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ बाएं हाथ के स्पिनर स्वप्निल ने पहले प्रभसिमरन सिंह और फिर लियाम लिविंगस्टोन को निपटा दिया। 12वें ओवर में स्वप्निल सिंह ने एक फ्लाइटेड ऑफ ब्रेक बॉल पर इंग्लिश बल्लेबाज को फंसाया। वह टर्न की तलाश में ऑन-साइड में शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन कवर्स की दिशा में कैच दे बैठे। अपनी दूसरी गेंद पर लिविंगस्टोन बिना खाता खोले चलते बने। यह 126 रन पर लगा पंजाब को पांचवां झटका था।

लियाम लिविंगस्टोन के विकेट ने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की गति को तोड़ दिया। इस विकेट के बाद प्रीति जिंटा की निराशा साफ देखी जा सकती थी। मैच की बात करें तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विराट कोहली और रजत पाटीदार के अर्धशतकों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब किंग्स को 60 रन से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीद बनाए रखी।

विराट कोहली की 47 गेंद में 92 रन की शानदार पारी आरसीबी को सात विकेट पर 241 रन के स्कोर तक पहुंचाने में अहम रही, जिन्होंने रजत पाटीदार (23 गेंद में 55 रन) के साथ 32 गेंद में 72 रन और कैमरन ग्रीन (27 गेंद में 46 रन) के साथ 46 गेंद में 92 रन की साझेदारी निभाई। पंजाब किंग्स के लिए राइली रूसो ने 27 गेंद में 61 रन की पारी खेली, लेकिन कर्ण शर्मा के दो झटकों से उनके विकेट पतन का सिलसिला शुरू हुआ और टीम 17 ओवर में 181 रन पर सिमट गई।

## क्या टीम इंडिया को मिलने वाला है विदेशी कोच, अलग-अलग फॉर्मेट के लिए क्या है बीसीसीआई का प्लान?

**मुंबई (एजेंसी)।** वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टीम को नया हेड कोच मिल सकता है। राहुल द्रविड़ साल 2021 में पहली बार टीम इंडिया के कोच बने थे, उन्होंने रवि शास्त्री की जगह ली थी। द्रविड़ का कार्यकाल दो साल का था, इसके बाद इसे बढ़ाकर टी 20 वर्ल्ड कप 2024 तक के लिए किया गया। अब जून में उनका कार्यकाल खत्म होने वाला है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि राहुल द्रविड़ को अगर टी-20 विश्व कप के बाद भी पद पर बने रहना है तो उन्हें फिर से आवेदन करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि नए कोच की नियुक्ति तीन साल के लिए होगी। शाह ने यहां बीसीसीआई कार्यालय में चुनिंदा मीडिया से कहा, 'हम अगले कुछ दिन में आवेदन मंगवाएंगे। भारतीय क्रिकेट में अलग-अलग फॉर्मेट के लिए अलग कोच रखने का चलन नहीं रहा है। इसके अलावा हमारे पास कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो सभी प्रारूपों में खेलते हैं जैसे ऋषभ पंत, विराट कोहली और रोहित शर्मा। यह फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति को लेना है। जो फैसला वह लेंगे, मैं उस पर अमल करूंगा। अगर वे कहेंगे कि विदेशी कोच चाहिए तो मैं दखल नहीं दूंगा। समिति में जतिन परांजपे, अशोक मल्होत्रा और सुलक्षणा नाईक हैं।

जय शाह ने कहा, राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म होने वाला है। उन्हें पद पर बने रहना है तो फिर से आवेदन करना होगा। हमें दीर्घकालिन कोच चाहिए, तीन साल के लिए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति के अध्यक्ष के रूप में ग्रेग बार्कले का कार्यकाल इस साल खत्म हो रहा है, लेकिन शाह ने यह नहीं बताया कि वह इस पद की दौड़ में हैं या नहीं। उन्होंने कहा, 'मुझे यहां बीसीसीआई में रहने दीजिए। अटकलें लगने दीजिए, लेकिन मुझे यहां रहने दीजिए। क्या मैं अच्छा काम नहीं कर रहा हूं।

## यह साबित करना होगा कि हम वास्तव में एक अच्छी टीम हैं : फाफ डु प्लेसिस

नईदिल्ली (एजेंसी)। प्लेऑफ की रेस में आरसीबी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ अहम मुकाबले को जीतकर खुद को बरकरार रखा है। मैच में आरसीबी ने पहले खेलते हुए विराट कोहली के 92 रन की बदौलत 241 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब की टीम 181 रन पर ही ऑल आऊट हो गई। पंजाब प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। वहीं, बेंगलुरु के पास प्लेऑफ के चांस होने पर टीम कप्तान डु प्लेसिस ने मैच के बाद कहा कि यह एक अच्छा खेल था। हमने पिछले 5-6 मैचों में 200 से अधिक का स्कोर बनाया है। हमारी बातचीत अच्छी रही, हम बार-बार वही गलतियां कर रहे थे। आज बल्ले से आक्रामकता की जरूरत थी। गेंदबाजी करते हुए हमने सिर्फ विकेट लेने के बारे में बात की।

डुप्लेसिस ने कहा कि गेंदबाजी विभाग में हमारे पास 6-7 विकल्प हैं। हमें थोड़े से भाग्य का साथ भी जरूरी है। टूर्नामेंट की शुरुआत में हमारे पास कुछ लोग थे जो विकेट और रन की तलाश में थे। लड़कों ने इसे बदलने का चरित्र दिखाया है। हर कोई रन बना रहा है और गेंदबाज विकेट ले रहे हैं। हमारे लिए खुद पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है। हम जिस शैली में खेलना चाहते हैं, उसी पर कायम रहना चाहते हैं, अगर हम ऐसा करते हैं तो यह साबित होगा कि हम वास्तव में एक अच्छी टीम हैं।

## मैं अपनी टीम के लिए स्ट्राइक रेट बनाए रखने की कोशिश कर रहा हूं : विराट कोहली

**धर्मशाला (एजेंसी)।** धर्मशाला के मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पंजाब किंग्स पर जीत में सबसे बड़ा योगदान विराट कोहली का रहा। कोहली ने 92 रन बनाए जिससे आरसीबी ने पहले खेलते हुए 241 रन बना दिए। पंजाब के लिए यह लक्ष्य बड़ा साबित हुआ और टीम 181 रन पर ही ऑल आऊट हो गई। कोहली प्लेयर आफ द मैच चुने गए। उन्होंने मैच के बाद कहा कि मेरे लिए यह अभी भी मात्रा से अधिक गुणवत्ता है। मेरे लिए यह वास्तव में अच्छा काम करता है। बस जो मैंने अतीत में किया है उसे दोहराने का प्रयास कर रहा हूं। अभी भी खेल के उन पहलुओं को बेहतर बनाने का लक्ष्य है जिनमें आप बल्लेबाज को लाना चाहते हैं। आज मैंने स्पिनरों के खिलाफ स्लॉगस्वीप निकाला। मैंने इसका अभ्यास नहीं किया था। मुझे पता है कि मैंने इसे अतीत में मारा है। मैं हमेशा स्पिन के खिलाफ ऐसा करने की कोशिश करता हूं।



कोहली ने कहा कि मैं जानता हूं कि मुझे जोखिम लेने की जरूरत है, इसके लिए थोड़े दृढ़ विश्वास की जरूरत है। मैं अपने और टीम के लिए स्ट्राइक रेट बनाए रखने की कोशिश कर रहा हूं। किसी टूर्नामेंट में आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका खुद के प्रति ईमानदार होना है। हमें अपने मोजे ऊपर खींचने की जरूरत थी। केकेआर के खिलाफ वह मैच बेहद खराब रहा। हम अपने आत्मसम्मान के लिए खेलना चाहते थे। हम वहां जाकर इस तरह से नहीं खेल सकते और अपने प्रशंसकों को निराश नहीं कर सकते। आत्मविश्वास वापस आ गया है और हम प्रगति पर हैं। हमें कई अन्य कारकों पर निर्भर रहना होगा। वीरवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में विराट ने 92 रन बनाकर अपनी टीम को 241 रन तक पहुंचा दिया। विराट 11 साल बाद नर्वस नाइंटीज का शिकार हुए हैं। इससे पहले साल 2013 में दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में विराट कोहली 99 रन पर आऊट हो गए थे।

## बहुत निराश हूं, प्रशंसकों से माफी मांगता हूं, हम लड़ते रहेंगे : सैम कुरेन

**धर्मशाला (एजेंसी)।** धर्मशाला के मैदान पर पंजाब किंग्स का खराब रिकॉर्ड आखिरी मुकाबले में भी जारी रहा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मैदान पर पंजाब ने अपना आखिरी मुकाबला 60 रन से गंवा लिया। इसी के साथ वह इस सीजन में प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर हो गई है। पंजाब ने 12 में से 8 मैच गंवाए हैं। वहीं, आरसीबी के पास अभी भी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद है। बहरहाल, पंजाब किंग्स के खराब प्रदर्शन के बावजूद कप्तान सैम कुरेन पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान काफी पॉजीटिव दिखे। उन्होंने कहा कि पूरे सीजन में हमने बहुत सारे सकारात्मक संकेत देखे लेकिन दुर्भाग्य से लाइन पर पहुंचने के लिए यह पर्याप्त नहीं हैं।

सैम ने कहा कि हम जानते थे कि बाकी टूर्नामेंट के लिए हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ है और हम टीम के लिए निराश महसूस कर रहे हैं। हमें अपना सिर ऊंचा रखना होगा, सीखते रहना होगा और बेहतर बनते रहना होगा। वास्तव में लोगों के एक बड़े समूह का नेतृत्व करने में आनंद आया, कुछ और जीतें पसंद आतीं। हमने कुछ ऊंचाइयां हासिल कीं और कुछ रिकॉर्ड रन-चेज भी किए। बहुत निराशा है और प्रशंसकों से माफी मांगता हूं, हम लड़ते रहेंगे।

## इंपैक्ट प्लेयर नियम पर बोले बीसीसीआई सचिव जय शाह

# यह अभी स्थाई नहीं है...

**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे।

शाह ने यहां बीसीसीआई कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा, 'इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू



किया गया था। वैसे इससे दो भारतीय खिलाड़ियों को खेलने का अतिरिक्त मौका मिल रहा है। क्या यह महत्वपूर्ण नहीं है। खेल भी और प्रतिस्पर्धी हो रहा है। शाह ने कहा कि टी20 विश्व कप के बाद सभी पक्ष मिलकर इस पर बात करेंगे। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को लगता है कि यह सही नहीं है तो हम इस पर बात करेंगे। अभी तक किसी ने ऐसा कुछ कहा नहीं है। आईपीएल और विश्व कप के बाद बैठक में तय किया जाएगा।

उन्होंने कहा, 'विश्व कप के बाद हम खिलाड़ियों, टीमों और प्रसारकों से मिलकर भविष्य के बारे में फैसला लेंगे। यह स्थायी नियम नहीं है और मैं यह भी नहीं कह रहा कि हम इसे खत्म कर देंगे। शाह ने यह भी कहा कि टी20 विश्व कप खेलने जा रहे भारतीय आईपीएल खिलाड़ियों को आराम की जरूरत नहीं है क्योंकि प्रतिस्पर्धा ही सर्वश्रेष्ठ तैयारी होती है।

उन्होंने कहा, 'आराम की क्या जरूरत है। यह अभ्यास सत्र की तरह ही है। इससे बेहतर तैयारी क्या हो सकती है। आपके सामने बेहतरीन टीम है जिसमें एक गेंदबाज न्यूजीलैंड का, एक ऑस्ट्रेलिया का, एक श्रीलंका का है। अगर हम एक गेंदबाज को आराम देते हैं तो उसे ट्रेविस हेड को गेंदबाजी का मौका नहीं मिलेगा। जब जसप्रीत बुमराह उसे गेंदबाजी करेगा तो ही समझ में आयेगा कि उसे कैसे गेंद डालनी है।

शाह ने यह भी कहा कि बोर्ड का फोकस महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए मैचों की संख्या बढ़ाने पर भी है। उन्होंने कहा, 'महिला क्रिकेट का ख्याल भी पुरूष क्रिकेट की तरह रखा जा रहा है। बांग्लादेश में विश्व कप होना है और हम द्विपक्षीय श्रृंखलाएं भी खेल रहे हैं।

## जय शाह ने कहा, द्रविड़ को मुख्य कोच पद पर बने रहना है तो फिर से आवेदन करना होगा

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को अगर टी20 विश्व कप के बाद भी पद पर बने रहना है तो उन्हें फिर से आवेदन करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि नए कोच की नियुक्ति तीन साल के लिए होगी। द्रविड़ का करार शुरू में दो साल का था लेकिन उन्हें और सहयोगी स्टाफ को नवंबर में 50 ओवरों के विश्व कप के बाद कार्यकाल में विस्तार दिया गया। शाह ने यहां बीसीसीआई कार्यालय में कहा, 'हम अगले कुछ दिन में आवेदन मंगवाएंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म होने वाला है। उन्हें पद पर बने रहना है तो फिर से आवेदन करना होगा। हमें दीर्घकालिन कोच चाहिए, तीन साल के लिए। उन्होंने यह भी कहा कि अलग-अलग प्रारूपों के लिए अलग कोच रखने का चलन नहीं रहा है लेकिन अंत में फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति को लेना है। समिति में जतिन परांजपे, अशोक मल्होत्रा और सुलक्षणा नाईक हैं। शाह ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट में अलग अलग प्रारूपों के लिए अलग कोच रखने का चलन नहीं रहा है। इसके अलावा हमारे पास कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो सभी प्रारूपों में खेलते हैं जैसे ऋषभ पंत, विराट कोहली और रोहित शर्मा। उन्होंने कहा, 'यह फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति को लेना है। जो फैसला वह लेंगे, मैं उस पर अमल करूंगा। अगर वे कहेंगे कि विदेशी कोच चाहिए तो मैं दखल नहीं दूंगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति के अध्यक्ष के रूप में ग्रेग बार्कले का कार्यकाल इस साल खत्म हो रहा है लेकिन शाह ने यह नहीं बताया कि वह इस पद की दौड़ में हैं या नहीं। उन्होंने कहा, 'मुझे यहां बीसीसीआई में रहने दीजिए। अटकलें लगने दीजिए लेकिन मुझे यहां रहने दीजिए। क्या मैं अच्छा काम नहीं कर रहा हूं।

# अब अरावली रेंज में खनन के नए पट्टों के लिए सुप्रीम कोर्ट की अनुमति जरूरी

## सुप्रीम कोर्ट ने उठाया सख्त कदम; कमेटी गठित करने का दिया निर्देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अरावली रेंज में बढ़ते खनन पर रोक लगाने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसला दिया। अब राज्यों को अरावली रेंज में खनन के नए पट्टे देने अथवा पुराने पट्टों के नवीनीकरण के लिए सुप्रीम कोर्ट से अनुमति लेनी होगी। कोर्ट ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान व गुजरात में फैली अरावली रेंज को परिभाषित करने के लिए वन मंत्रालय के सचिव की अगुवाई में कमेटी बनाने का भी निर्देश दिया।

यह कमेटी दो महीने के भीतर कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। अब मामले की अगली सुनवाई अगस्त में होगी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस अभय एस ओका की पीठ ने अरावली रेंज में बढ़ते खनन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया। इस दौरान शीर्ष अदालत ने राजस्थान सरकार की ओर से अरावली रेंज में खनन को लेकर तय की गई नीति पर भी सवाल उठाए।



### कमेटी दो महीने के भीतर दे अपनी रिपोर्ट

पीठ ने कहा कि कमेटी में चारों राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ भारतीय वन सर्वेक्षण व भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण के भी प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। कोर्ट ने कमेटी को दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देने को कहा है। इसके साथ ही पीठ ने अरावली रेंज में खनन के लिए चारों राज्यों को एक जैसे मानक तैयार करने के निर्देश दिए। मौजूदा समय में अरावली रेंज से जुड़े दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान व गुजरात में खनन को लेकर अलग-अलग नियम है।

### सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन की मंजूरी

राजस्थान सरकार की नीति के तहत सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन की मंजूरी दी जा रही है। कोर्ट ने कहा कि जब ऊंची पहाड़ियों के आसपास की निचली पहाड़ियों को काट दिया जाएगा, तो ऊंची पहाड़ियों अपने आप खत्म हो जाएगी। हालांकि कोर्ट ने न्याय मित्र व वरिष्ठ अधिवक्ता एडीएन राव की खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने की मांग को खारिज कर दिया और कहा कि खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने से अवैध खनन बढ़ेगा। कोर्ट ने चारों राज्यों में फैली अरावली रेंज को परिभाषित करने का भी निर्देश दिया और वन मंत्रालय के सचिव की अगुवाई में कमेटी गठित करने का आदेश दिया।

# प्रज्वल के खिलाफ कोई भी पीड़िता नहीं पहुंची शिकायत दर्ज कराने, महिला आयोग के सामने आए कई महत्वपूर्ण निष्कर्ष



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) में शिकायत दर्ज कराने के लिए कोई भी पीड़िता आगे नहीं आई। एक महिला शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे जदएस नेता के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया गया था। महिला आयोग ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों द्वारा समय पर कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करने से कई महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आए हैं। इसने कहा कि मामले की गहन जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआइटी) समिति का गठन किया गया है।

### एसआइटी नहीं कर रही है निष्पक्ष जांच

कुमारस्वामीजदएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ जांच कर रही एसआइटी रास्ते से भटक रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा वह चाहते हैं कि दोषियों को कानून के अनुसार सजा मिले, उन्होंने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा गठित एसआइटी की जांच की प्रगति पर सवाल उठाए। कुमारस्वामी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि मुझे हर रोज आप सभी को संबोधित करना पड़ रहा है। कुछ सरकारी अधिकारियों के निर्णय और आदेश संदिग्ध हैं। उन्होंने कहा कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। अगर किसी ने गलत किया है तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी।

### सीबीआइ जांच की सिफारिश करने की हुई मांग

वहीं, जदएस ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत को ज्ञापन सौंपकर प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों की सीबीआइ जांच की सिफारिश करने की मांग की। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाली पार्टी ने दावा किया कि मामले की जांच कर रही एसआइटी से निष्पक्ष जांच की उम्मीद करना असंभव है, क्योंकि यह राज्य सरकार द्वारा प्रभावित और गुमराह किया जा रहा है।

### तीन हजार वीडियो के प्रसार के पीछे मास्टरमाइंड

पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार प्रज्वल द्वारा कथित तौर पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने के लगभग तीन हजार वीडियो के प्रसार के पीछे मास्टरमाइंड हैं। उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वे मुख्यमंत्री सिद्दरमैया को उप मुख्यमंत्री को कैबिनेट से हटाने की सलाह दें।

### सुनवाई 13 मई तक के लिए स्थगित

वहीं, बेंगलुरु की की विशेष अदालत ने अपहरण के मामले में जदएस विधायक एचडी रेवन्ना की जमानत याचिका पर सुनवाई 13 मई तक के लिए स्थगित कर दी। राष्ट्रीय महिला आयोग ने प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित अश्लील वीडियो मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। एनसीडब्ल्यू ने एक बयान में कहा कि हालिया घटनाक्रम ने उसे तेज और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया है। एनसीडब्ल्यू ने राज्य के डीजीपी को पत्र लिखकर मामले में तीन दिनों के भीतर तत्काल कार्रवाई और जवाबदेही तय करने का आग्रह किया है।

### महिला के अपहरण के मामले में चार और लोग हिरासत में

प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के मामलों की जांच के लिए एसआइटी ने एक महिला के अपहरण के मामले में चार और लोगों को हिरासत में लिया है। एसआइटी ने प्रज्वल के पिता और होलेनरसीपुरा के विधायक एच डी रेवन्ना को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है, जो परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले में रेवन्ना की भूमिका का पता लगाने के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। ये चारों मैसूरु के कृष्णराजनगर के रहने वाले हैं।

# दिल्लीवालों के लिए एक दिन मुफ्त रहेगी रैपिडो की सवारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्लीवालों के लिए गुड न्यूज है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में नई पहल की जा रही है, जिसके तहत 25 मई को मतदान करने के बाद लोगों को घर तक जाने के लिए दोपहिया वाहन की सुविधा निशुल्क मिलेगी। इसके लिए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति और बाइक राइड-शेयरिंग कंपनी रैपिडो अधिकारियों के बीच गुरुवार को सहमति बन गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की तरफ से जानकारी दी गई है कि दिल्ली में रैपिडो के पास करीब आठ लाख बाइक हैं, जो मतदान के दिन लोगों को बूथ से घर तक छोड़ने में मदद करेंगी। कंपनी मतदान के दिन दिल्ली से सटे बाकी शहरों में उपलब्ध अपनी बाइकों का भी राजधानी में उपयोग कर सकती है, ताकि मतदाताओं को घर जाने के लिए आसानी से बाइक उपलब्ध हो सके।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कहना है, हमारी कोशिश है कि दिल्ली में मतदान प्रतिशत बढ़े, जिसके लिए तमाम स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें रैपिडो बाइक सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास भी शामिल है।

**पहले लाने की भी थी योजना–** बताया जा रहा है कि पहले सीईओ कार्यालय चाहता था कि घर से मतदान केंद्र तक लाने और फिर मतदान केंद्र से घर तक मतदाताओं को छोड़ने की सुविधा प्रदान की जाए। कुछ अधिकारियों ने तर्क दिया कि घर से मतदान केंद्र तक मतदाता को ले जाते वक्त किसी भी तरह से वोटर को प्रभावित कर अपने पक्ष में मतदान करने का प्रयास किसी पार्टी, प्रत्याशी और उनके समर्थक द्वारा किया जा सकता है।इसलिए मतदान के बाद बाइक की सुविधा प्रदान की जाए, जिस पर सहमति बनने के बाद अंतिम निर्णय लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### चेन्नई में देश की पहली सफल रोबोटिक साइटोरडक्टिव सर्जरी सफल



**चेन्नई।** चेन्नई के अपोलो कैंसर सेंटर (एसीसी) के कैंसर रोग विशेषज्ञों ने अपेंडिक्स कैंसर स्यूडोमाइक्सोमा पेरिटोनी (पीएमपी) के लिए हाइपरथर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरेपी (एचआइपीईसी) के साथ भारत की पहली रोबोटिक साइटोरडक्टिव सर्जरी (सीआरएस) सफलतापूर्वक की।

साइटोरिडक्टिव सर्जरी (सीआरएस) एक सर्जिकल प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य ट्यूमर वाले रोगियों के पेट में फैलने वाली कैंसर कोशिकाओं को कम करना है।

**10 लाख लोगों में से दो लोगों में होती है स्यूडोमाइक्सोमा पेरिटोनी–** स्यूडोमाइक्सोमा पेरिटोनी एक दुर्लभ बीमारी है और यह 10 लाख लोगों में से महज दो लोगों में होती है। 51 वर्ष की एक महिला रोगी के गर्भाशय में गांठ थी। इस पर उसके गर्भाशय, अंडाशय, अपेंडिक्स और ओमेंटम के हिस्से को हटाने सहित व्यापक सर्जरी की गई थी।

### दुबई से भारतीय यात्रियों को लेकर जमैका पहुंचा विमान वापस भेजा गया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कई भारतीय यात्रियों को लेकर दुबई से उड़ान भरने वाले चार्टर्ड विमान को जमैका की राजधानी किंग्स्टन से वापस भेज दिया गया, क्योंकि स्थानीय अधिकारी यात्रियों के दस्तावेजों से संतुष्ट नहीं थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि फ्लाइट और यात्रियों को दुबई लौटने का आदेश दिया गया था और वे सात मई को किंग्स्टन से रवाना हुए थे।

**विदेश मंत्रालय ने क्या कहा–** प्रवक्ता ने कहा कि हम समझते हैं कि भारतीयों के साथ जर्मनी पंजीकृत एक चार्टर्ड उड़ान पर्यटन उद्देश्यों के लिए दो मई को दुबई से किंग्स्टन पहुंची थी। उनके पास पहले से होटल बुकिंग थी। स्थानीय अधिकारी पर्यटक के रूप में उनसे संतुष्ट नहीं थे। उड़ान और यात्रियों को मूल स्थान-दुबई लौटने का आदेश दिया गया। यात्री सात मई को किंग्स्टन से चले गए।

**उड़ान में सवार थे 253 लोग–** जमैका आब्जर्वर की रिपोर्ट में कहा गया है कि उड़ान में 253 विदेशी सवार थे और सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें प्रवेश देने से मना कर दिया था। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय अधिकारी सुरक्षा खतरों और कानून के संभावित उल्लंघनों के लिए नियमित रूप से यात्री उड़ानों की जांच करते हैं।

### एनसीआर के बाद अब दिल्ली में भी दौड़ेगी नमो भारत, चार टनल तैयार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नमो भारत ट्रेन मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलने के बाद इस साल के अंत तक दिल्ली में दौड़ेगी। एनसीआरटीसी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। आरआरटीएस का प्राथमिक खंड साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक 17 किलोमीटर लंबा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्तूबर 2023 में इस खंड का उद्घाटन किया था। इसके बाद मार्च 2024 से 17 किलोमीटर लंबे और खंड को शुरू किया गया।

वर्तमान में यात्रियों के लिए 34 किलोमीटर लंबे खंड पर ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। एनसीआरटीसी ने मेरठ दक्षिण स्टेशन तक ट्रेन को यात्रियों के लिए चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। मोदीनगर नॉर्थ स्टेशन से ट्रेन मेरठ दक्षिण स्टेशन तक और चलेगी। इसके लिए सिस्टम अपग्रेड कर दिया है। फिलहाल ट्रेन को ट्रायल के लिए चलाया जा रहा है। इस माह के अंत तक ट्रेन मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलेगी। इस तरह ट्रेन 42 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर चलेगी।

**दिल्ली-गाजियाबाद के भूमिगत खंड में चार सुरंग तैयार–** दिल्ली और गाजियाबाद के भूमिगत खंड में चार सुरंग हैं। चारों सुरंग का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। दो सुरंग आनंद विहार स्टेशन से न्यू अशोक नगर स्टेशन की दिशा में बनाई हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम ने गाजियाबाद खंड में सुरंग बनने के बाद उससे बाहर निकलने के लिए रैंप का निर्माण भी पूरा कर लिया है।

# रूस की विक्ट्री-डे परेड का जश्न

## 9 हजार सैनिक, 70 टैंक शामिल; पुतिन बोले- पश्चिमी देश दूसरे विश्व युद्ध के सबक भूल गए

**मास्को , एजेंसी।** रूस में 79वां विक्ट्री डे मनाया गया। इसी दिन सोवियत यूनियन ने वर्ल्ड वॉर 2 में नाजी जर्मनी को हराया था। पुतिन क्रेमलिन से रेड स्क्वायर पहुंचे, जहां परेड का आयोजन किया गया। पुतिन ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि रूस दुनिया में हो रही जंग को बढ़ावा नहीं देना चाहता, लेकिन कोई भी हमें धमका नहीं सकता। उन्होंने पश्चिमी देशों को चेताते हुए कहा कि रूस की सेना हर समय जंग के लिए तैयार है।



विक्ट्री डे परेड में 9 हजार से ज्यादा सैनिकों ने हिस्सा लिया। इसमें यूक्रेन में लड़ चुके हैं सैनिक भी शामिल हुए। परेड में 70 से ज्यादा टैंक और बख्तर बंद गाड़ियां दिखाई दी। इसमें वर्ल्ड वॉर 2 में यूज हुआ ज्ञ-34 टैंक के साथ इस्कंदर-एम बैलिस्टिक मिसाइल, एस-400 एयर एयर डिफेंस सिस्टम और यार्स इटरकॉटिनल बैलिस्टिक मिसाइल शामिल थी।

पिछले साल खराब मौसम के चलते फ्लाईबाई को रद्द कर दिया गया है। ये परेड ऐसे समय में हो रही है, जब रूस को यूक्रेन से जंग में कड़ी टक्कर मिल रही है। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुताबिक, जंग में अब तक रूस के 1 लाख सैनिक मारे जा चुके हैं।

**रूस-यूक्रेन के बीच 2 साल से ज्यादा समय से जंग जारी–** 24 फरवरी 2024 को दो साल पूरे रूस-यूक्रेन जंग को हो गए थे। 2 साल पहले इसी दिन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ?ने यूक्रेन पर हमला किया था। पुतिन ने उस समय इसे मिलिट्री ऑपरेशन बताया था। इस हमले में अब तक 40 लाख से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को देश छोड़ना पड़ा है। ये लोग अब अन्य देशों में रिफ्यूजी की तरह रह रहे हैं। 65 लाख से ज्यादा यूक्रेनी देश में ही बेघर हो गए हैं। यूक्रेन के 10 हजार आम नागरिकों की मौत हुई है, जबकि 18,500 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन का दावा है कि रूस 3.92 लाख सैनिक गंवा चुका है। इस बीच अमेरिका ने रूस की 500 रूसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए था। इधर, रूस ने भी यूरोपियन यूनियन की कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए थे।

**पुतिन के भाषण के 4 अहम पॉइंट्स–** पश्चिमी देश वर्ल्ड वॉर 2 के सबक को भूल रहे हैं। हमें याद है कि तब मॉस्को, लेनिनग्राद, रेजेव, स्टेलिनग्राद, कुर्स्क, खार्किव कीव और क्रीमिया तक खूनी लड़ाई लड़ी गई थी। नाजी जर्मनी ने बिना शर्त रात 11-01 आत्मसमर्पण किया था।

पुतिन ने चीन के लोगों की जापान के खिलाफ लड़ाई को भी याद किया। पुतिन ने कहा कि देश मुश्किल दौर से गुजर रहा। हमारी मातृभूमि का भविष्य हम पर निर्भर है। अभिमान से भरे पश्चिमी देश दुनिया को जंग में धकेलने की कोशिश कर रहे हैं। रूस ऐसा नहीं होने देगा। हमारे परमाणु हथियार हमेशा इस्तेमाल के लिए तैयार हैं।

# अमेरिका में भारतीय छात्र लापता, पुलिस के संपर्क में है भारत का महावाणिज्य दूतावास

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका में पढ़ना एक सपना रहा है, लेकिन बीते कुछ समय से यह सपना बुरे सपने में बदलता जा रहा है। दरअसल अमेरिका में लगातार भारतीय छात्रों के गायब होने या हत्या होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। अब एक बार फिर अमेरिका के शिकागो से एक भारतीय छात्र लापता हुआ है। छात्र की पहचान रुपेश चंद्रा चिंताकिंदी के रूप में हुई है, जो कि बीती 2 मई से लापता है।



**भारत के महावाणिज्य दूतावास ने जारी किया बयान–** शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया है कि वह पुलिस और अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय के संपर्क में है। महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि महावाणिज्य दूतावास भारतीय छात्र रुपेश चंद्रा के लापता होने की खबर सुनकर बेहद चिंतित है। दूतावास लगातार भारतीय समुदाय और पुलिस के संपर्क में है और उम्मीद है कि जल्द ही रुपेश का पता चल जाएगा। शिकागो पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें रुपेश के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो उसे पुलिस के साथ साझा करें। रुपेश बीती 2 मई से शिकागो के 4300 ब्लॉक से एन शेरिडान रोड से लापता है। गौरतलब है कि इससे पहले मार्च में भी एक भारतीय छात्र लापता हो गया था, जिसका अप्रैल में शव बरामद हुआ था। हैदराबाद के रहने वाले मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव ओहायो के क्लीवलैंड से बरामद किया गया था। अरफात क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर की डिग्री की पढ़ाई करने अमेरिका गया था। हाल के दिनों में अमेरिका में भारतीय छात्रों की मौत की घटनाएं बढ़ गई हैं। अप्रैल में एक भारतीय छात्र उमा सत्य साई गड्डे की भी मौत हो गई थी, जिसकी जांच चल रही है। इससे पहले फरवरी में एक भारतीय छात्र पर हमला हुआ था। इस साल अमेरिका में 11 भारतीय छात्रों की विभिन्न कारणों से मौत हो चुकी है। ऐसे में अमेरिका में भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

# सभी ग्लेशियर खोने वाला पहला देश बन सकता है वेनेजुएला, रिपोर्ट में हुए चौंकाने वाले खुलासे

**वेनेजुएला , एजेंसी।** आधुनिक इतिहास में वेनेजुएला ऐसा पहला देश हो सकता है जिसने अपने सभी ग्लेशियर खो दिए हैं, क्योंकि जलवायु वैज्ञानिकों ने इसके अंतिम ग्लेशियर को बर्फ के मैदान में बदल दिया है। इंटरनेशनल क्रायोस्फीयर क्लाइमेट इनिशिएटिव (आईसीसीआई), एक वैज्ञानिक वकालत संगठन ने एक्स पर कहा कि दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र का एकमात्र शेष ग्लेशियर - हम्बोल्ट, या ला कोरोना, एंडीज में - ग्लेशियर के रूप में वर्गीकृत होने के लिए बहुत छोटा हो गया था। पिछली शताब्दी में वेनेजुएला ने कम से कम छह अन्य ग्लेशियर खो दिए हैं।

जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक औसत तापमान बढ़ने के साथ लगातार ग्लेशियर पिघल रहे हैं। जिससे दुनिया भर में समुद्र का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। डरहम विश्वविद्यालय के ग्लेशियोलॉजिस्ट डॉ. कैरोलिन क्लासन ने बताया, 2000 के दशक के बाद से आखिरी वेनेजुएला ग्लेशियर पर ज्यादा बर्फ नहीं जमी है। अब इसे जोड़ा नहीं जा रहा है, इसलिए इसे बर्फ क्षेत्र के रूप में पुनः वर्गीकृत किया गया है। मार्च में कोलंबिया में लॉस एंडीज़ विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एएफपी को बताया कि ग्लेशियर 450 हेक्टेयर से घटकर केवल दो हेक्टेयर रह गया है। विश्वविद्यालय के पारिस्थितिकीविज्ञानी लुइस डैनियल लाम्बी ने गार्जियन को बताया कि अब यह उससे भी कम हो गया है। हालांकि ग्लेशियर के रूप में योग्य होने के लिए बर्फ के एक टुकड़े के न्यूनतम आकार के लिए कोई वैश्विक मानक नहीं है, अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण का कहना है कि आम तौर पर स्वीकृत दिशानिर्देश लगभग 10 हेक्टेयर है।



2020 में प्रकाशित एक अध्ययन में सुझाव दिया गया कि 2015 और 2016 के बीच कभी-कभी ग्लेशियर इससे भी कम सिकुड़ गया। 2018 में नासा द्वारा इसे अभी भी वेनेजुएला का आखिरी ग्लेशियर माना गया था। आईसीसीआई और इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट के ग्लेशियोलॉजिस्ट डॉ. जेम्स किर्कम और डॉ. मिरियम जैक्सन ने बताया कि ग्लेशियोलॉजिस्ट ग्लेशियर को एक बर्फ के द्रव्यमान के रूप में पहचानते हैं जो अपने वजन के तहत विकृत हो जाता है। उन्होंने बताया, ग्लेशियोलॉजिस्ट अक्सर सामान्य परिभाषा के रूप में 0.1 वर्ग किमी [10 हेक्टेयर] के मानदंड का उपयोग करते हैं, लेकिन उस आकार से ऊपर के किसी भी बर्फ द्रव्यमान को अभी भी अपने वजन के तहत विकृत होना पड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि हाल के वर्षों में हम्बोल्ट ग्लेशियर तक पहुँचने में समस्याएँ हो सकती हैं, जिससे माप के प्रकाशन में देरी हो सकती है।

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में पृथ्वी प्रणाली विज्ञान के प्रोफेसर मार्क मसलिन ने कहा कि हम्बोल्ट जैसा बर्फ का मैदान लगभग दो फुटबॉल पिचों के क्षेत्रफल के बराबरग्लेशियर नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129